राष्ट्रीय दैनिक अख़बार

भारत के सभी राज्यों से जिला ब्यूरो चीफ, रिपोर्टर विज्ञापन प्रभारी जुड़ने के लिए संपर्क करे

संपर्क सूत्र -
बिहार, झारखण्ड - +91 7764978689
उत्तर प्रदेश - +91 9625958256
अन्य राज्य - 8804707324 , 9625958256

दैनिक
# शुभ भास्कर
हर कदम आपके साथ...

झांसी उत्तर प्रदेश, उदयपुर, राजस्थान, मध्यप्रदेश, भोपाल, बिहार, दरभंगा, पटना, भागलपुर, सिलीगुड़ी, रांची, झारखंड से एक साथ प्रकाशित

• वर्ष : 1 • अंक : 173 • नई दिल्ली, शनिवार 30 सितम्बर 2023 • पृष्ठः 12 • मूल्य : 04 रुपये RNIUP HIN/2015/64737




3 जीविका द्वारा आयोजित रोजगार सह मार्गदर्शन मेला का ...

# भारत-कनाडा विवाद पर दोनों देशों के विदेश मंत्रियों ने साधी चुप्पी

**एजेंसी। वाशिंगटन**

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन से मुलाकात की है। इस दौरान दोनों ने अनेक मुद्दो पर चर्चा की लेकिन दोनों पक्ष भारत और कनाडा के बीच जारी राजनयिक संकट से प्रत्यक्ष अथवा परोक्ष असर पर चुप्पी साधे रहे। अमेरिकी विदेश मंत्री ने इस संकट के संबंध में पूछे गए एक प्रश्न का उत्तर देने से इनकार कर दिया। गौरतलब है कि बताचीत में दोनों नेता भारत और अमेरिका के बीच रक्षा, अंतरिक्ष और स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में सहयोग जारी रखने पर सहमत हुए। जयशंकर पांच दिन की वाशिंगटन यात्रा पर हैं। हाल में भारत में हुए जी-20 शिखर सम्मेलन के बाद दोनों देशों के बीच यह पहली उच्च स्तरीय बातचीत है। विदेश मंत्री ने एस जयशंकर ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि अमेरिका के विदेश मंत्री ब्लिंकन से विदेश मंत्रालय में मुलाकात करके अच्छा लगा। कई मुद्दों पर चर्चा हुई, प्रधानमंत्री की जून में हुई यात्रा पर बनी सहमतियों पर चर्चा की, वैश्विक विकास पर भी विचार-विमर्श हुआ। उन्होंने यह भी कहा कि जल्द ही होने वाली 'टू



प्लस टू' बैठक के संबंध में रूपरेखा तैयार की। उधर अमेरिकी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने कहा कि दोनों शीर्ष राजनयिकों ने कई मुद्दों पर चर्चा की, जिसमें भारत की जी20 की अध्यक्षता के दौरान सामने आए मुख्य नतीजे, भारत-पश्चिम एशिया-यूरोप आर्थिक गलियारे का निर्माण और इसकी पारदर्शी, टिकाऊ एवं उच्च-मानक बुनियादी ढांचा निवेश उत्पन्न करने की क्षमता से जुड़ी बातचीत शामिल है। विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा कि भारत 'टू प्लस टू' वार्ता के पांचवें संस्करण की मेजबानी करेगा। हालांकि, उन्होंने इन बैठकों की तारीख के बारे में कोई जानकारी नहीं दी। अनुमान है कि नवंबर की शुरुआत में ये बैठकें आयोजित की जाएंगी। वार्ता में अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल की अगुवाई ब्लिंकन और रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन करेंगे। वहीं, भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व जयशंकर और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह करेंगे।

## भारत से कनाडा रखना चाहता है घनिष्ठ संबंधः जस्टिन ट्रूडो

**मॉन्ट्रियल**। खालीस्तानी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के बाद से चल रही तनातनी के बीच कनाडा के राष्ट्रपति जस्टिन ट्रूडो ने कहा है कि कनाडा अभी भी भारत के साथ घनिष्ठ संबंध बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। दुनिया भर में भारत के बढ़ते असर की ओर इशारा करते हुए ट्रूडो ने कहा कि यह 'बेहद महत्वपूर्ण' है कि कनाडा और उसके सहयोगी भारत के साथ जुड़े रहें। कल मॉन्ट्रियल में एक प्रेस



कांफ्रेंस में ट्रूडो ने कहा कि उन्हें लगता है कि यह बेहद जरूरी है कि कनाडा और उसके सहयोगी विश्व मंच पर भारत के बढ़ते महत्व को देखते हुए उसके साथ रचनात्मक और गंभीरता से जुड़े रहें। जस्टिन ट्रूडो ने कहा कि 'भारत एक बढ़ती आर्थिक शक्ति और महत्वपूर्ण भू-राजनीतिक खिलाड़ी है। जैसा कि हमने पिछले साल अपनी इंडो-पैसिफिक रणनीति पेश की थी, हम भारत के साथ घनिष्ठ संबंध बनाने को लेकर बहुत गंभीर हैं। इसके साथ ही जाहिर तौर पर कानून के शासन वाले देश के रूप में हम इस बात पर जोर देते हैं कि भारत को यह सुनिश्चित करने के लिए कनाडा के साथ काम करने की जरूरत है कि हमें इस मामले के पूरे तथ्य मिलें।' ट्रूडो ने यह भी कहा कि उन्हें अमेरिका से भरोसा मिला है कि विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर के साथ बैठक के दौरान निज्जर की हत्या में भारत की भूमिका के बारे में सार्वजनिक रूप से लगाए गए आरोपों को उठाएंगे।जस्टिन ट्रूडो ने कहा कि 'अमेरिका ने भारत सरकार से बात करने में हमारा साथ दिया है।

## संक्षिप्त समाचार

### जान की बाजी लगाकर अवैध नर्सिंग होम में इलाज को जाते है लोग, जागरूकता की हैं जरूरत-डॉ० संतोष सिंह कुशवाहा



**हरलाखी**। प्रखण्ड की जनता को जागरूक होने की जरूरत है. यहां के लोग जान की बाजी लगाकर अवैध नर्सिंग होम में विभिन्न प्रकार का ऑपरेशन कराने जाते हैं, जिस कारण मोटी रकम खर्च तो होता ही है उसके अलावे आए दिन उन अवैध नर्सिंग होम में जच्चा बच्चा की मौत होती रहती है. उक्त बातें उमगांव स्थित अपने कार्यालय में प्रेसवार्ता के दौरान डॉ संतोष सिंह कुशवाहा ने कही. उन्होंने कहा कि जब बाजार से आलू प्याज लेते वक्त हमलोग चुनकर लेते है, फिर आँख बंद कर लोग अवैध नर्सिंग होम में क्यों चले जाते है. कहा कि जनता को अपने और अपने परिवार के खातिर जागरूक होने की जरूरत है. उन्होंने हरलाखी के छह अवैध नर्सिंग होम को बंद के आदेश के बावजूद उन संचालकों द्वारा खुला रखने पर खेद प्रकट करते हुए कहा कि जिला प्रशासन को औचक निरीक्षण करने की जरूरत है. चूंकि छह के छह अवैध नर्सिंग होम जिला प्रशासन के आदेश को ताख पर रख अभी भी संचालित है. वहीं एमएसयू जिलाध्यक्ष राघवेंद्र रमन ने कहा कि हमारे द्वारा जिला लोक शिकायत में दायर परिवाद के बाद उमगांव के विभिन्न नर्सिंग होम पर धावादल के द्वारा छापेमारी हुई जहां छह नर्सिंग होम अवैध पाया गया. लेकिन दुःख की बात है कि अब भी वह सभी अवैध नर्सिंग होम खुले हुए है जहां जागरूकता के अभाव में अब भी लोग उस जगह ईलाज की जाते हैं

### रेल पी में नए थाना अध्यक्ष ने किया योगदान

**बेतिया, पश्चिमी चंपारण, बिहार। दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो बेतिया,** रेल परिसीमन क्षेत्रो में यात्रियों को कोई ना हो परेशानी उसके लिए प्राथमिकता के साथ राजकीय रेल थाना सदा तत पर रहेगी। उक्त बातें आफताब आलम ,थाना अध्यक्ष रेल पी पी ने योगदान के दौरान कहीं। आगे उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में क्राइम करने वाले को किसी सूरत में बक्सा नहीं जाएगा पकड़े जाने पर विधि संमत कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर रेल थाना के सभी पुलिस पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद रहे।



### प्रशिक्षण प्राप्त आपदा मित्र पहुंचे भितहा प्रखण्ड मुख्यालय, सीओ ने आमजनो की सुरक्षा को दी सलाह



**शुभ भास्कर संवाददाता पंचानन सिंह बगहा पश्चिमी चंपारण**। बगहा अनुमंडल के भितहा प्रखण्ड मुख्यालय में लगभग एक दर्जन आपदा प्रशिक्षण कर नवयूवको ने प्रखण्ड मुख्यालय पहुंचे, जहां सीओ अबू अफसर के समक्ष अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। वही प्रशिक्षण में प्राप्त नवयुवकों के द्वारा जानकारी व अनुभवों के बारे में सीओ से अवगत कराया गया।सीओ ने ज्ञान और प्रशिक्षण प्राप्त नवयुवकों को उनका उपयोग समय अनुसार पंचायत में करने व आमजनों को सुरक्षा के प्रति जागरूक करने कि सलाह दी।सरकार ने जनता के हित के लिए आपदा मित्र जैसे कर्मियों को लगाया है जैसे बाढ़ ,भूकंप, सड़क दुर्घटना, सांप कटीं ,आग लगे तो कैसे बचाया जाए इन सब चीजों के बारे में आमलोगों को जागरूक करना है। वही आपदा मित्रो में चिलवनिया पंचायत से सफीक आलम,मच्छहा से प्रमोद गोंड, हथुअहवा से रामकृपाल पटेल, परसौना से सेराज आलम, भूइधरवा से विश्वजीत पटेल, खैरवा से आफताब आलम,नन्हे अली, उपेन्द्र यादव, राकेश सिंह आदि आपदा मित्र उपस्थित रहे।

### पंचायत समिति मधुबनी के निर्माणाधिन नाली का किया जा रहा मरम्मती कार्य -वासुदेव साह

**शुभ भास्कर संवाददाता पंचानन सिंह बगहा पश्चिमी चंपारण**। पंचायत समिति निधि के द्वारा नाली सह पी.सी.सी.निर्माण कार्य बिगत एक दशकों से अधुरा पड़ा था जिसके निर्माण की अनुषंसा पंचायत समिति सदस्य के द्वारा ब्लाक प्रमुख विजया सिंह से किया गया था जिसकी स्वीकृति मिलते ही मधुबनी पंचायत अन्तर्गत वार्ड संख्या 03 में निमार्ण करवाया जा रहा है जिसमें पी सी सी निमार्ण हेतू मिट्टी भराई के दौरान नाली क्षतिग्रस्त हो गया था।

# रेल रोको किसान आंदोलन से 51 रेलगाडियां रद्द, 90 प्रभावित

## एम.एस.पी. गारंटी सहित विभिन्न मांगों को लेकर 3 दिवसीय आंदोलन शुरू

**एजेंसी। नई दिल्ली**



50 हजार करोड़ का बाढ़ राहत पैकेज, एम.एस.पी. गारंटी सहित विभिन्न मांगों को लेकर मोर्चा शुरू किया गया है। किसान-मजदूर के 19 संगठनों ने पंजाब से 3 दिवसीय भारतव्यापी रेल रोको आंदोलन की शुरूआत कर दी। पंजाब में किसान संगठनों ने मोगा रेलवे स्टेशन, मोगा जिले के अजीतवाल और डगरू, होशियारपुर, गुरदासपुर और डेरा बाबा नानक, जालंधर के जालंधर कैंट, तरनतारन, संगरूर के सुनाम, पटियाला के नाभा, फिरोजपुर के बस्ती टंकावाली और मल्लांवाला, बठिंडा के रामपुराफूल, अमृतसर के देवीदासपुरा और मजीठा, फाजिल्का रेलवे स्टेशन, मालेरकोटला के अहमदगढ़ में 3 दिन के लिए 17 जगहों पर विरोध प्रदर्शन किया जिससे रेलगाडियों की रफ्तार थम गई। तालमेल कमेटी के नेता सरवन सिंह पंधेर ने कहा कि बाढ़ से जूझ रहे उत्तर भारत के राज्यों को केंद्र की ओर से पर्याप्त मदद नहीं मिलने के कारण स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। उत्तर भारत के बाढ़ पीड़ित राज्यों के लिए 50 हजार करोड़ का राहत पैकेज, दिल्ली मोर्चे के दौरान एम.एस.पी. गारंटी कानून बनाने की अधूरी मांग को पूरा करना और स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट के अनुसार फसलों के दाम तय करना, किसानों और मजदूरों की संपूर्ण कर्ज मुक्ति, मनरेगा के तहत 200 दिन का रोजगार, पंजाब समेत उत्तर भारत में स्मैक, हैरोइन जैसे घातक नशे पर नियंत्रण, दिल्ली आंदोलन के दौरान बने मुकद्दमे रद्द करना और लखीमपुर नरसंहार के दोषियों पर कार्रवाई, भारत माला परियोजना के तहत अधिग्रहण की जा रही जमीन की दरों में 6 गुना बढ़ौतरी, आबादकार किसानों और मजदूरों को उनकी जमीन का स्थायी मालिकाना हक देने की मांग को लेकर व्यापक आंदोलन शुरू किया गया है। आन्दोलन से कुल 91 रेलगाड़ियां प्रभावित हुईं। फिरोजपुर मंडल के अनुसार 51 रेलगाडियों को रद्द और 29 गाडियों को शॉर्ट टर्मीनेट कर बीच रास्ते से वापस लौटाया गया जबकि लंबी दूरी की 11 रेलगाड़ियों को रूट बदल कर निकाला गया। गाड़ियों के रद्द होने या शॉर्ट टर्मीनेट होने से लोगों को असुविधा का सामना करना पड़ा। तीन दिन तक चलने वाले इस आंदोलन के कारण शनिवार से छुट्टियों पर जाने का प्रोग्राम बनाने वाले लोगों के सामने परेशानी खड़ी हो गई है जिससे वे ट्रिप को पुनःनिर्धारित करने की कोशिश कर रहे है।

## आतंकी पन्नू पर एफआईआर दर्ज

**अहमदाबाद**। भारत और पाकिस्तान के बीच विश्वकप मैच में गड़बड़ी करने की धमकी देने वाले खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू के खिलाफ एफआईआर की गयी है। ये एफआईआर अहमदाबाद साइबर सेल में दर्ज की गई है। कनाडा में बैठे पन्नू ने यहां के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेले जाने वाले भारत-पाक मैच को लेकर धमकी दी थी। पन्नू ने एक वीडियो में कहा था कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ही निज्जर की हत्या के लिए जम्मेदार हैं। इसलिए उनका संगठन सिख फॉर जस्टिस (एसएफजे) इस हत्या का बदला लेगा। इस प्रतिबंधित संगठन के प्रमुख पन्नू ने कहा था कि इसी कारण छह अक्टूबर को अहमदाबाद में होने वाला विश्व कप मैच हमारे निशाने पर रहेगा।

अहमदाबाद के साइबर क्राइम डीसीपी अजीत रंजन ने कहा, विभिन्न सोशल मीडिया हैंडल पर पहले से रिकॉर्ड किए गए इस प्रकार के धमकी भरे संदेशों का लक्ष्य माहौल खराब करना है। इसी कारण इस मामले में पन्नू के खिलाफ 121(ए), 153(ए)(बी), 505 आईपीसी, यूएपीए और आईटी एक्ट 66 एफ के तहत एफआईआर दर्ज की गई है। उसने हाल ही में एक वीडियो जारी किया गया है, जिसमें दिल्ली में कई दीवारों को नुकसान पहुंचाने का दावा किया है।

# बेंगलुरु में 44 उड़ानों का आगमन व प्रस्थान रद्द



**एजेंसी। बेंगलुरु**

बेंगलुरु अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे के अधिकारियों ने 44 उड़ानों का आगमन और आगमन रद्द कर दिया है। तमिलनाडु को पानी छोड़े जाने के विरोध में कन्नड़ समर्थक संगठनों द्वारा शुक्रवार को बुलाए गए कर्नाटक बंद की पृष्ठभूमि में हवाईअड्डे से उड़ानें बंद हो गईं। सूत्रों ने पुष्टि की कि मेट्रो शहरों नई दिल्ली, कोलकाता, मुंबई और अन्य गंतव्यों के लिए उड़ानें रद्द कर दी गई हैं। सूत्रों के अनुसार, कार्यकर्ताओं ने इंडिगो 7731 उड़ान के लिए टिकट खरीदा था और सुबह 9.50 बजे बेंगलुरु हवाई अड्डे के परिसर में प्रवेश किया। वे उड़ान के पास विरोध प्रदर्शन की योजना बना रहे थे, इसी बीच पुलिस ने उन्हें हिरासत में ले लिया। इस संबंध में पुलिस विभाग की ओर से आधिकारिक बयान आना बाकी है। पूर्व मुख्यमंत्री एच.डी. कुमारस्वामी ने शुक्रवार को राज्य सरकार से कावेरी के लिए विरोध प्रदर्शन, बंद के दौरान हिरासत में लिए गए या गिरफ्तार किए गए कन्नड़ कार्यकर्ताओं को तुरंत रिहा करने का आग्रह किया। कुमारस्वामी ने कहा, "पूरे राज्य ने कर्नाटक बंद के आह्वान पर पूरे प्रदेश में लोगों का व्यापक समर्थन मिल है। राज्य के हितों की बात आने पर सभी को एकजुट होना चाहिए। उन्होंने तमिलनाडु का नाम लिए बिना कहा, राज्य की अखंडता और एकता पड़ोसी राज्यों के लिए खतरे की घंटी होनी चाहिए।" पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, "कन्नड़ लोगों की भावनाओं को कुचला नहीं जाना चाहिए।

# विश्व हृदय दिवस पर मिथिला इंस्टिट्यूट को बहुत-बहुत हार्दिक बधाईः डॉक्टर प्रवीर सिन्हा

**दरभंगाः(मो.जीलानी अंसारी)** विश्व स्वास्थ्य संगठन के ओर से दिनांक प्रतेक वर्ष 29 सितंबर को विश्व हृदय दिवस मनाया जाता है। इस अवसर पे पूरे विश्व में हृदय दिवस के रूप में मेडिकल, नर्सिंग, पैरामेडिक्स स्टाफ के द्वारा इस दिवस को मनाया जाता है। यह बातें मिथिला के मशहूर कार्डियोलॉजिस्ट डॉक्टर प्रवीर सिन्हा ने आज अललपट्टी स्थित अपने निजी क्लीनिक में मिथिला इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलॉजी एंड मेडिकल साइंस के छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा।

डॉक्टर प्रवीर सिन्हा ने बताया कि हृदय रोगी मरीज को कोलेस्ट्रॉल , शुगर पर नियंत्रण रखना चाहिए। अपने प्रतिदिन के काम में खान-पान का ध्यान एवं व्यायाम कम से कम 30 मिनट



अवश्य करनी चाहिए। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्रालय सऊदी अरब में कार्यरत डॉक्टर मोहम्मद इम्तियाज उल हक नोमानी ने कहा कि यह मेरे एवं मिथिला इंस्टिट्यूट के लिए बड़े सौभाग्य की बात है के इतने मशहूर कार्डियोलॉजिस्ट डॉक्टर प्रवीर सिन्हा आज हम लोगों के बीच खड़े हैं। हम इनका हार्दिक हार्दिक स्वागत करते हैं। मिथिला इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलॉजी एंड मेडिकल साइंस के निदेशक शाहिद अतहर अधिवक्ता ने कहा कि पहले मुझे तो विश्वास ही नहीं हो रहा था के डॉक्टर प्रवीर सिन्हा जी से इस कार्य के लिए मैं समय ले लूंगा, परंतु जब मैं मिला एवं निमंत्रण दिया तो बड़ी ही सहजता के साथ उन्होंने मेरा निमंत्रण स्वीकार कर लिया। अंत में मैनेजर तनवीर इमाम ने कहा कि निसंदेह डॉक्टर अहमद नसीम आरजू चेयरमैन मिथिला इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलॉजी एंड मेडिकल साइंस सह निर्देशक अलहिलाल अस्पताल के नेतृत्व में चलने वाली यह शिक्षण संस्था काफी आगे निकल चुका है।

## हुजूर योमे विलादत के मौके पर जुलूस ए मोहम्मदी का इन एकाद

**दैनिक शुभ भास्कर**। जश्ने ईद मिलादुन्नबी का त्यौहार हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया इस मौके पर मदरगंज गांव से मुस्लिम समुदाय के लोगों ने अपने-अपने ट्रैक्टर फोर व्हीलर एवं मोटरसाइकिल पर पर सैकड़ो आदमियों ने जुलूस के शक्ल में मदरगंज गांव से सिमराहा बाजार होते हुए मदरसा गरीब नवाज मदरगंज पहुंचे जहां कुछ देर मौलाना ने नबी अकरम सल्लल्लाह वसल्लम पर बयान किया बताया कि हुजूर के बताए हुए रास्ते पर चलना चाहिए उनके बताए हुए रास्ते पर शांति ही शांति है और हर धर्म को लेकर चलने का पैगाम देते हैं हुजूर सल्लल्लाह वसल्लम दुश्मन को भी दोस्त बनाने में कामयाबी हासिल करते थे इसलिए उनके जन्म दिवस पर हम लोग जुलूस मोहम्मदी मैं शांति बहाल करने के लिए भाईचारा पैदा



करने के लिए इस तरह का जुलूस निकालते हैं और जन्मदिवस मानते हैं वही सिमराहा थाना अध्यक्ष राजनंदनी अपने दल बल के साथ उपस्थित रहे एवं शांतिपूर्ण तरीके से जुलूस को संपन्न कराया मौके पर तारीख अनवर उर्फ खंजर मोहम्मद मुजम्मिल पूर्व समिति सालिक हाजी इश्तियाक मौलाना शम्से आजम हाफिज मदरसा गरीब नवाज के इमाम साहब मौलाना इश्तियाक मोहम्मद पप्पू साबिर सरताज डॉक्टर मुदस्सिर अखिल जावेद औराई पश्चिम के मुखिया डॉक्टर चुना और आफताब आलम एवं गण मान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## पुर्व संसद अर्जुन राय का लोक संवाद यात्रा जारी

**मो. सदरे आलम नोमानी सीतामढी।** लोक संवाद यात्रा एक महीने 29व दिन से जारी है यह यात्रा 1 अगस्त से शुरू हुआ और मेजरगंज बथनाहा सोनबरसा होते हुए सुरसंड और परिहार के इलाके में लगातार चल रहा है यात्रा का उद्देश्य आम लोगों से प्रतिनिधि का संवाद है और इसी संवाद से लोकतंत्र में रास्ता निकलता है इसी कड़ी में पूर्व सांसद अर्जुन राय आम लोगों के बीच इस चिलचिलाती धूप में जारहे है और लोगों की समस्याएं सुन रहे है अर्जुन राय ने लोगों से अपील कि है के अब की बार एक मोका जरोर दें सोरसंड प्रखंड राजद अध्यक्ष, प्रमुख प्रतिनिधि, पूर्व विधायक जय नंदन यादव, राम स्वार्थ राय, शिवचंद्र मंडल ,अरुण राय, ओम प्रकाश चौटाला, छबीला मंडल, सुनीता मंडल ,गजेंद्र शाही, पूर्व मुखिया कमलेश, मंगलदीप नारायण मंडल, पंचायत समिति सदस्य सुरेंद्र रावत, पंचायत समिति सदस्य हारुन, बिंदेश्वर मंडल, सरपंच भूपेंद्र नायक, किशोरी बैठा, महेंद्र माझी, कृष्णा पासवान, विनोद बैठा आदि शामिल हुए।

मांग — कलवार समाज को संगठित व शिक्षित करने की आवश्यकता : अर्जुन चौधरी

# बलराम व सहस्त्रार्जुन भगवान का कलवार समाज नें हर्ष उल्लास सें पूजनोत्सव

**दैनिक शुभ भास्कर, सुभाष चंद्र झा, सहरसा**। शहर के जिला परिषद के प्रांगण में स्थित पूजा वेंकट हॉल में शुक्रवार को कलवार समाज के तत्वधान में संपूर्ण कलवार समाज का समागम एवं मुख्य रूप से बलभद्र सहस्त्रार्जुन भगवान का पूजनोत्सव हर्ष उल्लास से मनाया गया। इस कार्यक्रम में समाज के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। साथ ही प्रतिष्ठित कलाकारों द्वारा रात्रि में मैया जागरण का भी आयोजन किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में कलाकारो ने हजारों की संख्या में पधारे समाज के महिला पुरुष एवं बच्चों को मंत्र मुग्ध कर दिया। इस अवसर पर समाज के प्रतिष्ठित एवं गणमान्य लोगों का उद्बोधन हुआ।उद्बोधनकर्ताओं में राज्य वैश्य महासंघ के उपाध्यक्ष अर्जुन चौधरी,पूर्व जिला परिषद उपाध्यक्ष रितेश रंजन, कृष्ण मोहन चौधरी,



सुशील जायसवाल, विक्की भगत, गोपाल चौधरी, नीलम भगत, रोशन कुमार भगत, संतोष भगत,जितेंद्र भगत,गणेश भगत,हन्नी चौधरी आदि भक्तों ने अपने वक्तव्य से लोगों को संगठित एवं एकजुट के साथ राजनीतिक प्रतिनिधित्व दिए जाने की मांग की। वक्ताओं ने कहा कि जिले में हम लोग 84 हजार की आबादी है। लेकिन स्व टेकरीवाल के जाने के बाद वैश्य समाज नेतृत्वहीन हो गया है।जो शून्यता आई है।उसे भरने में बरसो लग जाएगा।वक्ताओ ने कहा कि कलवार समाज के द्वारा सामाजिक उत्थान को लेकर विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं।उन्होंने कहा कि कलवार संघ के द्वारा रक्तदान के माध्यम से गरीब लोगों की जान बचाई जा रही है। वहीं रोटी बैंक के माध्यम से भूखे लोगों को प्रतिदिन भोजन कराया जाता है। समाज की एकता के लिए अपना हेल्प लाइन नंबर जारी होना चाहिए ताकि किसी भी मुसीबत में सभी लोगों को सूचना मिल सके।कार्यक्रम मे मुख्य रूप से दिलीप चौधरी, सर्विस कुमार, रंजीत चौधरी, मनोज चौधरी,बबलू चौधरी, संतोष भगत, रमाशंकर भगत, लालटू भगत,मनोज भगत, संजीव भगत, बबलू भगत, संतोष भगत, मोहन, मनोज चौधरी, संजय भगत,बालेश्वर भगत,राजू चौधरी एवं अन्य कार्यकर्ता शामिल थे। कार्यक्रम के संयोजक नरेश कुमार जयसवाल ने धन्यवाद ज्ञापन की।इस मौके पर पधारे प्रसाद एवं भोजन की निशुल्क व्यवस्था की गई थी।

## ख़ास ख़बर

### पूर्णियाँ जिले में सक्रिय अंतर राज्जीय लुटपाट गैंग के 14 कुख्यात अपराधकर्मियों को किया गया गिरफ्तार



**पूर्णिया** । बिहार पुलिस के संयुक्त प्रयास से बिहार के पूर्णियाँ जिले में सक्रिय अंतरराज्जीय लूटपाट गैंग के 14 खुफिया अपराधकर्मियों का गिरफ्तार होने की घटना की जानकारी दी गई। इस गिरफ्तारी के दौरान, पुलिस ने 2,04,300 रुपए की नकद राशि, 2.541 किलोग्राम चाँदी के जेवर, 2 देशी कट्टा, 4 गोलियाँ, 10 मोबाइल, और 5 मोटरसाइकिल्स की बरामद की है। इन गिरफ्तारियों में 10 अभियुक्त उड़ीसा राज्य से संबंधित हैं, जो बिहार में अपने अवैध गतिविधियों को बढ़ावा देने के आरोप में गिरफ्तार किए गए हैं। इस सफल ऑपरेशन के साथ, पुलिस ने इस अपराधिक गैंग के प्रति कड़ी कार्रवाई का संकेत दिया है और सामाजिक सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए उनके प्रयासों का समर्थन किया है। पुलिस आगाह करती है कि लोग सतर्क रहें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी देने में मदद करें।

### किसान गोष्ठी में मोटे अनाज की वैज्ञानिक खेती सह जैविक खेती के लाभ टॉपिक पर हुई चर्चा



**अररिया**। आत्मा अररिया के सौजन्य से जिला कृषि कार्यालय परिसर के सभागार में आज मोटे अनाज की वैज्ञानिक खेती सह जैविक खेती के लाभ विषय पर किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी का उद्घाटन सयुक्त रूप से जिला कृषि पदाधिकारी श्री संजय कुमार शर्मा, कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक श्री प्रभात कुमार, मोहम्मद आफताब आलम, उप परियोजना निदेशक आत्मा अररिया श्री संतोष कुमार, सहायक निदेशक उद्यान सहायक, निदेशक कृषि अभियंत्रण द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित किया गया। इसमें सभी प्रखंड के चयनित कुल 54 प्रगतिशील कृषकों ने भाग लिया। गोष्टी को संबोधित करते हुए जिला कृषि पदाधिकारी अररिया द्वारा बताया गया कि मोटे अनाज खाने से शरीर को भरपूर मात्रा में आयरन, कैल्शियम, फाइबर इत्यादि सूक्ष्म पोषक तत्व पाया जाता है, जो हमारे स्वास्थ्य के लिए बहुत ही लाभदायक है। सभी कृषकों से आग्रह किया गया की कृषक थोड़े मात्रा में ही सही लेकिन मोटे अनाज की खेती जरूर करें। कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक मोहम्मद आफताब आलम द्वारा मोटे अनाज के उत्पादन की वैज्ञानिक खेती पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। श्री प्रभात कुमार मौसम वैज्ञानिक के द्वारा जैविक खेती से होने वाले लाभ पर कृषकों को विस्तार पूर्वक अवगत कराया। उप परियोजना निदेशक आत्मा अररिया द्वारा किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि मोटे अनाज का सेवन नियमित किया जाना चाहिए। इसका बीज कृषि विज्ञान केंद्र अररिया मे भी उपलब्ध हैं। साथ ही समय समय पर कृषि विभाग द्वारा भी इसका बीज ऑनलाइन के माध्यम से पहले आयो पहले पाओ के नियम पर वितरण किया जाता है।

### अनुश्रवण समिति की बैठक आयोजित कई मुद्दों पर हुई चर्चा

**जयनगर /मधुबनी, दैनिक शुभ भास्कर (मो.गुलाब)**। जयनगर अनुमंडल कार्यालय में अनुश्रवण समिति की बैठक अनुमंडल पदाधिकारी जयनगर वीरेंद्र कुमार की अध्यक्षता में आयोजित किया गया।इस बैठक में जनवितरण प्रणाली दुकानदारों से जुड़े राशन-किरासन एवं राशनकार्ड रसोई गैस से जुड़े समस्याएं का समाधान हेतु सभी सदस्यों के द्वारा चर्चा किया। बैठक में अनुमंडल अनुश्रवण समिति सदस्य सह प्रखंड सचिव भाकपा-माले जयनगर भूषण सिंह ने बैठक में कहा कि कस्टम मिल्ड चावल (CMR) के द्वारा जयनगर लदनियां बासोपट्टी प्रखंड में चावल जो SFC को अपूर्ति किया जा रहा है और जनवितरण प्रणाली दुकानदारों के माध्यम से उपभोक्ताओं को सरा-गाल चावल दिया जा रहा है यह विभागीय अधिकारियों के संलिप्तता दर्शाता है। इसे जांचोपरांत कार्रवाई करने और पूर्णावृति पर रोक लगाने की मांग किया गया, और ग्रामीण क्षेत्रों के स्वास्थ्य उप केन्द्र सह हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर को नियमित चालू करने एवं अनुमंडल अस्पताल के डाक्टरों का प्रतिनियुक्ति समाप्त करा कर नियमित उपस्थिति कराने एवं अवैध स्वास्थ्य संस्थानों को बंद करने सहित पंचायती राज व्यवस्था के तहत विभिन्न पंचायतों में विभिन्न प्रशासनिक अधिकारियों के मौजूदगी में विभिन्न प्रकार के सरकारी कार्यक्रमों में राजनीति दलों को दरकिनार करने का निन्दा किया गया।इस बैठक में प्रखंड आपुर्ति पदाधिकारी जयनगर विपिन आंसु एवं लदनियां /बासोपट्टी अमितेश कुमार, बिहार गोदाम प्रबन्धक जयनगर अमर सिंह, लदनियां मोसर्फ हसन, जिला पार्षद सदस्यअंजली कुमारी, भाकपा माले प्रखंड सचिव भूषण सिंह, कांग्रेस सुरेंद्र महतो विवेकानंद झा, विधान पार्षद प्रतिनिधि अनुरंजन सिंह, राजद के प्रदीप यादव,भाजपा के प्रखंड अध्यक्ष उद्वव कुँवर,कुमार राणा प्रताप सिंह, जदयू के राजकुमार सिंह अमरेश झा लोजपा के प्रदीप पासवान सहित जनवितरण प्रणाली दुकानदारों के प्रतिनिधि रसोई गैस प्रबन्धक सहित अन्य लोगों मौजूद थे।



# पनोरमा स्पोर्ट्स सीजन-6 का दीप प्रज्ज्वलित कर उद्घाटन






**पूर्णियां**। पनोरमा स्पोर्ट्स सीजन -6 का भव्य उद्घाटन समारोह पनोरमा ग्रुप द्वारा निर्मित पनोरमा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स ई होम्स पूर्णिया में हुआ है. इस उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि पूणिया नगर निगम की मेयर विभा कुमारी एवं सिनियर डिप्टी कलेक्टर व जिला खेल पदाधिकारी डेजी रानी द्वारा इस प्रतियोगिता का उद्घाटन किया गया. वहीं, इस उद्घाटन समारोह को लेकर पनोरमा ग्रुप के प्रबंध निदेशक संजीव मिश्रा ने कहा कि- मेरी चाहत है कि पनोरमा स्पोर्ट्स का आयोजन ऐसा हो जो युवा पीढ़ी के खिलाड़ियों के लिए हमेशा यादगार हो. युवा पीढ़ी को विभिन्न खेलों से हम सभी को जोड़ना है. युवा पीढ़ी हमारे देश की शक्ति है. पनोरमा स्पोर्ट्स के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों की छुपी प्रतिभा को निखारना के साथ-साथ स्कूल, कॉलेज, क्लबों के युवा खिलाड़ियों के लिए खेलों का आयोजन किया गया है. इसमें बालक एवं बालिका वर्ग खिलाड़ी गण भाग लेंगे. पनोरमा स्पोर्ट्स स्टार सीजन -6 में सरकारी एवं गैर सरकारी विद्यालयों और संस्थाओं के स्कूल, कॉलेज, क्लबों को भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया है. इसकी जानकारी क्रिकेट प्रशिक्षक सह पनोरमा स्टार सीजन-5 के स्पोर्ट्स आयोजन सदस्य हरिओम झा ने दी. ईस्ट जोन पूर्व चेयरमैन व क्रिकेट प्रशिक्षक हरिओम झा ने कहा कि पनोरमा स्पोर्ट्स सीजन -6 का भव्य आयोजन दिनांक 29/09/2023 को अपराह्न 3:00 से पनोरमा ग्रुप द्वारा निर्मित पनोरमा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स ई होम्स पूर्णिया में आयोजित हुआ. उन्होंने बताया कि सबसे पहले रजिस्टर्ड स्कूल एवं क्लबों के खिलाड़ियों, प्राचार्य महोदय/महोदया, पदाधिकारियों एवं खेल प्रेमियों का रेट कारपेट पर स्वागत व अभिनंदन होगा. उसके बाद मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि एवं अतिथियों का आगमन और स्वागत किया जाएगा.

### इस वृहद खेल समारोह का पैनोरमा ग्रुप की तरफ से आयोजित होना और इतनी बड़ी संख्या में खिलाड़ियों का शामिल होना गर्व की अनुभूति देता है



**पूर्णियां**। उद्घाटन के दौरान आगत अतिथियों को पैनोरमा स्पोर्टस परिवार द्वारा मिथिला कल्चर के तहत स्वागत की गई।सेंट पीटर्स हिंदी मीडियम के बच्चों के द्वारा अतिथियों का ड्रम पार्टी स्पेशल परेड करते हुए श्री संजीव मिश्रा जी ने अगुवाई की। माउंट सिनाई मिशन स्कूल कस्बा ,सेंट पीटर्स हिंदी मीडियम ,सेंट मोसेस इंग्लिश स्कूल खुश्की बाग ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। मेयर विभा कुमारी जी ने सभी खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन करते हुए पैनोरमा ग्रुप के निदेशक का आभार व्यक्त किया और बिहार के खिलाड़ियों को इतने बड़े खेल आयोजन में शामिल होने के लिए पैनोरमा ग्रुप का धन्यवाद व्यक्त किया। जिला खेल पदाधिकारी सुश्री डेजी रानी ने इस वृहद खेल समारोह का पैनोरमा ग्रुप की तरफ से आयोजित होना और इतनी बड़ी संख्या में खिलाड़ियों का शामिल होना गर्व की अनुभूति देता है बताया। मनोरमा ग्रुप की तरफ से पैनोरमा स्पोर्ट्स सीजन 6 का आयोजन ई होम्स के साथ-साथ जिला स्कूल के मैदान में होना तय है ।कार्यक्रम में शहर के तमाम खेल प्रेमी खिलाड़ियों के परिवार सहित मनोरमा ग्रुप के सहयोगी, मनोरमा परिवार ने शिरकत किया। माननीय संजीव मिश्रा जी ने अपने संबोधन में सभी खिलाड़ियों, भाग लेने वाले सभी स्कूल के बच्चों और शिक्षकों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सुनील सुमन ,एम एच रहमान, अजीत सिंह, नंदकिशोर नंदू ,मिथिलेश सिंह, तौफिक आलम, राणा सिंह ,मनोहर जी ,एस एस चटर्जी ,अब्बू आलम ,गोपी जी सरीके व्यक्तित्वों ने शिरकत किया। खेल के मैदान में मेयर विभाग कुमारी ,सूश्री डेजी रानी, श्री संजीव मिश्रा जी ने फीता काटकर उद्घाटन करते हुए सबों का उत्साह वर्धन किया। कार्यक्रम के अंत में राष्ट्रपति सम्मान से सम्मानित मिथिलेश राय ने राष्ट्रगान सभी खिलाड़ियों के साथ गया। आज का मैच वॉलीबॉल अंदर 16 बॉयज वजिेता डी ए वी,वॉलीबॉल अंदर 16 गर्ल्स विजेता भी भी आर एस ।बैडमिंटन अंडर 16 बॉयज विजेता सेंट मोसेस,, बैडमिंटन में गर्ल्स विजेता सुनिधि भारती। 30 सितंबर के बाद से सभी मैच में फेर बदल होने की संभावना है।

## कुर्साकांटा में P3 बाजार प्रा. लि. मॉल का हुआ उद्घाटन



**कुर्साकांटा**। कुर्साकांटा में बड़े ही धूमधाम से P3 बाजार प्रा. लि. मॉल का उद्घाटन हुआ। प्रमुख अतिथियों में बिहार सरकार के कैबिनेट मंत्री जनाब शाहनवाज आलम, प्रदेश प्रवक्ता श्री अभिषेक झा, और अन्य अतिथिगण थे। P3 बाजार प्रा. लि. मॉल के उद्घाटन के मौके पर प्राचीन वैदिक अनुष्ठान और मैथिल परंपरा के तहत यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। मॉल का शुभारंभ 29 सितंबर को दिनभर धार्मिक अनुष्ठानों के साथ हुआ और अपराह्न 02 बजे के समय आधिकारिक रूप से उद्घाटन किया गया। उद्घाटन समारोह में शाहनवाज आलम जी के साथ-साथ प्रमुख अतिथियों में प्रदेश प्रवक्ता श्री अभिषेक झा, प्रिंसिपल के एन डिग्री कॉलेज के प्रो. त्रिलोकनाथ झा, राष्ट्रीय परशुराम परिषद् के राष्ट्रीय संयोजक पंडित अजय झा, प्रदेश उपाध्यक्ष अतिपिछड़ा प्रकोष्ट राजद के डा. शत्रुधन मंडल, प्रखण्ड अध्यक्ष राजद के मुस्ताक , मुखिया महेश शाह ,बीना देवी, अमर देव यादव ,प्रदीप कुमार झा उर्फ बब्बन, महेंद्र यादव, रवि कुमार उर्फ लाल बाबू के साथ प्रबंधक कार्यक्रम श्री ललन कुमार झा सहित कई राजनीतिक व सामाजिक दिग्गज मौजूद थे। PM कॉम्पलेक्स में आयोजित इस कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजसेवी ई. मनोज कुमार झा जी ने की थी। जबकि स्वागत में ई. झा के साथ उनके अनुज डेढुआ पंचायत के मुखिया संतोष झा तत्पर दिखे। इस महत्वपूर्ण मॉल के उद्घाटन से क्षेत्र में आर्थिक विकास और रोजगार के अवसरों की वृद्धि की आशा की जा रही है। लोगों एवम आगत अतिथियों ने ई. मनोज बाबू के इस रोजगारपरक सपनों को साकार करने के लिए ढ़ाकी भर कर बधाई दिया। यूं कहें तो सिकटी विधानसभा क्षेत्र के लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। चर्चाओं का बाजार गर्म था कि इंजिनियर मनोज बाबू सिकटी से विधान सभा चुनाव लड़ेंगे क्या?

### कॉमर्स कॉलेज परीक्षा केन्द्र पर शुक्रवार से शुरू हुई बी फार्मा का एग्जाम: डा. अरविंद कुमार



**मधेपुरा**। भूपेंद्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय लालू नगर मधेपुरा एवम बिहार सरकार से स्थायी संबंधन प्राप्त लार्ड बुद्धा कोसी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में अध्ययन रत बी फार्मा वर्ष 2020 एवम 2021 सत्र के छात्र छात्राओं का परीक्षा बी एन एम वी कॉलेज साहुगढ़ मधेपुरा में शुरु हो गई है। केंद्राधीक्षक सह प्रधानाचार्य डा. अरविंद कुमार ने बताया कि सत्र 2020 में उक्त महाविद्यालय के 33 एवम 2021 सत्र के 19 परीक्षार्थियों का परीक्षा केंद्र विश्वविद्यालय द्वारा बनाया गया है। कड़ाई से कदाचार मुक्त परीक्षा ली जा रही है। इस मौक़े पर परीक्षा नियंत्रक डा. प्रभाकर कुमार के अलावे वीक्षक डा. कमलेश कुमार, डाशंभू राय आदि परीक्षा कक्ष में निरीक्षण करते दिखे।

### 27 गाँवो में निकाली गई कलश यात्रा और प्रत्येक घर से एकत्रित की गई मिट्टी/चावल कलश में



**अररिया**। भारत सरकार, गृह मंत्रालय के तत्वाधान व श्री महेंद्र प्रताप कमांडेंट, 52वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल अररिया के निर्देशन में दिनांक 01.09.2023 से 30.09.2023 तक "आजादी का अमृत महोत्सव" विषय के अंतर्गत "मेरी माटी मेरा देश" आभियान के तहत अमृत कलश यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिसमे सीमान्त के प्रत्येक घर से चुटकी भर मिट्टी/चावल एकत्रित किया जा रहा है। इसी क्रम में दिनांक 29.09.2023 को सीमान्त के 27 गाँवो में कलश यात्रा निकाली गई और प्रत्येक घर से मिट्टी/चावल कलश में एकत्रित की गई। पिछले दिनों की तरह आज भी स्थानीय लोगों द्वारा बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया तथा सरकार द्वारा चलाये जा रहे "मेरी माटी मेरा देश" कार्यक्रम में अपनी भागीदारी सुनिश्चित की।

### 60 मत्स्य कृषकों को समाहरणालय परिसर से द्वारा हरी झंडी दिखाकर सुपौल जिला के लिए किया गया रवाना



**अररिया**। जिला मत्स्य कार्यालय, अररिया द्वारा 02 दिवसीय भ्रमण दर्शन -सह- प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए 60 मत्स्य कृष्कों दिनांक 29.09.2023 (शुक्रवार) को समाहरणालय परिसर से जिला मत्स्य पदाधिकारी -सह- मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, अररिया द्वारा हरी झंडी दिखाकर सुपौल जिला के लिए रवाना किया गया। इस अवसर पर जिला मत्स्य पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि दुसरे जिले में हो रहे समेकित मछली पालन मत्स्य बीज हैचरी आदि के वैज्ञानिक तकनीक के माध्यम से किसान सफलतापूर्वक मत्स्य पालन कर रहे है एवं आर्द्र भूमि चौर क्षेत्र को विकास कर मत्स्य पालन कर उत्पादकता में वृद्धि की जा रही है। राज्य सरकार के इस कार्यक्रम के तहत् किसानों को नवीनतम् तकनीक की जानकारी दी जा रही है। मौके पर संबंधित पदाधिकारी का उपस्थित थे।

### ठगी संगठन के सदस्य की गिरफ्तारी



**फारबिसगंज**। फारबिसगंज, थाना पुलिस द्वारा आज एक संगठित ठगी संगठन के सदस्य, श्री रामचंद्र कुमार, पिता - श्री रामप्रसाद यादव, निवासी - गोविंदपुर, थाना – प्रतापगंज, जिला - सुपौल की गिरफ्तारी की गई है। रामचंद्र कुमार को लोगों से पैसा डबल करवाने के नाम पर ठगी करने का आरोप लगाया गया था। पुलिस द्वारा किए गए निष्कर्षण के परिणामस्वरूप, 15 लाख रुपए की रकम को फ्रीज करवाया गया है। वही जिला प्रशासन ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा हम प्राधिकृतिक कार्रवाई करने का आलंब लेते हैं और सुरक्षा को और भी मजबूत बनाने के लिए हमारे प्रयास जारी हैं। सभी नागरिकों से यह अपील की जाती है कि वे सतर्क रहें और आपत्तिजनक गतिविधियों की सूचना देने के लिए पुलिस के साथ मिलकर काम करें।

**आमसभा** संकुल संघ के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर की मेंबर जीविका दीदियों ने साल भर के किए गए कार्य पर विस्तार से प्रकाश डाला

## वार्षिक आमसभा आयोजित, सालभर का पेश किया लेखा-जोखा





**नरपतगंज**। जीविका के माध्यम से नरपतगंज प्रखंड में नारी शक्ति जीविका महिला विकास स्वावलंबी सहकारी समिति लिमिटेड, मधुरा, नरपतगंज की शुक्रवार को वार्षिक आमसभा आयोजित की गई। इस आम सभा की शुरुआत जिला अतिथि प्रभारी परियोजना प्रबंधक सह प्रबंधक संस्था निर्माण एवम क्षमतावर्धन श्री राकेश कुमार नीरज, प्रशिक्षण अधिकारी नीर नीरज, प्रभारी प्रखंड परियोजना प्रबंधक अरविंद कुमार साह, समिति की अध्यक्ष सह मुख्य प्रवर्तक गीता देवी, सचिव मिस्टा चक्रवर्ती तथा समिति की निदेशक मंडल की सदस्यों ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस आम सभा में प्रखंड विकास पदाधिकारी श्री चंदन कुमार ने भी शिरकत की । आम सभा की बैठक में समिति की अध्यक्ष के द्वारा साल भर किए गए कार्यों का लेखा-जोखा एवं भविष्य की योजनाओं पर चर्चा की गई। संकुल संघ के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर की मेंबर जीविका दीदियों ने साल भर के किए गए कार्य पर विस्तार से प्रकाश डाला। सभा में उपस्थित अन्य जीविका दीदियों को इसकी पूरी जानकारी दी गई। आगे के लक्ष्य प्राप्ति हेतुसुझाव आमंत्रित किए गए। संकुल संघ के माध्यम से किन-किन कार्यों को करना है इस पर विस्तार से चर्चा की गई। नारी शक्ति संकुल संघ में समूह से ऋण लेकर जीविकोपार्जन के साधन विकसित कर आर्थिक तौर पर स्वावलंबित हुई जीविका दीदियों ने आमसभा में अपने अनुभव साझा किए। इस मौके पर नरपतगंज प्रखंड के क्षेत्रीय समन्वयक कैलाश कुमार मंडल, सामुदायिक समन्वयक उमेश कुमार प्रसाद, चिंकी कुमारी, राज कुमार शर्मा, सरस्वती कुमारी, मनीष कुमार झा, वीरेंद्र कुमार, जयनंदन कुमार, एमबीके सपना कुमारी, सीएफ मेहिलता देवी तथा रूबी देवी उपस्थित रहे।

## श्राद्ध पक्ष शुरू,कमलानदी के किनारे लोग कर रहे पितरों का तर्पण,उभरी लोगों की भीड़



**जयनगर /मधुबनी, दैनिक शुभ भास्कर (मो.गुलाब)**। जयनगर के कमलानदी में पितृ पक्ष को लेकर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर पितरों को जलअर्पित कर तर्पण किया। पितरों का स्मरण किया और विधि विधान से श्राद्ध पूजा आयोजित की। पितरों की मोक्ष की कामना के लिए उनका भावपूर्ण स्मरण किया गया।यहां श्राद्ध पूजा करने का विशेष महत्व है। इसी महत्व के चलते बलुआटोल, बल्डीहा, बेला, बैतोन्हा, अकैन्हा, कमलारोड, पिठवाटोल, उसरही देवधा, जयनगर बस्ती व अन्य इलाकों के अलावा क्षेत्रीय लोग भी पितरों का तर्पण कराने और श्राद्ध पूजा के लिए पहुंचते हैं।कमलानदी में खड़े होकर कुश हाथ में लेकर लोग पितरों का तर्पण कराते नजर आए। पितरों की मुक्ति के लिए परिजनों ने अनुष्ठान कराया।पंडित अरविंद तिवारी ने बताया कि हिंदू संस्कृति में श्राद्ध पक्ष बनाया है, जो भाद्र मास शुक्ल पक्ष पूर्णिमा से शुरू होता है और अश्विन मास की अमावस्या तक चलता है। दिन की विभिन्न तिथियों में पूर्वजों को प्रतिदिन जल तर्पण करते हुए गुजरे हुए पूर्वजों की पुण्यतिथि वाले दिन श्राद्ध करने का प्रावधान है। इसी को लेकर शुक्रवार से शुरू हुए श्राद्ध पक्ष में जलाशयों और नदियों के किनारे परिवार के लोग पहुंचकर पूर्वजों को जल तर्पण कर रहे हैं। बता दे कि हर साल भाद्रपद मास के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा से पितृ पक्ष की शुरुआत मानी जाती है। इस साल यह तिथि 29 सितंबर से आरंभ होकर 14 अक्टूबर तक होगी। पितृ पक्ष का आरंभ भाद्रपद मास की पूर्णिमा होता है और समापन आश्विन मास की अमावस्या पर होता है। इस अमावस्या को सर्वपितृ अमावस्या कहा जाता है। इसके अगले दिन से नवरात्र का आरंभ हो जाता है। यानी कि नवरात्र इस साल 15 अक्टूबर से शुरू होंगे।

## ख़ास ख़बर

### हड़ताल पर गई सेविका-सहायिका

**डॉ0 विनीत शेखर/दैनिक शुभ भास्कर, सुपौल।** जिले के निर्मली प्रखंड में आंगनवाड़ी संघर्ष समिति के तत्वाधान में प्रखंड के सेविका एवं सहायिका की बैठक प्रखंड अध्यक्ष सुलेखा देवी के अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया की शुक्रवार से अपनी मांगों की समर्थन में हड़ताल पर रहेगी। इस संबंध में बाल विकास परियोजना पधाधिकारी के समक्ष एक आवेदन दिया है। संघ के प्रखंड अध्यक्ष सुलेखा कुमारी ने बताई की आंगनबाड़ी संयुक्त संघर्ष समिति के आह्वान पर शुक्रवार से सभी सेविका और सहायिका छह सूत्री मांगों को लेकर हड़ताल पर है। उन्होंने बताई की सभी सेविकाओं को राज्य कर्मी का दर्जा दिया जाए, सेविका का मानदेय 25 हजार एवं सहायिका का मानदेय 15 हजार किया जाय, पोषाहार राशि बाजार के निर्धारित मूल्य में दिया जाए एवं विभाग के अलावा सेविका और सहायिका से कोई भी अतिरिक्त कार्य नहीं कराया जाए सहित छह मांगे रखी गई है। कहा की जब तक उक्त मांगे पूरी नहीं होती है तब तक अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी रहेगा। मौके पर नगर अध्यक्ष इंदु देवी सरिता उर्वशी, रीता कुमारी, रीता देवी, राधा कुमारी, आशा कुमारी, अमृत सिंह, रेखा कुमारी साह, रुक्मिणी देवी, वसीला खातून, पिंकी कुमारी मेहता, कविता कुमारी आदि मौजूद थी।

### बलुआ-ललितग्राम में 320 बोतल नेपाली दिलवाले शराब बरामद, एक तस्कर गिरफ्तार



**सोनू आलम/दैनिक शुभ भास्कर, छातापुर, सुपौल।** जिले में छातापुर प्रखंड अंतर्गत बलुआ-ललितग्राम थाना क्षेत्र के अलग - अलग जगहों पर गुरुवार को पुलिस ने तस्करी के लिए ले जा रहे दो बाइक सहित शराब पकड़ने में सफलता पाई है। इस दौरान पुलिस ने एक तस्कर को भी गिरफ्तार किया है। जहां 50 आरडी नहर पर बलुआ पुलिस ने गुरुवार को गस्ती के क्रम में एक बिना नम्बर वाली हीरो स्पलेंडर बाइक पर लदा 175 बोतल नेपाली दिलवाले शराब बरामद किया है। वही इस दौरान पुलिस की गाड़ी देखते ही तस्कर बाइक को सड़क पर छोड़कर फरार हो गया। जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष प्रमीला कुमारी ने बताया कि 50 आरडी नहर पर गस्ती के दौरान एक बाइक सवार पुलिस की गाड़ी देखते ही सड़क पर बाइक छोड़कर फरार हो गया। जब पुलिस ने नजदीक जाकर बाइक का जांच किया तो उसपर तीन प्लास्टिक में नेपाली दिलवाले शराब लदा हुआ था। जिसके बाद शराब सहित बाइक को जब्त कर थाना लाया गया। जहां जांच करने पर कुल 175 बोतल नेपाली दिलवाले शराब बरामद हुआ है।हालांकि इस दौरान पुलिस ने तस्कर का पीछा भी किया लेकिन वो पाट के खेत हुए फरार हो गया। मामले को लेकर अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। उधर ललितग्राम ओपी पुलिस ने गुरुवार रात्रि गस्ती के क्रम में डोररा के समीप एनएच 57 पर एक बाइक पर लदा 145 बोतल नेपाली दिलवाले शराब को जब्त किया है। वही मौके से ओपी पुलिस ने एक शराब कारोबारी को भी गिरफ्तार किया है।गिरफ्तार शराब कारोबारी फुलकाहा थाना क्षेत्र के मानिकपुर निवासी योगानंद यादव का पुत्र श्रवण कुमार बताया जा रहा है।ललितग्राम ओपी अध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि उक्त शराब कारोबारी के ऊपर केस दर्ज कर जेल भेज दिया गया है।

### सीडीपीओ कार्यालय पर आंगनवाड़ी सेविका यूनियन द्वारा अनिश्चितकालीन हड़ताल का किया ऐलान



**जितेंद्र कुमार/दैनिक शुभ भास्कर, त्रिबेनीगंज, सुपौल।** जिले के त्रिवेणीगंज अनुमंडल में आंगनबाड़ी कर्मचारी यूनियन के तत्वावधान में शुक्रवार से त्रिवेणीगंज सीडीपीओ कार्यालय परिसर में आंगनबाड़ी सेविका अनिश्चिकालीन हड़ताल करने का ऐलान त्रिवेणीगंज प्रखण्ड अध्यक्ष मीरा देवी ने बताया कि हमलोग सर्वसम्मति से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर है । उन्होंने मौजूदा बिहार सरकार के उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव पर वादा खिलाफी का आरोप लगाते हुए कहा कि उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के द्वारा चुनाव के समय बार-बार यह कहना कि उनकी सरकार आने पर बिहार की सभी आंगनबाड़ी सेविका एवं सहायिकाओं का मानदेय दुगना किया जाएगा। लेकिन सरकार बन जाने के बाद आज तक इस पर हम लोगों की मांगों काअमल नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि सभी आंगनबाड़ी सेविका- सहायिका अपने लंबित मांगों के समर्थन में सरकार से इस बार आर पार की लड़ाई लड़ने की पूरी तैयारी कर ली है। मौके पर मंजू कुमारी राधा कुमारी,शिव कुमारी,मंजू कुंमारी,आयशा खातून,रूपा देवी आदि मौजूद थे।

# जीविका द्वारा आयोजित रोजगार सह मार्गदर्शन मेला का उद्घाटन






**अभिषेक आनन्द /दैनिक शुभ भास्कर, वीरपुर,सुपौल।** जिले में बीरपुर अनुमण्डल क्षेत्र के मुख्यालय स्थित राजकीय प्लस टू हाई स्कूल के स्टेडियम ग्राउंड में शुक्रवार को जीविका की ओर से क्षेत्र के ग्रामीण बेरोजगार युवा एवं युवतियों के लिए रोजगार व कौशल विकास के लिए रोजगार सह मार्गदर्शन मेला का आयोजन किया गया जिसमे पुरे जिले से तीन हजार शिक्षित बेरोजगार पहुंचे जिसमे से लगभग 2600 युवा एवं युवतियों का रजिस्ट्रेशन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सबसे पहले फीता काटकर किया गया वही इसके ठीक बाद मंच पर डीपीएम विजय कुमार सहनी, बसंतपुर सीओ शशिकुमार भास्कर, बसंतपुर जीविका के बीपीएम ऋतु कुमारी, जॉब मैनेजर शुभ रंजन कुमार ने संयुक्त रुप से दीप प्रज्वलित कर किया. इसके बाद मंचसीन अतिथियों को मिथिला के रीति रीवाज के अनुसार पाक व अंगवस्त्र से सम्मानित किया गया और सभी अतिथियों को एक एक पौधा भी भेंट की गई। जीविका के बसंतपुर जॉब रिसोर्स पर्शन अभिषेक आनंद ने रोजगार सह मार्गदर्शन मेला की जानकारी देते हुए बताया कि इस कार्यक्रम कि सफलता को लेकर पूर्व से प्रचार प्रसार किया जा रहा था। अपेक्षानुसार लोगों और युवाओ की उपस्थिति रही है। जीविका परिवार बसंतपुर की ओर से तीन स्टाल लगाए गए हैं ताकि यहाँ पहुँचने वाले किसी भी युवा और युवतियों को परेशानियों का सामना नहीं करना पड़े उन्होंने बताया कि मार्गदर्शन मेला में बसंतपुर के साथ साथ प्रतापगंज और छातापुर के बेरोजगार युवा व युवतियाँ पहुंची हैं जो लगाए गए स्टाल पर अपना अपना आवेदन रजिस्ट्रेशन के बाद जमा किया। रोजगार सह मार्गदर्शन मेला में एलआईसी ऑफ़ इंडिया, वेल्सपुन इंडिया लिमिटेड, मारुती सुजुकी, क्वेस क्रॉप इंडिया लिमिटेड, होप केयर, नव भारत फर्टीलाइजर पूर्णिया, इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ़ स्किल डॉवलपमेंट आदि कंपनियों ने अपना स्टाल लगाकर युवाओं और युवतियों को अपने अपने कंपनी के नियम व शर्त की जानकारी देते हुए जॉब प्लेसमेंट की बात कही। कार्यक्रम के बाबत जीविका के डीपीएम ने बताया कि पंडित दिन दयाल उपाध्ययाय योजना के तहत जीविका बसंतपुर के तत्वाधान में आज रोजगार सह मार्गदर्शन मेला का आयोजन किया गया है. जिले में प्रत्येक तीन महीने के अंतर पर इस प्रकार के आयोजन किये जाते हैं। पिछला मेला किसनपुर प्रखंड क्षेत्र में आयोजित किये गए हैं। जिन कंपनियों से हमारा अनुबंध है वें कंपनी यहाँ आई है और बसंतपुर के अलावे छातापुर और प्रतापगंज से भी युवा इस मेले में अपना अपना भाग्य आजमा रहे हैं. रजिस्ट्रेशन के बाद उन्हें कम्पनिया कॉल करेंगी उम्मीद है कि अधिक से अधिक बेरोजगारी दूर की जाएगी। प्रदेशो में, प्रदेश से बाहर यहाँ तक कि कुछ कंपनियों के द्वारा चुने गए अभ्यर्थियों को विदेशो में भी काम करने के अवसर प्रदान किये जाते हैं।

## स्वतंत्रता सेनानी के पुत्र को अंगवस्त्र से किया गया सम्मानित







**दैनिक शुभ भास्कर जिला संवाददाता धर्मेन्द्र कुमार सिंह, बिक्रमगंज/रोहतास।** गुरुवार को बिक्रमगंज में डाक कर्मोयो ने मेरी माटी मेरा देश "मिट्टी को नमन, वीरो का वंदन" अभियान के तहत अमृत कलश यात्रा निकाला। इस अमृत कलश यात्रा का नेतृत्व विक्रमगंज अनुमंडल के डाक निरीक्षक श्री विकाश कुमार दुबे ने किया। यह कलश यात्रा डाक घर के कैम्पस से निकलकर मुख्य पथ होते हुए रजिस्ट्री ऑफिस स्थित स्वतंत्रता सेनानी स्वर्गीय जलधारी सिंह के आवास पर पहुंचा। जहां स्वतंत्रता सेनानी स्वर्गीय जलधारी सिंह के पुत्र श्री रबिन्द्र कुमार सिंह को रोहतास जिला के सहायक डाक अधीक्षक श्री मनोज कुमार ने अंगवस्त्र व बिक्रमगंज अनुमंडल के डाक निरीक्षक विकास कुमार दुबे ने पुष्प का माला पहनाकर सम्मानित किया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत स्वतंत्रता सेनानी स्व. जलधारी सिंह जी के घर पर पवित्र मिट्टी का संग्रहण किया गया। इस संबंध में सहायक डाक अधीक्षक श्री मनोज कुमार ने बताया कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र कुमार मोदी जी के द्वारा मेरी मिट्टी मेरा देश कार्यक्रम पूरे देश में चलाया जा रहा है। इस कार्यक्रम के तहत पूरे देश के ग्रामीण इलाकों से मिट्टी एकत्रित करना है इस कार्यक्रम में पूरे देश में डाक विभाग के कर्मियों की भूमिका अहम है। प्रत्येक गांव से मिट्टी अमृत कलश में रख कर ब्लॉक हेड क्वार्टर में एकत्रित किया जा रहा है। सारे ग्रामीण इलाकों के गावो से एकत्रित किये गए मिट्टी को मिक्सप किया जाएगा और एक मॉडल कलश तैयार किया जाएगा। जिसमे उस मिट्टी को रखकर राज्य के हेडक्वार्टर में भेजा जाएगा जहाँ से यह अमृत कलश दिल्ली हेडक्वार्टर में जाएगा। इसका मुख्य उद्देश्य है वीरो को नमन है और स्वतंत्रता सेनानियों के लिए सच्ची श्रद्धांजलि है। और इस मिट्टी का उपयोग यशस्वी प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी जी के द्वारा दिल्ली में बनने वाले इंडिया गेट व पार्क में किया जाएगा। मौके पर बिक्रमगंज अनुमंडल के डाक निरीक्षक विकास कुमार दुबे, उपडाकघर के डाकपाल श्री रामजी सिंह नगर परिषद वार्ड संख्या 10 के वार्ड पार्षद प्रतिनिधि रवि कुमार उर्फ़ मंगल जी एवं सभी कर्मचारीगण, अभिकर्तागण के अलावे जनता जनार्दन उपस्थित थे।

### एक महिला सहित दो पियक्कड़ गिरफ्तार




**डॉ0विनीत शेखर /दैनिक शुभ भास्कर, निर्मली, सुपौल।** जिले में निर्मली पुलिस ने गुरुवार की देर शाम शराब के नशे में हंगामा कर रहे एक आर्केस्ट्रा के संचालक महिला सहित दो पियक्कड़ को नगर के अंबेडकर चौक से गिरफ्तार कर लिया। प्रभारी थानाध्यक्ष वशिष्ट मुनि राय ने बताया की गुरुवार की देर शाम अंबेडकर चौक पर उत्तर प्रदेश के गोरखपुर निवासी अमिता सिंह एवं नदी थाना क्षेत्र के इटहरी गांव निवासी मुकेश कुमार शराब पीकर हो हंगामा कर रहा था। बताया कि यह दोनों निर्मली में आर्केस्ट्रा ग्रुप चलाता है। दोनों का ब्रेक एनलाइजर एवं मेडिकल जांच में शराब पीने की पुष्टि हुई है।

### एस एस बी सीमा चौकी मुंशी पिपराही ने नेपाली शराब के साथ तस्कर को किया गिरफ्तार

**अभसेक आनन्द/दैनिक शुभ भास्कर, बिरपूर, सुपौल।** जिले में बीरपुर अनुमण्डल क्षेत्र के एस एस बी 45वीं बटालियन की सशत्र सीमा बल सीमा चौकी मुंशी पिपराही तथा बिहार पुलिस ने संयुक्त गश्त ड्यूटि के दौरान नेपाली शराब एवं मोटर साइकल के साथ तस्कर को किया गिरफ्तार। जानकारी देते हुए 45वीं बटालियन के कार्यवाहक कमांडेंट, श्री जगदीश कुमार शर्मा द्वितीय कमान अधिकारी ने बताया कि विश्वसनीय सूत्रों के माध्यम से आसूचना मिली थी कि सीमा स्तम्भ संख्या 201/1 के निकट के क्षेत्र से नेपाल से भारत की तरफ प्रतिबंधित समान की तस्करी होने वाली हैं । आसूचना की पुष्टि करने के उपरांत आसूचना को बीरपुर पुलिस थाना के साथ साझा किया गया तथा तस्कर को पकड़ने के लिए एक संयुक्त गश्त दल का गठन किया गया | उ. नि. साहिल कुमार के नेतृत्व में अन्य 04 कार्मिक एवं बिहार पुलिस के 04 कार्मिकों का गश्त दल चिन्हित स्थान के लिए रवाना हुआ । निर्धारित मार्ग पर गश्त करते हुए दल को एक व्यक्ति मोटर साइकल से नेपाल प्रभाग से आता दिखा । गश्त दल को देखते ही उक्त व्यक्ति मोटर साइकल छोडकर भागने की कोशिश करने लगा जिसे गश्त दल द्वारा पीछा कर पकड़ लिया गया । इसके उपरांत गश्त दल ने मोटर साइकल की तलाशी ली तलाशी के क्रम में गश्त दल को मोटों साइकल पर बोरी में रखी नेपाली शराब दिलवाले की 120 बोतल (300 Ml प्रत्येक, सिग्नेचर-10 बोतल (375 Ml प्रत्येक), AC black-01 बोतल (375 Ml), AC black-01 बोतल (180 Ml) कुल 40.30 लीटर शराब प्राप्त हुई ।हिरासत में लिए गए व्यक्ति की पहचान दिनेश कुमार मेहता, उम्र-24 वर्ष, पिता- राजेंद्र मेहता, ग्राम- धेना टोला, वार्ड न. 6, पो+थाना – रतनपुरा, सुपौल, बिहार के रूप में की गई । आवश्यक कागजी कार्यवाही के उपरांत जब्त की गई शराब, मोटर साइकल तथा हिरासत में लिए गए व्यक्ति को थाना- बीरपुर, सुपौल बिहार के सुपुर्द किया गया ।



### अनुमंडल सभागार में अनुमंडल पदाधिकारी की अध्यक्षता में अनुमंडल अनुश्रवण समिति की हुई अहम बैठक



**जितेंद्र कुमार/दैनिक शुभ भास्कर, त्रिबेनीगंज,सुपौल।** जिले के त्रिबेनीगंज अनुमंडल सभागार में शुक्रवार को अनुमंडल पदाधिकारी के अध्यक्षता में अनुमंडल अनुश्रवण समिति की बैठक आयोजित की गई। आयोजित बैठक के उपरांत अनुमंडल पदाधिकारी शंभूनाथ ने जानकारी देते हुए बताया कि अनुश्रवण समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में आपूर्ति समेत आपूर्ति से जुड़े विभिन्न विभागों के अन्य बिंदुओं की समीक्षा की गई। बैठक में त्रिवेणीगंज व छातापुर सहायक गोदाम प्रबंधक को पीडीएस के तहत माह अक्टूबर खाद्यान्न उठाव करने के संदर्भ में प्रखण्ड आपूर्ति पदाधिकारी त्रिवेणीगंज व छातापुर के द्वारा बताया कि त्रिवेणीगंज प्रखण्ड अंतर्गत 82.05 प्रतिशत एवं छातापुर प्रखण्ड अंतर्गत 44.00 प्रतिशत खाद्यान्न का उठाव हो चुका शेष खाद्यान्न का उठाव जारी है। अनुमंडल पदाधिकारी के द्वारा नाराजगी व्यक्त करते छातापुर में खाद्यान्न उठाव प्रतिशत कम रहने पर सहायक गोदाम प्रबंधक से पूछने पर उनके द्वारा बताया गया कि चावल की आपूर्ति सीडब्ल्यूसी एवं सी एम आर जदिया के द्वारा समय चावल की आपूर्ति नही की गई है। एवं परिवहन से हथालन अभिकर्ता द्वारा वाहन ससमय उपलब्ध नही कराये जाने के कारण खाद्यान्न उठाव प्रतिशत कम है। प्रखण्ड त्रिवेणीगंज 89.21 एवं छातापुर 88.36 प्रतिशत वितरण हो चुका है। बैठक में त्रिवेणीगंज एमओ शुभम कुमार, छातापुर एमओ संतोष कुमार, विधुत कनीय अभियंता आकाश कुमार, जेई रौशन कुमार, त्रिवेणीगंज प्रखंड प्रमुख काजल देवी ,माप तौल निरीक्षण अनिल चौधरी, गैस संचालक विजय कुमार, जयनारायण यादव, बसंत यादव, गणेश झा, जयकृष्ण यादव, पूनम कुमारी,जिप सदस्य सोनम रानी,जिप सदस्य अरुण कुमार यादव, रूपेश कुमार समेत अन्य लोग मौजूद थे।

**अभियान** बीडीओ ने कहा कि पूरे राज्य में स्वच्छता को लेकर अभियान चलाया जा रहा है

# अपशिष्ट प्रसंस्करण इकाई का हुआ उद्घाटन



**डॉ0 विनीत शेखर/दैनिक शुभ भास्कर, निर्मली, सुपौल।** जिले में निर्मली प्रखंड के दिघिया पंचायत में शुक्रवार को बीडीओ मो.जफरुद्दीन ने कचरा प्रबंधन को लेकर अपशिष्ट प्रसंस्करण इकाई का विधिवत उद्घाटन किया। इस अवसर पर स्वच्छता मिशन के प्रखंड कॉर्डिनेटर सुशील कुमार सुमन, पंचायत के मुखिया चंद्रप्रभा देवी सहित पंचायत के गणमान्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से फीता काटकर इस इकाई का शुभारंभ किया। बीडीओ ने कहा कि पूरे राज्य में स्वच्छता को लेकर अभियान चलाया जा रहा है। साफ सफाई के प्रति लोगों को जागरूक किया जा रहा है। साथ ही कचरा को एक जगह इकट्ठा कर उसके प्रबंधन की व्यवस्था की जा रही है। इसी के तहत पंचायतों में अपशिष्ट प्रसंस्करण इकाई का निर्माण किया गया है। सूखे कचरे को बेच दिया जाएगा जबकि गीले कचरे से जैविक खाद का निर्माण किया जाएगा। कहा कि पंचायत में प्रसंस्करण इकाई के बन जाने से पंचायत के सभी वार्डों से एकत्रित जैविक एवं अजैविक कचरा को अलग-अलग कर जैविक खाद का निर्माण किया जाएगा। बीडीओ ने कहा कि अजैविक कचरा जैसे प्लास्टिक को रिसाइकल किया जाएगा। इससे प्राप्त राजस्व से पंचायत में स्वच्छता संबंधी कार्यों पर राशि खर्च की जाएगी। उन्होंने बताया की इसके बदले प्रत्येक परिवार से 30 रुपया मासिक शुल्क लिया जाएगा। जिससे ई रिक्सा, ठेला आदि की मरम्मती कार्य की जाएगी। कार्यक्रम के अंत में बीडीओ, पंचायत के मुखिया, सरपंच एवं पंसस सदस्य ने हरी-झंडी दिखाकर कर कचरा संग्रह टीम को रवाना किया। इस दौरान बीडीओ ने स्वयं रिक्शा चलाकर विधिवत कार्य का उद्घाटन किया। मौके पर मुखिया चंद्रप्रभा देवी, कंचन कुमारी, सुनील शर्मा, उप मुखिया वीरबहादुर यादव, बिंदेश्वर सिंह, नंदकिशोर सिंह, रामदेव साह, प्रखंड कॉर्डिनेटर सुशील कुमार सुमन, स्वच्छता ग्राही मो.आलम, उपेंद्र कुमार सिंह, प्रभास कुमार साफी, उमेश कुमार यादव, गीता देवी, नबल किशोर राम, नसरुद्दीन शाह, दिनेश मालिक, जगत मालिक आदि मौजूद थे।

# ईद ए मिलाद उन नबी के मौके पर जलसा सिरतुन नबी का प्रोग्राम किया गया



**जितेंद्र कुमार/दैनिक शुभ भास्कर, त्रिबेनीगंज, सुपौल।** जिले में त्रिवेणीगंज प्रखंड क्षेत्र के जदिया थाना अंतर्गत पंचायत फुलकाहा में बुधवार की रात नूरानी मस्जिद में ईद ए मिलादुन नबी के मौके पर जलसा सिरतुन नबी इजलाश का आयोजन किया गया। जलसा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि आखिरी नबी ने नेक रास्ते पर चलने की हिदायत देकर एक-दूसरे के साथ अच्छा बर्ताव करने एवं भाईचारे को बढ़ावा देने अथवा महिलाओं को उनका हक व सम्मान देने का पैगाम दिया। साथ ही अपने जीवन में ऐसा करके दिखाया। और बताया कि ईद मिलादुन्नबी इस्लाम के इतिहास का सबसे अहम दिन माना जाता है। पैगम्बर मोहम्मद साहब का जन्म इस तीसरे महीने के 12वें दिन हुआ था। कहा कि ईद मीलादुन्नबी के साथ-साथ इस दिन को बारावफात भी कहा जाता है। क्योंकि इस दिन पैगंबर मोहम्मद के जन्मदिन के साथ वफात यानी कि मौत भी हुई थी। दुनिया को अलविदा कहने से पहले पैगम्बर मोहम्मद बारह दिन तक बीमार रहे थे। 12वें दिन उन्होंने इस दुनिया को जाहिरी तौर पर अलविदा कह दिया था। और इत्तेफाक से उनका जन्म भी आज ही के दिन हुआ था। इसलिए इस दिन को बारावफात के नाम से भी जाना जाता है। इस मौके पर जमीयत उल कासिम दारुल उलूम इल इस्लामिया जिला मधुबनी से एचएम मुफ्ती मोहम्मद अंसार कासमी ने कहा कि मुहम्मद साहब की तालीम यह है कि शराब और हर ऐसी चीज जो नशा पैदा करे उससे बचाया जाय यही वजह है कि शराब को तमाम बुराइयों का जर कहा गया है। आज जरूरी है कि समाज को इससे से बचना चाहिए इस तरह ये भी तालीम है कि अपने औलाद की देख रेख की जाय जैसे एक चरवाहा जानवर की हिफाजत करता है इसी तरह हम भी अपने औलाद की पूरी निगरानी करें । कहा कि आखरी नबी के बताये मार्ग पर सभी को चलने की जरुरत है। कहा की मुसलमान कुरान के बताए हुए रास्ते पर चलकर समाज और देश के लिए नमूना पेश करे। वहीं शायरो ने एक से बढ़कर एक शायरी और नाते गजल के माध्यम से उर्दू की खूबसूरती को रेखांकित किया। इस अवसर पर मकतब इशाती के नाम से एक स्कूल की शुरुआत की गई। मुफ्ती मुहम्मद अंसार कासमी ने शिक्षा के महत्व को समझाते हुए कहा कि इल्म हासिल करना हर मुसलमान का फर्ज है। जरूरी है कि स्कूल व्यवस्था व्यवस्थित हो और गांव-मोहल्ले का हर बच्चा शिक्षा में हिस्सा ले। कार्यक्रम में शायर कारी लुकमान, शायर शाहिल उम्र, सिमरी बख्तियारपुर , एलोनसर लुत्फुर रहमान , मुफ्ती अब्दुल कयूम, नूरानी मस्जिद के इमाम हाफिज इश्तियाक, मौलाना जुबेर, पूर्व मुखिया मो यूनुस रहमानी, समिति सदस्य मो जमील, सादिक हुसैन, मास्टर अब्दुल कुदुश, मो सलाम, मो मुस्तफा, मो इदरीश, मो मुस्लिम ,मो० मनीफ ,मो० यूनुस , मोहम्मद यूनुस ड्राइवर आदि मौजूद थे ।

## ख़ास ख़बर

### दो बाइक की बीच टक्कर में तीन घायल

**दैनिक शुभ भाष्कर संवाददाता, नोखा/रोहतास।** स्थानीय थाना क्षेत्र के जखनी गांव के पास दो बाइकों की टक्कर में तीन गंभीर रूप से घायल हो गए । जिसमे की तीनों को नोखा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से प्राथमिक उपचार कर बेहतर उपचार के लिए सासाराम रेफर कर दिया गया है। घटना के बारे में बताया जा रहा है कि शुक्रवार की दोपहर में सासाराम से बिक्रमगंज जा रही बाइक और सामने से आ रहे बिक्रमगंज से सासाराम की तरफ जा रहीं दो बाइक और वहीं सड़क पार कर रहे एक व्यक्ति के कारण दोनों बाइक अनियंत्रित हो कर आपस में टकरा गई। जहां पर की तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए ।घायल व्यक्ति जो पैदल जाने वाले वयक्ति पेनार गांव के गुरु चरण बताई जा रहे हैं। जो की सड़क पार करने की क्रम में दोनों बाइक अनियंत्रित होकर के आपस में टकरा गए । बाइक सवार सासाराम के प्रदीप कुमार जो की मजदूरी करते हैं। वहीं फेरी का काम करने वाले सारण जिला के कुंडाकला गांव निवासी राजिक घायल हो गए।तीनो को नोखा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर उपचार के लिए डॉक्टर ने रेफर कर दिया। जो कि नोखा से एंबुलेंस से सासाराम इलाज के लिए गए। मौके पर पुलिस पहुंचकर के दोनों बाइक को जब्त कर लिया और घायलों को इलाज के लिए एंबुलेंस वुला करके पीएचसी भेजा पुलिस मामले की जांच में लग गई है।

### युवाओं को जागरूक किया गया

**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, नासरीगंज (रोहतास)।** प्रखण्ड के मंगराव पंचायत के मंगराव गाँव में मुख्यमंत्री के सात निश्चय के अंतर्गत आर्थिक हल, युवाओं को बल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपस्थित छात्रों व बेरोजगारों को जागरूक करते हुए कार्यक्रम के संचालक ने बताया कि बिहार के युवाओं को शिक्षित करने के उद्देश्य से बिहार सरकार ने आर्थिक हल, युवाओं को बल योजना की शुरूआत किया जा रहा है। इस योजना के अंतर्गत छात्रों को पढ़ाई के लिए लोन उपलब्ध कराया जाता है।बिहार के युवाओं और युवतियों को नए अवसर और कौशल विकास करने के उद्देश्य से इस योजना की शुरूआत की गई है। इस योजना का उद्देश्य युवाओं को 12वीं से लेकर रोजगार मिलने तक वित्तीय सहायता प्रदान करना है।

### गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय में मना फ्रेशर पार्टी

**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो, सासाराम (रोहतास)।** गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के नवागंतुक छात्रों के लिए सीनियर बैच ने परिसर में स्थित देवमंगल सभागार में आज फ्रेशर पार्टी का आयोजन कर उनका स्वागत किया ।इस अवसर पर छात्रों एवं शिक्षकों को संबोधित करते हुए कुलाधिपति गोपाल नारायण सिंह ने छात्रों को अनुशासन का पाठ पढ़ाया एवं उन्हें ज्ञान अर्जन करने के प्रति जागरूक किया ।श्री सिंह ने कहा कि सभी जूनियर्स को अपने वरीय छात्रों एवं शिक्षकों को सम्मान देना चाहिए तथा सीनियर छात्र भी जूनियर को प्रेम पूर्वक सहयोग करें तथा उनका मार्गदर्शन करें। एमसीए ,बीसीए एवं बीटेक तृतीय सत्र के छात्रों ने इस वर्ष आए एमसीए ,बीसीए एवं बीटेक के छात्रों का इस कार्यक्रम में परिचयक कार्यक्रम के माध्यम Tty1 फ्रेसर पार्टी का आयोजन किया। कार्यक्रम में संस्थान के संकाय अध्यक्ष, सभी शिक्षक गण एवं छात्रगण उपस्थित रहे।

### प्रधानमंत्री जन्मदिवस सेवा पखवाड़े के रूप में मना

**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो, सासाराम (रोहतास)।** देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिन के उपलक्ष में देश व्यापी चल रहे "सेवा पखवाड़ा" कार्यक्रम के तहत आज सासाराम लोकसभा के सासाराम ग्रामीण मंडल अध्यक्ष बंशीधर जी के नेतृत्व में मेदनीपुर गांव में दलित बस्ती संपर्क कर आम लोगो को विश्व की सबसे बड़ी स्वास्थ्य बीमा योजना "आयुष्मान भारत योजना " के बारे में जागरूक किया गया।कार्यक्रम प्रभारी सत्यनारायण पासवान ने सभी ग्रामीणों को नरेंद्र मोदी जी स्वास्थ्य योजना के लाभ को बताया। मंडल प्रभारी सह जिला उपाध्यक्ष सत्येंद्र सिंह ने सभी महिलाओं को जल्द से जल्द आयुष्मान कार्ड बनाने को आग्रह किया। जिला उपाध्यक्ष पंकज सिंह ने भाजपा द्वारा किए सभी जनकल्याणी कार्यों का ब्योरा दे सभी योजना का लाभ उठाने का आह्वान किया।

### मोटरसाइकिल से गिरने से महिला मरी

**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो, सासाराम (रोहतास)।** जिले के तिलौथू थाना क्षेत्र के मिर्जापुर गांव निवासी मृतक किरण देवी अनिल सिंह की पत्नी अपने भतीजा रविंद्र कुमार सिंह के साथ तिलौथू बाजार करने आ रही थी कि रास्ते में बिचला पोखरा के समीप दुपहिया वाहन के असंतुलित होकर गिर जाने के कारण माथे में चोट लगने से अस्पताल जाते-जाते रास्ते में ही दम तोड़ दी।

### खेग्रामस का प्रखण्ड स्तरीय सम्मेलन

**दैनिक शुभ भास्कर जिला संवाददाता धर्मेंद्र कुमार सिंह, बिक्रमगंज/रोहतास।** शुक्रवार को संझौली में खेत व, ग्रामीण मजदूर सभा का प्रथम प्रखण्ड स्तरीय सम्मेलन गौतम बुद्ध टाउन हॉल में किया गया। सम्मेलन के माध्यम से 7 सदस्यीय प्रखण्ड कमिटी बनाई गई l जिसमे सर्वसमीति से अध्यक्ष अवध बिहारी राम, सचिव रविशंकर राम, रंजीत पासवान, ललन चौधरी, देवमुनी सिंह, बबन राम को चुना गया। बैठक में सैकड़ों की संख्या में भाकपा(माले) के सदस्य उपस्थिति थे। पर्यवेक्षक के रूप में पार्टी के जिला कमिटी सदस्य राजकुमार राम थे। मौके पर मुख्य अतिथि लाल बहादुर यादव, प्रखण्ड सचिव धनजी पासवान, विधायक प्रतिनिधि विजेन्द्र पटेल, वीरेंद्र सिंह, ठेगु पासवान आदि थे।

# अतिक्रमण हटाओ अभियान को विधायक ने दी जंगल राज्य की संज्ञा







**दैनिक शुभ भास्कर जिला संवाददाता धर्मेन्द्र कुमार सिंह, बिक्रमगंज/रोहतास।** महागठबंधन के घटक दल भाकपा माले के काराकाट विधायक डा अरुण सिंह ने बिक्रमगंज में चल रहे अतिक्रमण हटाओ अभियान पर चिंता जाहिर करते हुए इसे जंगल राज्य की संज्ञा दिया है और जनप्रतिनिधियों को चेतावनी भरे लहजो में कहा की आप बिहार सरकार के प्रतिनिधि बनने के बजाए जनता का ही प्रतिनिधि बने रहे तो बेहतर है।उन्होंने कहा कि प्रशासन के पास कोई प्लानिंग नही है कि आखिर बिक्रमगंज के फुटपाथी दुकानदारों को उजाड़ कर बनाना क्या चाहता है।कहा कि रोहतास के जिलाधिकारी से बातचीत कर महागठबंधन के घटक दलों के सहयोग से आंदोलन की रूपरेखा शीघ्र ही तय की जायेगी।हालांकि विस्थापित फुटपाथी दुकानदारों के समक्ष उनके आशियाना उजाड़ने से भुखमरी के कगार पर पहुंच गए है और रोजी रोटी की समस्या उत्पन्न होते जा रही है।वही विगत वर्ष एव माह में करोड़ो रुपए की लागत से बना नल जल तथा नाला निर्माण को प्रशासन द्वारा बुलडोजर से ध्वस्त कर दिए जाने से नगरवासियों आक्रोश व्याप्त होने के साथ उनके समक्ष पीने की पानी को ले समस्या विकराल हो गई है ।जबकि नाला के नही रहने से घर का पानी घर में ही या सड़क पर बह रहा है।नगर के पूर्व सभापति रवनवाज राजू एव गुप्तेश्वर प्रसाद गुप्ता ने संयुक्त रूप से ब्यान जारी कर कहा की मेरे कार्यकाल में नगरवासियों के सुविधाजनक व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए पिछले वित्तीय वर्ष में करोड़ो रुपए की लागत से निर्माण कराए गए नल जल के पाइप और नाला निर्माण को ध्वस्त कर दिया गया।इसके लिए जिम्मेवार कौन होगा तथा यह करोड़ो रूपए का हर्जाना कौन भरेगा।शहर चौड़ीकरण और सौंदर्यीकरण के हिमायती सभी शहरवासी है।लेकिन सरकारी संपत्ति की नुकसान कर या रोज कमाने खाने वाले सैकड़ों फुटपाथी दुकानदारों को कष्ट देकर या उन्हे विस्थापित कर नही ।दोनो सभापतियो ने स्थानीय प्रशासन पर आरोप लगाया कि जब शहर में विगत माह करोड़ो रुपए की लागत से नाला निर्माण का कार्य चल रहा था।तब यह प्लान कहा थी।उस समय ही क्यों नही रोका गया।क्यों नाला ध्वस्त कर सरकारी राशि का क्षति पहुंचाई गई।उधर पूर्व सभापति रबनवाज राजू ने अप्रत्यक्ष रूप से आरोप लगाया की स्थानीय प्रशासन भू माफियाओं को लाभ पहुंचाने के लिए गरीब,कमजोर तबके के लोगो को बगैर कही बसाए उनको भयभीत कर दुकानें को उजाड़ रही है।काराकाट विधायक और पूर्व नगर सभापति का ब्यान सोशल मीडिया में खूब वायरल होकर सुर्खियां बटोर रही है।बताते चले की एनएचएआई नेशनल हाइवेज अथॉरिटी ऑफ़ इंडिया अर्थात भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के निर्देश पर प्रशासन ने बिक्रमगंज में अतिक्रमण हटाओ अभियान को मूर्त रूप दे रहा है।लेकिन लोगो का मानना है की आम नागरिकों से सुविधा शुल्क के तौर पर सरकार टैक्स की वसूली कर नागरिकों को आवश्यक सुविधा मुहैया कराने के लिए नगर विकास विभाग को करोड़ो अरबों रुपए मुहैया कराती है ताकि नगरवासियों को आवश्यक सुविधा मुहैया कराया जा सके।लेकिन करीब पांच छह वर्षो के अंतराल पर करोड़ो खर्च कर शहर में घर घर नल से जल गिराने के लिए पाइप लाइन बिछाए गए। वही शहर में दो बार निर्माण कराए गए नाला को शहर के कुछ हिस्सों में ध्वस्त कर दिया गया।अब इसका भरपाई कौन करेगा।आक्रोशित लोगों का यह भी कहना है कि पाइप लाइन उखाड़ने एव नाला ध्वस्त करने के पूर्व नगरवासियों को पीने का पानी के लिए कोई वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित नही किया गया।जिससे नल जल पर निर्भर कई लोगो के घर पीने का पानी को लेकर हाहाकार मचा हुआ है।जबकि फुटपाथी दुकानदारों को विस्थापित करने से पूर्व उन्हे कही स्थापित नही की गई।आज फुटपाथी दुकानदारों के समक्ष रोजीरोटी और जीवनयापन को लेकर स्थिति गंभीर बनती जा रही है।इसके लिए कौन जिम्मेवार है जनप्रतिनिधि या प्रशासन। अतिक्रमण की चपेट में आ रहे कई सरकारी कार्यालय,गेट आदि को अब तक क्यों नही ध्वस्त की गई। जबकि मार्टिन लाइट रेलवे की भू भाग पर कई झोपड़ीनुमा गुमटी के अलावा कई दबंग भू माफियाओं का कब्जा अब भी बरकरार है।फिर उन्हे क्यों नही अतिक्रमण से मुक्त कराया गया।क्या यह अभियान केवल गरीब,आर्थिक रूप से कमजोर आदि वर्ग के लोगो के लिए थी। एक दशक के भीतर विभिन्न वित्तीय वर्ष में शहर के अंदर सरकारी खजाने में जमा कराया गया जनता के गाढ़ी कमाई से बना नाला,नल जल आदि को सड़क चौड़ीकरण व सौंदर्यीकरण के नाम पर निर्माण कराए गए करोड़ो रुपए की लागत से ध्वस्त नाला का भरपाई कौन करेगा।

## बजरंग दल एवं विश्व हिन्दू परिषद का शौर्य जूलूस निकला



**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो चीफ सुनील कुमार, सासाराम (रोहतास)।** बजरंग दल एवं विश्व हिंदू परिषद कि शौर्य जागरण यात्रा जो मां मुंडेश्वरी धाम से महर्षि अंजनेशानंद सरस्वती के नेतृत्व में दिनांक 28 चलकर आज दिनांक 29 को मां ताराचण्डी धाम सासाराम पंहुचा ।जहां मां ताराचण्डी कमिटी एवं महर्षि अंजनेश आश्रम के संतों एवं भक्तों के द्वारा बड़े उत्साह से अंग वस्त्र एवं फूल माला के साथ भव्य स्वागत किया गया. इस रथ यात्रा में प्रमुख रूप से महर्षि अंजनेशानंद सरस्वती जी,तिरलोकी नाथ बागी,रामायण शास्त्री,ताराचण्डी कमिटी के अध्यक्ष रविरंजन सिंह उर्फ डिंपू सिंह जी,महेंद्र साहू जी,गोपी जी,विकास जी,महंत गोपाल जी,अरुण कांस्यकार जी,स्वामी रणजीतेश जी,शिवलाल दास,स्वामी संजयानंद जी,नगर पूजा समिति के अध्यक्ष डॉ शिवनाथ चौधरी जी,रजनीश वर्मा जी,,नरेंद्र जी,ध्रुव सिंह जी,सुशील सोनी जी,मुन्ना सोनी जी,मोनू सोनी जी,पंकज सिंह जी, पुष्कर बहादुर,लोकेश बहादुर सहित अनेकों विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के कार्यकर्ता शामिल हुए जिनको महर्षि अंजनेश आश्रम में जलपान प्रसाद कराकर शौर्य जागरण रथ को रवाना किया गया। मौके पर जूलूस सुरक्षा में आरक्षी अधीक्षक विनित कुमार रोहतास सहित काफी संख्या में पुलिस बल उपस्थित थे।

## कृषि विज्ञान केंद्र बिक्रमगंज के सभागार भवन में एनजीओ, एफपीओ एवं नाबार्ड मीट का आयोजन



**दैनिक शुभ भास्कर जिला संवाददाता धर्मेन्द्र कुमार सिंह, बिक्रमगंज/रोहतास ।** शुक्रवार को कृषि विज्ञान केंद्र बिक्रमगंज के सभागार भवन में केविके, एनजीओ, एफपीओ एवं नाबार्ड मीट का आयोजन किया गया । कार्यक्रम का उदघाटन संयुक्त रूप से जिला विकास प्रबंधक नाबार्ड एवं प्रधान केविके के द्वारा किया गया । जिला विकास प्रबंधक नाबार्ड सुनील कुमार के द्वारा कृषि संरचना कोष, एमलडीपी, एलईडीपी, कौशल प्रशिक्षण एवं बैंकिंग योजना पर विस्तार से बताया गया । वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान डॉक्टर शोभा रानी ने कहा कि जिला में कार्यरत एनजीओ एवं एफपीओ के सदस्य कृषि विज्ञान केंद्र के मार्गदर्शन में विभिन्न तरह के रोजगारपरक प्रशिक्षण प्राप्त कर कृषि व कृषि से जुड़े क्षेत्रों में स्वरोजगार सृजन कर सकते हैं । जिले के किसान नाबार्ड, एनजीओ, एफपीओ एवं केवीके के समन्वय से जिला में कृषि आधारित उद्यमिता विकास को एक नई गति दे सकते हैं । विभिन्न प्रकार के तकनीक जैसे शहद उत्पादन, वर्मी कंपोस्ट उत्पादन, पशुपालन, खाद्यान्न प्रसंस्करण एवं उद्यान इत्यादि को अपना कर आय अर्जन कर सकते हैं । इस कार्यक्रम में किसान, उद्यमियों, अंत्योदय चेतन मंडल, पीपल ट्री वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड, मगध विकास भारती, अमल मानव जैसे एनजीओ ने भी इस कार्यक्रम में भाग लिया । कार्यक्रम में वरीय वैज्ञानिक डॉ आर के जलज एवं डॉ रतन कुमार भी उपस्थित थे ।

## शांति और सौहार्द माहौल में मनाया गया ईद मिलादुन्नबी का महान पर्व



**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो, सासाराम (रोहतास)।** ईदो की ईद" ईद ए मिलादुन्नबी "का महान पर्व अपनी पारंपरिक सौहार्द के साथ गुरुवार को जिले व देश भर में मनाया गया। ईद ए मिलादुन्नबी के अवसर पर सुबह से ही मस्जिदों को झंडी पताखे एवं रोशनी के लततरो से आकर्षित ढंग से सजाया गया था। सभी मोहल्ले की गलियों को भी आयोजकों के द्वारा सजावट एवं रोशनी का इंतजाम किया गया । हर तरफ पैगंबर मोहम्मद साहब का गुणगान हो रहा था "नारे तकबीर" नारे रिसालत" "सरकार की आमद मरहबा" की सदाए गूंज रही थी। जगह-जगह लंगर तकसीम किया गया तथा निर्धारित मार्ग चौखंडी रूबी लॉज से मोहम्मदी जुलूस निकाला गया और रात्रि 9:00 बजे तक जुलूस का समापन किया गया। ईद ए मिलादुन्नबी का दिन पैगंबर मोहम्मद साहब को समर्पित है जो उनकी शिक्षाओं को याद दिलाता है। सासाराम में मरकज़ी मोहर्रम कमेटी एवं अंजुमन फलाहुल मुस्लिमीन के द्वारा लाइसेंस निर्गत करने को जिला प्रशासन को दिया गया था। उक्त अवसर पर जिला प्रशासन ने काफी बेहतर एवं पुख्ता इंतजाम किया गया था। नगर निगम के द्वारा भी शहर की साफ सफाई बहुत बेहतर दिखी। शांतिपूर्ण त्योहार को संपन्न कराने में पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार, डीएम धर्मेंद्र कुमार ,नए एसडीम आशुतोष रंजन, नगर आयुक्त यतेंद्र कुमार पाल ,कार्यपालक दंडाधिकारी चंद्रमा राम एवं अक्षय कुमार आदि की संयुक्त टीम द्वारा ईद मिलादुन्नबी का त्यौहार शांतिपूर्ण संपन्न हुआ है, इस मौके पर मरकज़ी मोहर्रम कमेटी व अंजुमन फलाहुल मुस्लिमीन ने तमाम वरिष्ठ अधिकारियों का आभार प्रकट किया है।

## अंजबीत सिंह महाविद्यालय में सफल छात्र-छात्राओं को पुरस्कार सह प्रमाण पत्र किया गया वितरण



**दैनिक शुभ भास्कर जिला संवाददाता धर्मेन्द्र कुमार सिंह, बिक्रमगंज/रोहतास।** वनस्पति-शास्त्र विभाग अंजबीत सिंह महाविद्यालय बिक्रमगंज के तत्वावधान में आयोजित पुरस्कार सह प्रमाण पत्र वितरण समारोह सफल रहा। उक्त महाविद्यालय में पूर्व में हुए ओजोन पेंटिंग प्रतियोगिता में 52 प्रतिभागियों ने भाग लिया। पेंटिंग प्रतियोगिता का विषय ओजोन परत सरंक्षण था। जिसमें प्रथम पुरस्कार अनन्या कुमारी बीसीए एवं सलोनी सिंह जंतु विज्ञान विभाग को मिला। द्वितीय पुरस्कार हर्षित सिन्हा एवं श्रुति को मिला। जबकि तीसरा पुरस्कार रेणु कुमारी, प्रियंका कुमारी एवं राहुल कुमार को मिला। छह प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। जिसमें रेखा कुमारी, अंजली कुमारी, आकांक्षा कुमारी, शुभम , प्रिया, सोनम कुमारी एवं खुशबू को मिला। पुरस्कार सह प्रमाण पत्र वितरण समारोह को महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ एस एस भास्करन संबोधित करते हुए कहा कि ओजोन परत का संरक्षण करना सभी का दायित्व है। पूर्व प्रभारी प्राचार्य डॉ संतोष कुमार ने कहा कि ओजोन परत को बचाना पूरे विश्व के लिए चुनौती है । सभा में अंग्रेजी के विभागाध्यक्ष सह पूर्व प्रभारी प्राचार्य प्रो. प्रभात कुमार ने ओजोन परत की महत्ता पर प्रकाश डाला । कार्यक्रम के समन्वयक एवं वनस्पति शास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ कन्हैया सिंह ने पर्यावरण जागरूकता अभियान के तहत इस तरह के कार्यकर्मो के महत्व पर प्रकाश डाला एवं सभी प्रतिभागियों को अधिक संख्या में भाग लेने के लिए प्रेरित किया । समारोह में बॉटनी विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ शशि भूषण के सक्रियता के कारण कार्यक्रम काफी प्रभावपूर्ण रहा। समारोह के अंत मे धन्यवाद ज्ञापन मनोविज्ञान विभाग के सहायक प्राध्यापिका डॉ सरिता कुमारी ने किया। इसके अलावा समारोह में जंतु विज्ञान विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ अशोक कुमार और प्राध्यापिका डॉ कुमारी प्रिया भी उपस्थित थी ।

## रालोजपा नेता अनवर अली खान के घर पहुंच पार्टी नेताओं ने की मातमपुर्सी



**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो, सासाराम (रोहतास)।** राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के लेबर प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष अनवर अली खान की दिनदहाड़े गोली मार हत्या की सूचना मिलते ही रालोजपा श्रमिक प्रकोष्ठ रोहतास के जिला अध्यक्ष सुनील कुमार सिंह अधिवक्ता के साथ एक टीम अनवर अली खान के गांव (गया) सिहुली पहुंच रालोजपा नेता अनवर अली खान के मिट्टी मंजिल में शामिल हुए। जिनका सीहुली कब्रिस्तान में मिट्टी मंजिल देने 11:00 बजे गुरुवार 28 सितंबर 2023 को लगभग 15 000 अनवर साहब के चाहतों के मौजूदगी में रोहतास रालोजपा नेताओं ने मिट्टी मंजिल में भाग लिया। जिन्हें जेष्ठ पुत्र आमिर अली खान ने कंधा दी और मिट्टी दिया। अनवर अली खान अपने पीछे बीबी 5 पुत्र 3 पुत्री और दो भाई सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गए है। मिट्टी मंजिल से लौटकर यहां रालोजपा नेताओं ने परिवार से मिलकर मातमपुर्सी की और लौटने के बाद यहां सासाराम में बताया की अनवर साहब का राजनीतिक हत्या है ।तीन बार अपने क्षेत्र से चुनाव लड़ चुके थे जिसमे मात्र 800 वोट से पराजित हुए थे। श्री पासवान ने गया सिहूली में मातमपुर्सी के दरम्यान पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पशुपति कुमार पारस से इस घटना को विस्तार से बताते हुए पार्टी की ओर से गया के एसपी, डीएम से बात कर तत्काल सभी अपराधियों को गिरफ्तार करने उनके परिजनों की सुरक्षा, उनके बच्चो को शिक्षा दीक्षा, उनकी पत्नी को नौकरी और 50लाख रुपया की मुआवजा दिलाने के लिए पहल करने की सुझाव दिया है।दिवंगत आत्मा की शांति व शोकाकुल परिजनों को धैर्य धारण के लिए ईश्वर से प्रार्थना किया और हर संभव पार्टी की ओर से मदद दिलाने का आश्वासन दिया। टीम में सुनील कुमार सिंह अधिवक्ता, जिला प्रवक्ता राजेंद्र पासवान और उपाध्यक्ष रामबचन सिंह अधिवक्ता शामिल थे।

शिविर | अस्पताल के छह चिकित्सकों ने लगभग तीन सौ मरीजों का निशुल्क इलाज कर दवा वितरण किया

# आयुष्मान भवः पखवारा कार्यक्रम के तहत निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन




**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, नासरीगंज (रोहतास)।** पीएम नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर नगर के पीएचसी सह रेफरल अस्पताल में शुक्रवार को आयुष्मान भवः पखवारा कार्यक्रम का भाजपा कार्यकर्ताओं के सौजन्य से किया गया।पखवारा का उद्घाटन पीएचसी के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ०एन०के०आर्या व भाजपा जिला महामंत्री विजय सिंह ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस अवसर पर नारायण मेडिकल कॉलेज के द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।इस दौरान नेत्र रोग, स्त्री रोग, शिशु रोग, हड्डी रोग, चर्म रोग, सर्जरी विशेषज्ञ आदि के चिकित्सकों के द्वारा मरीजों की जांच की गई।इसके पश्चात मरीजों को निशुल्क दवा भी वितरण किया गया।वहीं आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए भी पुरुष व महिलाओं की भीड़ लगी रही।इस कार्यक्रम में नारायण मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के छह चिकित्सकों ने लगभग तीन सौ मरीजों का निशुल्क इलाज कर दवा वितरण किया। भाजपा जिला महामंत्री विजय सिंह ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर बिगत 17 सितंबर से 02 अक्टूबर तक अलग-अलग कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।जिसमें गरीब व दलित बस्तियों में आयुष्मान कार्ड के प्रति जागरूक करना, स्वच्छता पखवारा व निःशुल्क स्वास्थ्य पखवारा का आयोजन किया जाना है।इसी के तहत नासरीगंज में भी आयुष्मान भवः पखवारा का आयोजन किया गया है।इस पखवारा से काफी लोग लाभान्वित होंगे।मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष विवेक कुमार सिंह, जिला मंत्री प्रमोद कुमार कुशवाहा, नगर सध्यक्ष संतोष गुप्ता उर्फ लालबाबू,भाजपा वरिष्ठ नेता सिकन्दर सिंह व अमित कुशवाहा, मुख्य पार्षद प्रतिनिधि श्यामूल हक, वार्ड पार्षद संतोष कुमार, एचएम अनिल कुमार, बीसीएम शकील अहमद, पार्षद प्रतिनिधि अजय कुमार, रौशन कुमार सिंह, संतोष कुमार आर्या, शिव जी कुमार, चिकित्सक मयंक गोहिल, अभिप्रिया, श्रुति कुमारी, डॉ०विवेकानंद, डॉ०सुमित, डॉ०उर्वशी राय, फार्मासिस्ट सोनू कुमार, नेत्र सहायक कृष्णमोहन शर्मा, अभिषेक कुमार श्रीवास्तव, रामबाबू कुमार, देवमुनि प्रसाद समेत कई लोग मौजूद थे।

# अमर शहीद कवि कैलाश की आदम कद प्रतिमा का लोकार्पण



**दैनिक शुभ भास्कर जिला संवाददाता अनिल कुमार सिंह, आरा। भोजपुर।** संवाददाता अरुण कुमार ओझा।अमर शहीद कवि कैलाशपति सिंह की प्रतिमा का अनावरण शाहाबाद रेंज के डीआईजी श्री नवीन चंद्र झा के द्वारा किया गया। यह आयोजन उनके पैतृक गांव घोड़ादेई में किया गया ।इस अवसर पर मुख्य अतिथि डीआईजी नवीन चंद्र झा, भोजपुर के पुलिस अधीक्षक श्री प्रमोद कुमार यादव,अमर शहीद कवि कैलाश स्मृति संस्थान के मुख्य संरक्षक श्री बी डी सिंह, अध्यक्ष भाई बरमेश्वर, पूर्व मुखिया संतोष कुमार , प्रपौत्र ललन सिंह ,मृत्युंजय भारद्वाज डॉक्टर दिनेश प्रसाद सिंहा की विशेष भूमिका रही। मंच का संचालन पत्रकार डॉ भीम सिंह भवेश ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन मुख्य संरक्षक बी डी सिंह ने किया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए पत्रकार भीम सिंह ने कवि जी के ऐतिहासिक जीवन वृत्त पर भी विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम सामूहिक दीप प्रज्वलन, उसके बाद अतिथियों का बुके साल देकर सम्मानित किया गया। प्रतिमा का अनावरण करते हुए मुख्य अतिथि डीआईजी ने कहा कि कवि जी 8 साल तक फौज में नौकरी किया लेकिन वहां भी अन्य का विरोध करते हुए नौकरी छोड़ दी और यहां आकर पर्यावरण और समाज सेवा से जुड़कर अपनी पहचान बनाई। गांधी जी के अनुयाई बनाकर स्वतंत्रता आंदोलन में लग गए गांव गांव घूम कर अंग्रेजों के विरुद्ध अभियान चलाया। गांधी जी के करो या मरो आंदोलन में आरा कलेक्ट्रेट पर तिरंगा फहराते हुए अपनी शहादत दी। श्री झा ने कहा की शाहिद कभी मरते नहीं। उनके विचार और आदर्श सर्वथा प्रासंगिक रहता है जरूरत है उनके विचारों को आत्मसात करने की। अध्यक्ष उद्बोधन में भाई परमेश्वर ने उपस्थित लोगों का धन्यवाद और हार्दिक अभिनंदन करते हुए बताया कि हम लोगों ने 2014 में आदम खाद्य मूर्ति लगाने का संकल्प लिया था जिसे प्रपौत्र ललन जी और संतोष मुखिया के सौजन्य से आज यह संकल्प पूरा हुआ है। पुलिस अधीक्षक में भी आज के महत्वपूर्ण औषधि पर कभी कलाशपति सिंह को नमन करते हुए कहा की ऐसे ही महत्वपूर्ण व्यक्तियों से आने वाली पीढ़ियों को प्रेरणा मिलती हैऔर ऐसे सदा सम्मान मिलना चाहिए। मुख्य संरक्षक सम्मानित बी सिंह ने उपस्थित सबका स्वागत है और धन्यवाद व्यापित करते हुए कहा कि सभी सम्मानित लोग मेरे निवेदन पर आए हैं। यह कवि जी के प्रति आदर्श ,राष्ट्र के प्रति समर्पण की भावना प्रदर्शित करती है। इस अवसर पर यादगार स्वरूप कई पौधा रोपण भी मुख्य अतिथियों द्वारा किया गया साथ ही कभी कैलाश पर आधारित संजीवियर के श्री सनोज कुमार द्वारा मार्मिक नाटक प्रस्तुत किया गया इस मौके पर शहर से लेकर गांव तक के सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

## ख़ास ख़बर

### धान की फसल में लगी रोग किसान परेशान



**रामपुर (कैमूर)**। रामपुर प्रखंड के खरेन्दा बेलॉव शहीत दर्जनों गांव के किसान की धान की फसल में लगी रोग, किसान परेशान। संदर्भ में किसानों से मिली जानकारी के अनुसार रोपनी के बाद मध्य में पानी न मिलने की वजह से काफी धान में रोग लग चुकी है। जिसको अब दवाई छिड़काव किया जा रहा है, लेकिन दवाई ज्यादा असर नहीं कर पा रही है। इसको उखाड़ा भी कहते हैं इस रोग की वजह से काफी क्षति हुआ है। एक अनुमान लगाने से करीब यदि 45 मन बीघा धान जाता है, तो यह रोग लग जाने से करीब 40 से 35 मन में ही सिमट जाएगा इस रोग से किसानों को बहुत बड़ी क्षति हुई है।

### जनता को किया जा रहा भ्रमित जनसंवाद के नाम पर सरकार की की जा रही प्रचार प्रसार



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता सदर, दुर्गावती (कैमूर)**। संवाददाता की कलम से- जनता को किया जा रहा भ्रमित जनसंवाद के नाम पर किया जा रहा सरकार की प्रचार प्रसार।इन दिनों बिहार सरकार के द्वारा जनसंवाद कार्यक्रम के नाम पर जिला के सभी पदाधिकारी के माध्यम से बिहार सरकार के द्वारा चलाई जाने वाली योजनाओ का प्रचार प्रसार लगातार कराया जा रहा है। यदि सचमुच देखा जाए तो गांव में रहने वाले लोगों को सरकार के द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की सही जानकारी नहीं मिल पाने से, सरकार की योजनाओं के लाभ से ग्रामीण जनता वंचित रह जाते है। लेकिन जनसंवाद यात्रा में पहुंचे ग्रामीणों की एक लालसा पूरी नहीं हो पाती की वह अपना विचार अपने पदाधिकारी के सामने रख सकें, और अपनी समस्याओं से अवगत करा सके। न ही अधिकारियों के द्वारा यह पूछा जाता है की कोई समस्या या कोई परेशानी या हमारे अधिकारियों के द्वारा कोई दिक्कत हो तो आप जनता में से कोई भी व्यक्ति अपना विचार दे सकता है। जनसंवाद यात्रा में शामिल प्रतिनिधि भी निर्माण में आने वाली समस्याओं का कोई जिक्र करते दिखाई नहीं देते। न ही कोई पदाधिकारी किसी प्रतिनिधि से यह कहना उचित समझते है की आपके द्वारा कौन सी योजनाओं पर काम हो रहा है, थोड़ा चल रही योजना का हमें अवलोकन करा दीजिए। जन संवाद का मतलब ही जनता से सीधा जुड़ना और जनता से बातचीत करने से है ।लेकिन सरकार के द्वारा चलाई जा रही योजनाओ की जानकारी देकर चला जाना क्या जनसंवाद कहा जा सकता है। बता दे की जन संवाद यात्रा में जनता फिर भी अपने समस्याओं को एक लिखित आवेदन के रूप में देने के लिए उतावली देखी जाती है, और फिर अपना आवेदन भी देती है। अब देखना यह है कि सरकार के पदाधिकारी वैसे आवेदनों पर कितनी कार्रवाई कर जनता को संतुष्ट करने में कामयाब हो पाते है। ऐसे कार्यक्रम को जन जागरूकता अभियान कहा जा सकता है पर जनसंवाद कार्यक्रम कहना कहीं से भी उचित नहीं दिखता।

### मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत पोस्ट ऑफिस पर हुआ अमृत कलश यात्रा का आयोजन



**दैनिक शुभ भास्कर अनुमंडल संवाददाता, मोहनियां (कैमूर)**। अनुमंडल अंतर्गत रामगढ़ नगर पंचायत स्थित पोस्ट ऑफिस पर शुक्रवार को मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत अमृत कलश यात्रा का आयोजन किया गया। जिसमें रामगढ़ पोस्ट ऑफिस से जुड़े 9 पोस्ट ऑफिस शाखाओं से अमृत कलश में मिट्टी लाया गया इस संबंध में जानकारी देते हुए रामगढ़ पोस्ट ऑफिस के पोस्ट मास्टर संतोष कुमार ने बताया कि आज मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत रामगढ़ प्रखंड में अमृत कलश यात्रा का आयोजन किया गया। जिसमें रामगढ़ पोस्ट ऑफिस से जुड़े 9 शाखाओं से शहीदों, स्वतंत्रता सेनानियों एवं गांव की पूजनीय स्थलों से मिट्टी को एकत्रित किया गया है। जिसको की रामगढ़ पोस्ट ऑफिस पर संग्रहण करके सर्किल कार्यालय पटना भेजा जाएगा। वही इस अमृत कलश यात्रा में बड़ौरा के पोस्ट मास्टर संतोष कुमार, डरबन पोस्टमास्टर राकेश कुमार, आईपीपी एग्जीक्यूटिव अमित कुमार, सुनील कुमार शर्मा एवं कई अन्य कर्मी तथा पोस्टमास्टर मौजूद रहे।

# रहस्यमय स्थिति में महिला की हुई मौत, पोस्टमार्टम के लिए भेजा शव





**दैनिक शुभ भास्कर अनुमंडल संवाददाता, मोहनियां (कैमूर)**। अनुमंडल अंतर्गत रामगढ़ थाना क्षेत्र के लबेदहा गांव में शुक्रवार की सुबह एक महिला की रहस्यमय स्थिति में मौत का मामला प्रकाश में आया है। इस संबंध में बताया जाता है कि लबेदहा की रहने वाली देवंती देवी पति सोनू यादव शुक्रवार की सुबह लगभग 7:30 बजे अपने घर का काम कर रही थी। इस दौरान अचानक उसकी तबीयत खराब हो गई, और वह बेहोश हो गई। घर पर मौजूद देवरानी ने आसपास के लोगों को सूचित किया तथा सूचना के बाद पहुंचे देवर नितोश यादव ने अपनी भाभी को लेकर किसी निजी अस्पताल में गए, जहां पर डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। वहीं इसकी सूचना नितेश यादव द्वारा देवंती देवी के मायके मोहनियां थाना अंतर्गत केकड़हा में दिया गया। जिसके बाद सूचना मिलने के बाद मृतका के मायके वाले भी घटनास्थल पर पहुंचे, वहीं इसकी सूचना रामगढ़ थाने को भी मृतका के भाई अजीत यादव ने दिया। इसके बाद घटनास्थल पर पहुंचकर रामगढ़ पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया तथा अंत्य परीक्षण के लिए सदर अस्पताल भभुआं भेज दिया गया। इस संबंध में रामगढ़ थाना अध्यक्ष शशि भूषण कुमार ने बताया कि मृतका की मौत की वजह क्या है, यह कुछ भी कह पाना असम्भव है। शरीर पर किसी भी तरह का निशान या दाग नहीं दिख रहा है, इसलिए मौत का कारण रहस्य है कुछ भी कहना अभी सही नहीं होगा, पोस्टमार्टम के बाद ही कुछ भी कहा जा सकता है। वही इस संबंध में किसी के द्वारा अभी कोई भी आवेदन नहीं दिया गया है। मृतका के परिजनों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही आवेदन दिया जाएगा। फिलहाल सब की निगाहें पोस्टमार्टम रिपोर्ट पर लगी है, शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भभुआं भेज दिया गया है। बताया जाता है कि 2015 में देवंती देवी की शादी लेबरा स्थित सोनू यादव से हुआ था। जिसे दो बच्चे भी हैं जिनकी उम्र लगभग 2 साल और 3 साल है वही पति दिल्ली में काम करते हैं जो कि अभी दिल्ली में ही है।

## देवी की पूजन कर छोड़े गए चार बकरों के साथ एक मुर्गा दुकानदार गिरफ्त में



**दैनिक शुभ भास्कर जिला संवाददाता, कैमूर**। जिला के रामगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत रामगढ़ नगर पंचायत वार्ड क्रमांक 1 से देवी की पूजन कर छोड़े गए चार बकरों के साथ 1 अपराधी पुलिस की गिरफ्त में। मिली जानकारी के अनुसार नगर पंचायत रामगढ़ दुर्गा चौक से लगभग 200 मीटर की दूरी देवहलिया रोड वार्ड क्रमांक 1 स्थानीय निवासी अनीस कुरैशी, एवं अब्दुल्ला कुरैशी पिता मिर्जा कुरैशी द्वारा मुर्गा काटकर बेचने का दुकान किया गया है। स्थानीय लोगों के द्वारा थाना प्रशासन को गुप्त सूचना दिया गया, कि उक्त दुकानदार द्वारा मां काली की पूजन कर छोड़े गए बकरों को पड़कर काटकर मांस बेचने का कार्य किया जा रहा है। सूचना की पुष्टि हेतु स्थल पर पहुंची थाना प्रशासन द्वारा उक्त दुकान से चार बकरों को बरामद किया गया। सनातन धर्म शास्त्रों के अनुसार काली माता से मन्नत मानने के बाद कार्य पूरा होने के उपरांत बकरे, भैंसा या सांड को पूजा पाठ करने के बाद कान काटकर छोड़ दिया जाता है, पर आए दिन देखने को मिलता है, कि चंद पैसों के लोभ में असामाजिक तत्वों द्वारा, देवी की पूजन कर छोड़े गए सांड, भैंसा या बकरों को पकड़ काटकर बेचने का कार्य किया जा रहा है। जो कि कहीं से भी उचित नहीं है, ऐसी स्थिति में कभी भी सामाजिक सौहार्द बिगड़ने की स्थिति से इनकार नहीं किया जा सकता। बकरे की मीट खाने वाले भी सतर्क हो जाए कहीं ऐसा ना हो कि आपके द्वारा पूजन कर छोड़े गए बकरे का आप खुद ही मीट खा रहे हैं। उक्त दुकान से पाए गए चारों बकरों का कान कटा हुआ पाया गया। जिस जुर्म में थाना प्रशासन द्वारा कान कटे चारों बकरों के साथ दुकान पर मौजूद अब्दुल्ला कुरैशी को गिरफ्त में लिया जा चुका है, वही अनीश कुरैशी एवं मिर्जा कुरैशी मौके से फरार हो गए। सूत्रों की माने तो इस दुकानदार के द्वारा काफी दिनों से इस तरह का घिनौना कार्य किया जा रहा है। संदर्भ में थाना अध्यक्ष के द्वारा बताया गया कि आरोपी को गिरफ्त में लेते हुए जांच प्रक्रिया जारी है।

## मैजिक और बाइक के बीच जोरदार टक्कर, एक की मौत



**दैनिक शुभ भास्कर अनुमंडल संवाददाता, भभुआं (कैमूर)**। अनुमंडल अंतर्गत भभुआं भगवानपुर पथ बलीपुर गांव के पास मैजीक और बाइक की टक्कर में बाइक सवार महिला की मौत। मिली जानकारी के अनुसार पढ़ौती ग्राम वासी संजीत सिंह उम्र 48वर्ष पत्नी लक्ष्मीना देवी उम्र 45 वर्ष जो अपने गांव पढौती से भभुआं की तरफ जा रहे थे, अचानक बलीपुर गांव के समिप मैजिक और बाइक की टक्कर हो गयी, जिससे गंभीर रुप से घायल पति पत्नी मे पत्नी की घटनास्थल पर ही मौत हो गई।और गंभीर रुप से घायल पति को ईलाज के लिए सदर अस्पताल भभुआं भेजा गया। इसकी सूचना मिलते ही स्थानीय प्रशासन घटनास्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल भभुआं के लिए भेज दिया । घटना की खबर गांव में पहुंचते ही परिवार के लोगों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया। पूरे गांव में मातम सा छा गया। सूचना की जानकारी मिलते ही पंचायत मुखिया प्रतिनिधि मंटू शुक्ला घटनास्थल को देखते हुए मृतक के साथ पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल भभुआं पहुचे। तथा घायल पति का बेहतर इलाज के लिए डॉक्टर से संपर्क भी किये। घटनास्थल पर मौजूद भगवानपुर थाना अध्यक्ष अनिल प्रसाद ने बताया कि एक्सीडेंट हुए मैजिक को कब्जे में लेकर थाना परिसर भेज दिया गया है, आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है।

## लाचार पत्नी ने थाने में पहुंचकर लगाई न्याय की गुहार



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, चैनपुर (कैमूर)**। थाना क्षेत्र के बलुआ गाज़ीपुर की विवाहित टुनी देवी पति की मार से तंग हो पति के खिलाफ थाना में आवेदन देकर न्याय की लगाई गुहार । आपको बता दें कि पत्नी का आरोप है कि मेरा शादी 12 वर्ष पहले धर्मेंद्र कुमार बिंद से हुआ है, और उससे चार बेटी और एक बेटा है।टोटल हम लोग सात परिवार है। हम लोगो के पास केवल रहने के लिए ही जमीन है। हम लोग गरीब परिवार से है। इसके बाद भी मेरा पति अपने ही गांव घर के बगल के ही जोखू बिंद की लड़की झनरी देवी को लेकर भाग गया था। कुछ दिन बाहर बिताया लेकिन अब घर आकर ही रह रहा है। बिबाहिता टुनी देवी ने रोकर चैनपुर थाना के एएसआई शंभू कुमार बोली की मुझे न्याय दिया जाय, क्योंकि मेरा पति धर्मेंद्र कुमार बिंद ने एक साथ दो घर को बर्बाद किया है। एक हमारा और एक ग्राम बभनियाव थाना दुर्गावती के राहुल बिंद का राहुल बिंद का शादी झनरी देवी से हुआ हुआ था। जो मेरे पति धर्मेंद्र बिंद का रिश्ता में बेटी लगेगी मेरा पति रिश्ते को भी तार तार किया है। जो कि गांव के ही लड़की है को लेकर फरार हुआ था। और अब आकर घर में रह रहा है, दोनों के षड्यंत्र से आज मेरा गला दबाकर हमें मारना चाहता था। जहां मेरी बेटी ने चिल्ला कर मेरी जान को बचाया। टूनी देवी ने अपनी जान के गुहार चैनपुर थाना में आवेदन देकर लगाई है। अब देखना है कि प्रशासन द्वारा पीड़ित महिला को कितना सहयोग दिया जा रहा है। संदर्भ में थाना अध्यक्ष के द्वारा बताया गया कि महिला के आवेदन स्वीकार करते हुए जांच प्रक्रिया जारी है।

### खादी ग्रामोद्योग द्वारा आयोजित खादी मेला का हुआ उद्घाटन



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता सदर, कैमूर**। भभूआं जगजीवन स्टेडियम में बिहार राज्य खादी ग्रामोद्योग द्वारा आयोजित खादी मेला/प्रदर्शनी का उद्घाटन अपर समाहर्ता, कैमूर द्वारा किया गया। बिहार राज्य खादी ग्रामोद्योग बोर्ड पटना के सौजन्य से खादी मेला प्रदर्शनी का आयोजन लगभग 120 स्टॉल जिसमें खादी हैंडलूम एवं हैंडीक्राफ्ट, हस्तशिल्प, मुख्यमंत्री उद्यमी योजना/PMEGP/ जीविका समूहों एवं अन्य का स्टॉल है।खादी /हैंडलूम एवम् हैंडीक्राफ्ट के पच्चास संस्थाओं द्वारा बिहार झारखंड के उत्पादित अपने उत्कृष्ट सामग्रियों के साथ भाग लिया गया है। इस मेला का मुख्य उद्देश्य खादी वस्त्रों एवं ग्रामोद्योगी उत्पाद का प्रचार प्रसार तथा अधिक से अधिक बिक्री हो सके। उक्त मेला में खादी के 50 स्टॉल, हैंडलूम के 10 स्टॉल, हैंडीक्राफ्ट के 10 स्टॉल, मुख्यमंत्री उद्यमी योजना के 30 स्टॉल, PMEGP के 10 स्टॉल, पीएमएफएमई के 10 स्टॉल तथा अन्य स्टॉल लगाए गए हैं।उद्घाटन के समय अनुमंडल पदाधिकारी, भभुआ, भूमि सुधार उप समाहर्ता, भभुआ महाप्रबंधक जिला उद्योग केन्द्र, परियोजना प्रबंधक जिला उद्योग केन्द्र व कैमूर भभुआ उपस्थित थे।

### किसान इंटर कॉलेज में पहली बार मासिक परीक्षा का आयोजन दोनों पालियों में परीक्षा जारी



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, चैनपुर (कैमूर)**। प्रखंड क्षेत्र के किसान इंटर कॉलेज बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा मासिक परीक्षा सितंबर 2023 का आयोजन किया गया। वही इससे संबंधित जानकारी देते हुए किसान इंटर कालेज अवखरा के प्रधानाध्यापक प्रमोद कुमार सिंह के द्वारा बताया गया, कि इंटर प्रथम वर्ष लगभग 250 परीक्षार्थी शामिल हुए, वहीं द्वितीय वर्ष में लगभग 500 परीक्षार्थी शामिल रहे। परीक्षा को कदाचार मुक्त करने के लिए प्रत्येक कमरे में शिक्षकों की तैनाती कि गई है। ताकि परीक्षा को कदाचार मुक्त सम्पन्न कराया जाय। वही विद्याथियों से बातचीत करने के बाद परीक्षार्थी भी खुशी का इजहार किए छात्राए भी काफी उत्साहित दिखीं गई।

### 21 सूत्रीय मांग को ले अनिश्चितकालीन धरने पर बैठी आंगनबाड़ी सेविका



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता सदर, दुर्गावती (कैमूर)**। प्रखंड परिसर में बिहार राज्य आंगनबाड़ी संयुक्त संघर्ष समिति के बैनर तले शिव मंदिर के प्रांगण में 21 सूत्री मांगों को लेकर आंगनबाड़ी सेविका और सहायिकाओं ने अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन किया। अपनी मांगों को लेकर पहुंची सेविका और सहायिकाओं ने नारेबाजी करते हुए धरने पर बैठ गई। प्रदर्शन कर रही सेविका सहायिकाओ ने बताया की मांगे पूरी नहीं होने पर बिहार विधानसभा का घेराव किया जाएगा। साथ ही सड़क से लेकर संसद तक मार्च किया जाएगा तथा मांगे पूरी नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी। धरने की अध्यक्षता कर रही आंगनवाड़ी प्रखंड अध्यक्ष आरती देबी की ने बताती है कि पूर्व में किए गए वादे को सरकार भुल गयी है। पिछले विधानसभा चुनाव के दौरान महागठबंधन द्वारा अपने घोषणा पत्र में सरकार बनने पर आंगनबाड़ी सेविका और सहायिका के मानदेय को दुगुना करने का वादा किया गया था, लेकिन आश्वासन के बाद भी सरकार दोहरी नीति अपना रही है।

### बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ राष्ट्रीय जनता दल का कार्यकर्ता सम्मेलन



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता सदर, कैमूर**। भभूआं राष्ट्रीय जनता दल प्रधान कार्यालय भभुआं में बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ राष्ट्रीय जनता दल के तत्वाधान में जिला कार्यकर्ता सम्मेलन किया गया, इस सम्मेलन का अध्यक्षता एवं संचालन कर्ता बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष सुरेश सिंह ने कि जिसमें उपस्थित उदघाटन कर्ता पूर्व डीजीपी अशोक कुमार गुप्ता मुख्य अतिथि भभुआं विधानसभा के एवं विशिष्ट अतिथि गया स्नातक क्षेत्र पूर्व प्रत्याशी डॉ पुनित सिंह, राजद जिला अध्यक्ष अकलु राम , बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के कोषाध्यक्ष विजय बहादुर गुप्ता, संजय कुमार वर्मा, ऋषि केश जी साथ इस सभा में बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के पदाधिकारी , कार्यकर्ता ने बीते समय के साथ अब तक का अनुभव शेयर किए साथ प्रदेश अध्यक्ष जी ने अनुभव साझा करते हुए तमाम भाजपा के जन विरोधी नीतियों के खिलाफ हुंकार भरे और अपने प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष को सुझाव देते हुए बोले कि जिला, प्रखंड, नगर, पंचायत एवं बूथ स्तर तक का कमिटी गठन कर राजद के विचारों को गांव गली गली तक पहुंचाए साथ महिला आरक्षण पर बयान देते हुए बोले कि भाजपा सरकार का ये सगूफा के रूप जुमला है इस लोकसभा चुनाव में पारित नहीं होने वाली है बल्कि ये पिछड़ा दलित विरोधी बिल है साथ हीं ये महिलाओं को छलने का कार्य करना चाहती है इस चुनाव में, साथ हीं विधायक जी और अध्यक्ष जी ने अनुभव साझा करते हुए बोले कि आपके विचारों को हम सभी कैमूर जिला राष्ट्रीय जनता दल के लोग कंधे से कंधा मिलाकर पार्टी को मजबूत करते हैं और करते रहेंगे।

धरना | महिला पर्यवेक्षिका के रिक्त पदों पर वरियता के आधार पर 50% द्वारा भरे

# आंगनबाड़ी सेविकाओं का अनिश्चित कालीन हड़ताल जारी, किया धरना-प्रर्दशन




**दैनिक शुभ भास्कर अनुमंडल संवाददाता, भभुआं (कैमूर)**। अनुमंडल के भगावनपुर प्रखंड अंतर्गत बाल विकास विभाग के सामने संयुक्त संघर्ष समिति के तत्वावधान में 21 सुत्री मांगों की पुर्ती को लेकर आंगनबाड़ी सेवीका सहायिकाओं का अनिश्चितकालीन हड़ताल का ऐलान किया गया धरना प्रदर्शन। धरना प्रदर्शन में सम्मिलित आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा बताया गया कि काम ज्यादा लेकिन मजदूरी नहीं के बराबर है। वह भी इतनी महंगाई में अपने परिवार का कैसे जीवन व्यतीत करें। इस पर राज्य सरकार का कोई ध्यान नहीं है। बल्कि जी तोड़ काम कराने का ध्यान है। जिससे लेकर चैनपुर प्रखंड की आंगनवाड़ी सेविका सहायिका कार्यकर्ताओं ने अनिश्चितकाल हड़ताल रहने का ऐलान किया। उनके द्वारा कहा गया कि सरकारी कर्मी का दर्जा वेतनमान लागू करें, महिला पर्यवेक्षिका के रिक्त पदों पर वरियता के आधार पर 50% द्वारा भरे। बढ़ती मंहगाई को देखते हुए कुशल मजदुर की मजदुरी 25 हजार सहायिका का 18 हजार प्रति माह भुगतान करें। चैनपुर बाल विकास परियोजना विभाग को दे दी गई है। वहीं अनिश्चितकाल हड़ताल होने से सरकार की कई प्रमुख योजनाऐ बाधित हो सकती है। और जिससे बल विकास योजना का लाभ सुचारू ढंग से नहीं मिल पायेगा। हड़ताल पर चले जाने पर सेविका सहायिका कार्यकर्ताओं ने बाल विकास परियोजना विभाग के सामने धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष सेविका माया श्रीवास्तव संचालन कर्ता पिंकी सिंह ने किया। उन्होंने कहा कि हमलोग कड़ी मेहनत और वफादारी के साथ सरकार की हर योजना को जनता के बीच पहुंचाते हैं। और उस योजना को सफल बनाया जाता है। जबकि बाल विकास विभाग काम ज्यादा देती है। लेकिन उसके हिसाब से मजदूरी नहीं मिलती है। । जिससे राज्य सरकार के प्रति जबरदस्त आक्रोश व्याप्त है। उन्होंने बताया जिससे हमलोगो की प्रमुख मांग है। अगर सरकार इस पर अमल नहीं करती है तो हड़ताल जारी रखा जायेगा। जिसमें सभी सेविका सहायिका कार्यकर्ताओं को सहयोग मिल रहा है।

## गया पिंडदान करने जा रहे यात्रियों की सड़क हादसे में एक की मौत











**दैनिक शुभ भास्कर जिला संवाददाता, कैमूर**। कैमूर जिले के कुदरा थाना क्षेत्र के पक्षाहगंज के पास रात्रि में पर्यटक बस और ट्रक की भिड़ंत हो गई । जिसमें एक पर्यटक की घटना स्थल पर ही मौत हो गई, दर्जनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास के लोगों द्वारा सभी घायलों को बाहर निकालते हुए कुदरा थाना और एनएचएआई को सूचना दिया गया। जहां कुदरा थाना प्रभारी द्वारा घटनास्थल पर पुलिस टीम भेज कर राहत बचाव कार्य में जुट गए तो वही अस्पताल प्रभारी को फोन कर अस्पताल में सभी कर्मियों को अलर्ट रहने की बातें कहीं। जहां एनएचएआई के दो और सरकारी अस्पताल के कुल पांच एंबुलेंस ने मोर्चा थामा। 13 घायलों को सीएचसी कुदरा उपचार के लिए पहुंचाया गया। जिसमें आठ लोगों की स्थिति काफी नाजुक हैं। तो 3 घायल को घटनास्थल से अनुमंडल अस्पताल मोहनियां भेजा गया, अस्पताल पहुंचते ही सभी घायलों का प्राथमिक उपचार कर बेहतर उपचार के लिए सदर अस्पताल भभुआं भिजवा दिया गया । अस्पताल के भी दो चिकित्सक सहित कुल 15 लोगों का टीम लोगों के उपचार में जुटा हुआ था। सभी तीर्थ यात्री उड़ीसा के रहने वाले हैं, जो गया मैं पिंड दान करने और काशी भ्रमण को लेकर आए हुए थे। जहां उनकी बस nh2 के दक्षिणी लेन में अज्ञात ट्रक से टकरा गई ।जानकारी देते हुए उड़ीसा के पर्यटक सूर्य नारायण महाय और जमुना प्रसाद ने बताया उड़ीसा से हम 17 लोग पिंडदान करने और काशी भ्रमण को लेकर आए हुए थे। जहां हमारी बस की टक्कर ट्रक से हो गई जिसमें हम लोग घायल हैं। जिस समय घटना हुई उस समय हम लोग सो रहे थे जिस कारण समझ नहीं पाए घटना कैसे हुई। जब आंख खुली तो गाड़ी डैमेज थी हम सभी लोग एक दूसरे पर दबे पड़े थे।एनएचएआई के पेट्रोलिंग कर्मी उमेश चंद्र चौबे ने जानकारी देते हुए बताया nh2 के चैनल नंबर 891 के पास ट्रक से बस की टक्कर हुई है। लगभग 17 से 18 लोगों को अस्पताल लाया गया है। इसमें हाईवे और सरकारी दोनों एम्बुलेंसों ने कार्य किया है। सीएचसी कुदरा की प्रभारी डॉक्टर रीता कुमारी ने जानकारी देते हुए बताया मेरे अस्पताल में कुल 13 लोग आए हुए हैं 6 लोगों का हेड इंजूरी था। जो सीरियस थे प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल भभुआं रेफर कर दिया गया है।

## ख़ास ख़बर

### शासन के निर्देश पर शुरू हुआ 102 और 108 एंबुलेंस की जांच



**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो पुनित कुमार त्रिपाठी, गाजीपुर।** आम जन को स्वास्थ सुविधा निशुल्क उपलब्ध कराने के उद्देश से यूपी सरकार के द्वारा चलाई गई 102 और 108 एंबुलेंस का औचक निरिक्षण 28 सितंबर से 30 सितंबर तक कीए जाने का शासन का निर्देश है। जिसके क्रम में सदर ब्लॉक प्रभारी दीपक राय के द्वारा शुक्रवार को कई एंबुलेंस का निरीक्षण व जांच किया गया। इस दौरान एंबुलेंस के अंदर रखे गए सभी उपकरण एवं रजिस्टर की जांच की गई जो सही पाए गए। सदर ब्लॉक प्रभारी दीपक राय ने बताया कि शासन से मिले निर्देश के क्रम में 102 और 108 एंबुलेंस जो आम जन की सुविधा के लिए चल रहे हैं। इस एंबुलेंस के अंदर रखे गए उपकरण और रजिस्टर कितना कारगर है इसका सत्यापन करने का निर्देश दिया गया था। जिसके क्रम में उन्होंने आज उनके द्वारा कई एंबुलेंस का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान एंबुलेंस के अंदर रखे हुए उपकरण और रजिस्टर सही पाए गए। उन्होंने बताया कि जनपद में 102 एंबुलेंस की संख्या 42 और 108 एंबुलेंस की संख्या 37 है। जिसमें से अब तक 45 एंबुलेंस का निरीक्षण संपन्न हो चुका है। इस अवसर पर सभी जिला प्रभारी एवं कार्यक्रम प्रबंधक मौजूद रहे।

### चौदह वर्षीया किशोरी के साथ चचेरे भाई ने किया दुष्कर्म

**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो पुनित कुमार त्रिपाठी, गाजीपुर।** बहरियाबाद थाना क्षेत्र के एक गांव निवासिनी 14 वर्षीया किशोरी के साथ चचेरे भाई द्वारा महीनों तक दुष्कर्म करने तथा बाद में जबरिया गर्भपात कराने का सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है। पीड़िता द्वारा आरोपी चचेरे भाई के खिलाफ दिए गए तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर बहरियाबाद पुलिस विधिक कार्रवाई कर रही है। पीड़िता ने पुलिस को दिए तहरीर में उल्लेख किया है कि उसके शादीशुदा चचेरे भाई ने लगभग चार-पांच माह पूर्व पैसे का प्रलोभन देकर बहला-फुसलाकर उसके साथ शारिरीक संबंध बनाया। इसके बाद जब किशोरी के गर्भवती होने की जानकारी आरोपी चचेरे भाई को हुई तो उसने बीते 20 सितम्बर को जबरिया उसे रायपुर स्थित एक नर्स के यहां ले जाकर उसका गर्भपात करवा दिया। उस दिन किशोरी की मां और भाभी किसी कार्यवाश आजमगढ़ जिले के खरिहानी बाजार गई थी। उधर किशोरी का गर्भपात कराने के बाद आरोपी उसे छोड़कर फरार हो गया। उस दिन वह वहीं पड़ी रही। अगले दिन किशोरी अपने माता-पिता को आजमगढ़ के उचहुंवा बाजार के पास तरवां मार्ग पर मिली। किशोरी ने माता पिता को आप बीती बताया।

### लम्बे समय से फरार दलीपराय पट्टी निवासी पशु तस्कर के खिलाफ हुई धारा 82 में कार्रवाई



**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो पुनित कुमार त्रिपाठी, देवकली।** रामपुर मांझा थाने के पैकवली चौकी इंचार्ज ने लम्बे समय से फरार चल रहे सादात थानाक्षेत्र के दलीपराय पट्टी निवासी पशु तस्कर के घर व गांव में डुगडुगी पिटवाकर नोटिस चस्पा की। ये कार्रवाई धारा 82 के तहत की गई। चौकी इंचार्ज संजय सरोज ने बताया कि आरोपी दीपक यादव पुत्र स्व सर्वजीत यादव पर पशु तस्करी के आरोप में रामपुर मांझा थाने में मुकदमा दर्ज था, जिससे उसके खिलाफ न्यायालय से वारंट जारी किया गया। फिर भी हाजिर न होने पर उसके खिलाफ धारा 82 की कार्रवाई करने की नोटिस जारी की। जिसके बाद चौकी इंचार्ज ने हेड कांस्टेबल राजेन्द्र कुमार रत्ना, कांस्टेबल शिवम गौतम, शिवप्रकाश यादव व महिला कांस्टेबल शांति देवी को साथ लेकर आरोपी के घर पहुंचे। वहां गांव में डुगडुगी पिटवाकर मुनादी कराई और उसके घर पर नोटिस चस्पा की। कहा कि इसके बाद भी आरोपी हाजिर नहीं हुआ तो घर की कुर्की भी की जाएगी।

### जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में खूनी संघर्ष



**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो पुनित कुमार त्रिपाठी, गाजीपुर।** बहरियाबाद थाना क्षेत्र के मिर्जापुर गांव में गुरुवार की शाम जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर लाठी-डंडा चला। मारपीट की इस घटना में दोनों पक्ष से सात लोग घायल हुए हैं। घायलों में एक पक्ष से सुशील सिंह और दो अन्य लोग तथा दूसरे पक्ष से शोभा यादव, शिवराज यादव, आशीष यादव और होली देवी घायल हुई। घायलों का मिर्जापुर पीएचसी पर मेडिकल कराया गया है। थानाध्यक्ष कृपेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि एक पक्ष से मिर्जापुर निवासी सुशील सिंह ने शिवराज यादव, आशीष सहित 18 लोगों को नामजद तथा 20 अज्ञात के खिलाफ तहरीर दी है, जबकि दूसरे पक्ष से शोभा यादव ने सुशील सिंह सहित सात लोगों को नामजद व अज्ञात लोगों के विरुद्ध तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस केस दर्ज कर आगे की कार्रवाई कर रही है। उल्लेखनीय है कि इस जमीनी विवाद में दोनों पक्षों के बीच पहले भी तीन_चार बार मारपीट हो चुकी है।

# महामंडलेश्वर स्वामी भवानी नन्दन यति का चातुर्मास महानुष्ठान संपन्न



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, सुरेश चन्द्र पाण्डेय, गाजीपुर।** सिद्धपीठ हथियाराम मठ के 26वें पीठाधिपति एवं जूना अखाड़ा के वरिष्ठ महामंडलेश्वर स्वामी श्री भवानीनंदन यति महाराज के चातुर्मास महानुष्ठान की शुक्रवार को वैदिक मंत्रोच्चार संग किए गए हवन पूजन के साथ पूर्णाहुति हुई। श्रावण प्रतिपदा से आरंभ होकर भाद्र पद पूर्णिमा तक चले इस अनुष्ठान की पूर्णाहुति में जनप्रतिनिधियों से लेकर प्रशासनिक अधिकारी और विद्वतजनों ने हिस्सा लिया। अंत में पुण्य लाभ की कामना संग लोगों ने भंडारा से महाप्रसाद ग्रहण किया। उल्लेखनीय है कि अध्यात्म जगत में एक तीर्थ स्थल के रूप में विख्यात लगभग साढ़े सात सौ वर्ष से भी अधिक प्राचीन सिद्धपीठ हथियाराम मठ के 26वें पीठाधीश्वर स्वामी भवानी नन्दन यति द्वारा सिद्धपीठ की गद्दी पर आसीन होने के साथ ही अपने गुरुजनों की प्रेरणा व उनके मार्ग का अनुसरण करते हुए चातुर्मास अनुष्ठान का संकल्प लिया था। चातुर्मास की पूर्णाहुति पर प्रमुख यजमान और महामंडलेश्वर के साथ ही जिलाधिकारी आर्यका अखौरी, पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह व अन्य ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हवन कुंड में आहूति दिया। महामंडलेश्वर स्वामी भवानीनंदन यति ने अपने ब्रह्मलीन गुरु महामंडलेश्वर स्वामी बालकृष्ण यति महाराज के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित व माल्यार्पण कर किया। समापन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि बीएचयू के पूर्व कुलपति प्रो. जीसी त्रिपाठी ने राष्ट्र के प्रति समर्पण की भावना से कार्य करने का आह्वान किया ताकि भारत एक बार फिर विश्वगुरु बन सके। उन्होंने गुरु महाराज और सिद्धपीठ की महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि गुरु ही वह शक्ति है जो हमें आगे बढ़ने का मार्ग प्रशस्त करती है। यदि ईश्वर रुठ जाये तो बहुत परेशान होने की आवश्यकता नहीं क्योंकि गुरु की कृपा से ईश्वर को मनाया जा सकता। गुरु को रूठने नहीं देना चाहिए। सिद्धपीठ की धरती अत्यंत ही पावन और वंदनीय है, जहां की अधिष्ठात्री देवी मां के दर्शन पूजन से समस्त कष्टों का निवारण होता है। उन्होंने कहा कि समाज की ज्यादा क्षति सज्जनों की चुप्पी से हुई है, दुष्टों की दुष्टता से नहीं। महाराज जी ने सज्जन शक्ति के जागरण का कार्य शुरु किया है। भारत अधिकार प्रधान नहीं कर्तव्य प्रधान देश रहा है। विशिष्ट अतिथि बलिया के सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त ने श्री अन्न के प्रयोग पर बल दिया। कहा कि बाजार के असर ने विखंडन पैदा किया है आज संयुक्त परिवार टूट रहे हैं, जिसे रोकना होगा। उन्होंने कहा कि प्रत्येक परिवार द्वारा गो पालन किया जाना चाहिए। मोटे अनाज का उत्पादन करने का आह्वान किया। आरएसएस के प्रांत प्रचारक रमेश जी ने कहा कि अखंड भारत संस्कारयुक्त श्रेष्ठ भारत, आदि आदि इस अनुष्ठान का ध्येय वाक्य है। कहा कि हमारी संस्कृति ऋषि और कृषि परंपरा पर आधारित है। देश को परम् वैभव की ओर ले जाने के लिए दो परंपराएं काम कर रही हैं संत परंपरा और संघ परंपरा। उन्होंने सारे विचारों का संगम हथियाराम मठ को बताते हुए यहां की मिट्टी को चंदन के समान बताया। पीठाधीश्वर ने आशीर्वचन देते हुए चातुर्मास अनुष्ठान की महत्ता और सनातन संस्कृति को दृष्टिगत रखते हुए धर्म संस्कृति से जुड़ने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सभी धर्मों से बढ़कर मानवता का धर्म है, जिसका पालन करें। इस अवसर पर जूना अखाड़ा के महामंडलेश्वर स्वामी परेशानंद यति, कनुआन मठ के स्वामी सत्यानंद महाराज, देवरहा बाबा, जिलाधिकारी आर्यका अखौरी, एसपी ओमवीर सिंह, जंगीपुर विधायक वीरेन्द्र यादव, सुभाष सिंह, भुड़कुड़ा पीजी कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर बृजेश जायसवाल, हथियाराम कन्या पीजी कॉलेज के प्राचार्य डॉ रत्नाकर त्रिपाठी, शिक्षिका प्रो. अमिता दूबे, डा. संतोष मिश्रा, डा. संतोष यादव, प्रो. आनंद सिंह, रामचंद्र जी, अजीत जी, आचार्य विनोद उपाध्याय, राजेश्वर सिंह, केडी सिंह सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे।

## पत्रकार अमरेन्द्र सिंह के पिता जी रामअवतार सिंह का निधन



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता वीरबहादुर मौर्या, जमानियाँ (गाजीपुर)।** स्थानीय तहसील क्षेत्र के ग्राम बरुइन निवासी इलेक्ट्रानिक मीडिया के पत्रकार अमरेन्द्र सिंह के पिता जी रामअवतार सिंह (85) का आकस्मिक निधन गुरुवार को लखनऊ स्थित निजी आवास पर हो गया। वे लम्बे समय से बिमार थे। मृत्यु की सूचना मिलते ही गाँव सहित स्वजनों में शोक की लहर दौड़ गई। इलेक्ट्रानिक मीडिया पत्रकार अमरेन्द्र सिंह के पिता जी रामअवतार सिंह पिछले कुछ महीनों से बिमार थे। इनका इलाज लखनऊ स्थित निजी चिकित्सालय में चल रहा था। समअवतार सिंह केन्द्रीय वित्त रक्षा मंत्रालय में सीनियर एकाउंटेंट पद से वर्ष 2000 में सेवानिवृत्त थे। सरल स्वभाव व उच्च व्यक्तित्व के कारण सभी के प्रिय थे। उनकी मृत्यु की सूचना मिलते ही गॉव व क्षेत्र सहित स्वजनों में शोक व्याप्त हो गया तथा लखनऊ से शव देर रात पैतृक गांव बरुइन आते ही ग्रामीण व स्वजन दरवाजे पर आकर शोक संवेदना व्यक्त करते हुए परिजनों को ढ़ाढ़स बढ़ाया। वे अपने पीछे दो पुत्र व एक पुत्री के साथ भरा पूरा परिवार छोड़ गए है। उनकी मृत्यु से परिवार वालो को गहरा आघात पहुँचा है। अंतिम संस्कार चक्काबांध स्थित गंगा घाट पर हुआ। पुत्री कंचन ने भी पिता की अंतिम यात्रा में शामिल होकर कंधा दिया। मुखाग्नि बड़े पुत्र कमलेश सिंह ने दिया। अंतिम यात्रा के दौरान प्रबन्धक उपेन्द्र सिंह शिवजी, संसार सिंह, रमेश सिंह, मनोज पाण्डेय, अमरनाथ सिंह, पत्रकार सलीम मंसूरी, प्रमोद यादव, चंद्रमौली पाण्डेय, वीर बहादुर कुशवाहा, रतन श्रीवास्तव, संतोष शर्मा, अमित उपाध्याय, पुनीत त्रिपाठी, विकास सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

## विभाग की छवि धूमिल करने वालों के खिलाफ कार्रवाई के लिए लिखा पत्र



**दैनिक शुभ भास्कर, संवाददाता रमेश प्रसाद सोनी।** स्वास्थ विभाग और फार्मासिस्ट ड्रग वेयरहाउस के खिलाफ बीते दिनों कूट रचित एवं भ्रामक पोस्ट लगाकर छवि धूमिल किए जाने के मामले को लेकर मुख्य चिकित्सा अधिकारी के द्वारा 5 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराए जाने का पत्र पुलिस अधीक्षक को सौपा गया। फार्मासिस्ट ड्रग वेयरहाउस मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय बुद्धिलाल ने बताया कि 22 सितंबर की रात करीब 10 बजे अश्वनी यादव निवासी मोहनपुरवा एवं अन्य पांच लोग उनकी छवि धूमिल करने के उद्देश्य से भ्रामक पोस्ट छपवाकर सीएमओ कार्यालय, सीएमओ निवास ,जिला चिकित्सालय ,विकास भवन सहित कई अन्य जगहों पर लगाया गया। रात्रि लगभग 1 बजे उनके आवास पर जाकर उनको एवं उनकी पत्नी को गालियां भी दी गई। जिसको लेकर 23 सितंबर को डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन एवं अन्य कर्मचारियों के द्वारा पत्र मुख्य चिकित्सा अधिकारी को सौपा गया। इसके पश्चात मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ देश दीपक पाल ने इस मामले में कार्रवाई करते हुए मुकदमा दर्ज कराए जाने के संबंध में पत्र एसपी गाजीपुर को लिखा है। पत्र सौपने वालों में ओंकार नाथ पांडेय अध्यक्ष डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन ,रमेश राम मंत्री डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन,मनोज यादव अध्यक्ष वाहन चालक , अनिल चौबे ,राघवेंद्र सिंह व अन्य लोग भी मौजूद रहे।

## डीएम के निर्देश पर पीएचसी पर चिकित्सा प्रभारी कागज में नियुक्त



**दैनिक शुभ भास्कर , संवाददाता रमेश प्रसाद सोनी, दुल्लहपुर गाजीपुर।** दुल्लहपुर थाना क्षेत्र के परमवीर चक्र विजेता शहीद वीर अब्दुल हमीद के नाम बना अस्पताल में 4 माह से रिक्त चल रहे चिकित्सक के पद पर तैनाती के लिए 12 दिन पूर्व आए आदेश के बाद भी अब तक चिकित्सक की तैनाती नहीं हो पाई । ग्रामीणों ने स्वास्थ्य विभाग पर आरोप लगाते हुए कहा कि डीएम के निर्देश के बावजूद अस्पताल पर चिकित्सक की तैनाती नहीं हो पाया। पूर्व में नियुक्त चिकित्सक डॉक्टर राकेश रोशन का शासन के द्वारा स्थानांतरण मऊ जनपद में हो जाने के बाद 4 माह से चिकित्सा का पद रिक्त पड़ा था। जिसको लेकर धामूपुर के गांव के समाजसेवी अनिकेत चौहान ने 24 अगस्त को पीएमओ को पत्र लिखकर परमवीर चक्र विजेता वीर अब्दुल हमीद प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर चिकित्सक के तैनाती की मांग की गई थी । जिसका संज्ञान लेते हुए पीएमओ ने शीघ्र चिकित्सा तैनाती का निर्देश दिया था । इसके बाद जनपद के स्वास्थ्य विभाग से डॉक्टर की नियुक्ति का आदेश जारी कर दिया गया । हथियारम मठ स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सक डॉ अनूप राजभर की पीएचसी धामूपुर में सप्ताह में 3 दिन की तैनाती का आदेश जारी किया गया था लेकिन 12 दिन बीत जाने के बाद भी अब तक अस्पताल पर चिकित्सक की नियुक्ति नहीं होने से परेशान है। ग्रामीणों ने कहा कि इस समय डेंगू, मलेरिया ,टाइफाइड बीमारी का प्रकोप काफी तेजी से चल रहा है। लेकिन क्षेत्र में क्षेत्र के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर चिकित्सक न होने से ग्रामीण इलाज के लिए परेशान। वही मजबूरी में प्राइवेट चिकित्सा के पास भी जाने को मजबूर हैं। जनपद मुख्यालय और ब्लॉक मुख्यालय का चक्कर लगाना पड़ रहा है। समाजसेवी अनिकेत चौहान ने बताया कि तैनाती के लिए कई बार पत्र लिखा गया है, लेकिन स्वास्थ्य विभाग अनसुना कर दे रहे हैं।

### सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मनिहारी में रिश्वत मामले में छात्र नेता विवेकानंद पांडेय ने डिप्टी सीएम को कराया अवगत



**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो पुनित कुमार त्रिपाठी, गाजीपुर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मनिहारी में फार्मासिस्ट सूर्यभान सिंह यादव ने कुत्ते काटने की इंजेक्शन लगाने के एवज में पच्चास रूपया रिश्वत लिये जाने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद छात्र नेता विवेकानंद पांडेय ने डिप्टी सीएम व स्वास्थ मंत्री वृजेश पाठक को भेजकर अवगत कराया। हालांकि वायरल वीडियो पुराना बताया जा रहा है। डिप्टी सीएम ने मामले को संज्ञान में लेकर तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मनिहारी में तैनात फार्मासिस्ट को तत्काल हटाने व पांच दिन के अंदर रिपोर्ट प्रेषित करने के लिए सीएमओ देश दीपक पाल को निर्देशित किया है। विवेकानंद पांडेय ने बताया कि यह मामला मेरे संज्ञान में आते ही डिप्टी सीएम को अवगत कराया अभी हाल ही में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सदात में डाक्टर द्वारा बाहर की दवा लिखी जा रही थी। उस पर जांच चल रही है। छात्र नेता विवेकानंद पाण्डेय इससे पहले भी कई मामलों में डिप्टी सीएम को अवगत करा चुके हैं। छात्र नेता के इस कार्य की प्रशंसा जोरों शोर से चल रही है।

### देश की चौथे स्तंभकारों को एलजी पुत्र अभिनव सिन्हा ने किया सम्मानित



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, सुरेश चन्द्र पाण्डेय, जखनिया गाजीपुर।** जखनिया के माता तेतरा देवी सच्चिदानंद गर्ल्स डिग्री कॉलेज में आज शाम 5:00 बजे वरिष्ठ पत्रकारों को जम्मू एंड कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा के पुत्र अभिनव सिंह ने अंगवस्त्र और मोमेंटो देकर किया सम्मानित। इस मौके पर एलजी पुत्र अभिनव सिंह ने कहा कि देश के चौथे स्तंभ कारों का समाज में बहुत ही महत्वपूर्ण योगदान है। पत्रकार समाज का दर्पण होता है और अपने खबरों को समाज के सामने पारदर्शिता पूर्वक परोसता है।देश के चौथे स्तंभ कारों ने भारत की आजादी दिलाने में भी अहम भूमिका निभाई। आज के प्रवेश में पत्रकारिता जगत में कड़ी मेहनत के साथ वरिष्ठ पत्रकारों ने समाज में जो आए दिन लोगों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाकर उच्च अधिकारियों तक भेज कर समस्या का हल करते हैं। ऐसे ही पत्रकारों की समाज में जरूरत है। प्रधान प्रतिनिधि सर्वानंद सिंह ने कहा कि जखनिया के पत्रकार हर खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित करके समाज के सामने परोसने का कार्य करते हैं यह काफी सराहनीय है। इस मौके पर अटल सिंह, शमीम अहमद, गोपाल पांडे, सुरेश पांडे, उपेंद्र कुमार, पन्नालाल, वेद पांडे ,कमलेश यादव, रमेश सोनी आदि लोग मौजूद रहे।

### स्वच्छ भारत मिशन गांव में तोड़ रही दम



**दैनिक शुभ भास्कर , संवाददता सुरेश चन्द्र पाण्डेय, जखनियां गाजीपुर।** जखनिया विकास खंड के जफरपुर गांव में 2018 से 2020 में पीएम श्री नरेंद्र मोदी ने स्वच्छ भारत मिशन के तहत हर घर शौचालय का निर्माण स्वरूप 12000 का लाभ दिया गया।लेकिन शौचालय ठेकेदारी पर देने और विचौलियो के चलते शौचालय का चार दिवारी जोडकर पैसे का बंदर बाट किया।जिसका नतीजा रहा कि आज भी खुले में सड़क पर ही शौच कर गंदगी फैला रहे है।सड़क से गुजरने वाले राहगीरों व शिक्षा ग्रहण करने वाले बच्चे मूंह पर रूमाल रख सड़क पार करते हैं।आज भी शौचालय के नाम पर खंडर होकर हरी घास पर झाड़ियां उग गए हैं।त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में श्रीकेश गोड ने प्रधानी जीतकर ढाई सौ शौचालय का ओडीएफ पल्स के तहत आवेदन दिया गया लेकिन आज तक शौचालय का बजट पास नही हुआ।कुछ लोग झोरिया राज मार्ग से छुतमा,तालभीतर, सोम्मरबारी, नवपूरवा,रामपुर पतारी जलालाबाद से मरदह मार्ग में मिलती है।इस सड़क पर गंदगी होने से राहगीरों को काफी परेशानी होती है।खंड विकास अधिकारी त्रिवेणी राम ने कहा कि घरेलू शौचालय को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया।गांव गांव शौचालय निर्माण कार्य हुए फिर भी कुछ लोगो सार्वजनिक सड़क पर गंदगी फैला रहे है यह ठीक नहीं जांच कराकर कार्यवाही कराई जाएगी।

**मांग** एक सप्ताह के अंदर प्रभारी चिकित्सा अधिकारी के यहा प्राप्त कराना होगा यह अभिलेख

# महादेव हास्पिटल का मामला पकड़ा तूल



**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो पुनित कुमार त्रिपाठी, गाजीपुर।** सीएम से एक बार फिर शिकायत करने के बाद सदात थाना क्षेत्र अंतर्गत महादेव हास्पिटल का मामला अब तूल पकड़ने लगा है। बीते 27 सिंतबर को महादेव हास्पिटल पर फिर छापेमारी हुई थी जिसमें हास्पिटल खुला हुआ मिला था। कुछ दिनों पहले भी इस हास्पिटल को लेकर सीएम से शिकायत किया गया था जिस पर एसीएमओ डॉ शिशिर शैलेश के द्वारा जांच किया गया था और रिपोर्ट में दर्शाया गया था कि महादेव हास्पिटल पिछले 6 महीनो से बंद है। जिस पर शिकायत कर्ता ने फिर सीएम से शिकायत कर महादेव हास्पिटल पर कार्यवाही करने की मांग किया। जिसको लेकर बीते दिनों सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मिर्जापुर के टीम ने छापेमारी किया उस दौरान महादेव हास्पिटल खुला हुआ मिला। अब जरा आप भी सोच सकते हैं जिले के स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को एक अधिकारी ने खुला बताया और दूसरे ने 6 महीने से बंद बता दिया था।

**महादेव हास्पिटल पर हो सकता है एफआईआर दर्ज-** शिकायती पत्र में लगाये गये रिपोर्ट के अनुसार छापेमारी के दौरान महादेव हास्पिटल में चिकित्सकीय कार्य करते पाये गये थे। अधिकारियों द्वारा हास्पिटल संचालक को निर्देशित किया गया कि अपनी चिकित्सकीय योग्यता यू०पी० मेडिकल काउंसिल का पंजीयन प्रमाण पत्र एवं कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी का पंजीयन प्रमाण पत्र पर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में एक सप्ताह के अंदर प्राप्त कराना सुनिश्चित करें।अन्यथा आपके विरूद्ध कई आई०पी०सी० की धारा 419 व 420 तथा इंडियन मेडिकल काउंसिल एक्ट की धारा 15(3) के साथ जालसाजी युक्त अभिलेखों के लिया आई०पी०सी० की धारा 488 व 471 के अंतर्गत एफआईआर दर्ज करने हेतु पुलिस अधीक्षक गाजीपुर को सूचित कर दिया जाएगा। लेकिन सूत्रों की मानें तो महादेव हास्पिटल का रजिस्ट्रेशन नहीं है अब तो मजे कि बात तो यह होगा कि स्वास्थ विभाग रजिस्ट्रेशन कितना जल्द दे देता है।

**इस मामले को लेकर से महादेव हास्पिटल आया था चर्चा में-** दरअसल कुछ दिनों पहले सदात थाना क्षेत्र अंतर्गत ओड़ासन गांव निवासिनी पुष्पा बनवासी (25) पत्नी मनोज बनवासी जो एक बच्चे की मां है। पीड़ित ने आरोप लगाते हुए बताया था मेरे पत्नी को अचानक बाथरूम के रास्ते से लैट्रिन होने लगा तो मनोज बनवासी ने महादेव हॉस्पिटल में दिखाया महादेव हॉस्पिटल के डॉक्टर ने कहा कि पच्चीस हजार रुपए में हम ठेका ले रहे हैं ठीक कर देंगे। लेकिन ऑपरेशन के एक सप्ताह बाद भी हालत वही रहा तो महादेव हॉस्पिटल के संचालक ने इन्हें वाराणसी के किसी प्राइवेट हॉस्पिटल को बताया उन्होंने कहा कि मेरे भाई का हास्पिटल है। वहां जाइए आपका ऑपरेशन हो जाएगा लेकिन वहां जाने पर भी तीन बार ऑपरेशन हुआ पच्चास हजार रुपए लगा था। पुष्पा की हालत और सीरियस होती गई तो कहां जांच करवाने के लिए जांच के लिए पास पैसे नहीं थे बिना कागज बिना लिखा पड़ी इसको वापस कर दिए थे। पीड़ित ने बताया कि घर चला आया फिर जाकर के महादेव हॉस्पिटल पर कहा कि आप हमसे पैसा लिए और हमारा मरीज ठीक नहीं हो रहा है हमारा इलाज कराओ या हमें पच्चास हजार रुपए दीजिए मैं जाकर इलाज कराता हूं तो अस्पताल संचालक ने धमकी देते हुए भगा दिया मैं तुम्हें पहचानता नहीं हूं।

## देश को भाजपा की मजहबी फितरतों से बचने की जरूरतः गोपाल यादव



**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो पुनित कुमार त्रिपाठी, गाज़ीपुर।** शुक्रवार को समाजवादी पार्टी के नवमनोनीत प्रदेश सचिव शोभा सिंह यादव का स्वागत समारोह जिलाध्यक्ष गोपाल यादव की अध्यक्षता में पार्टी कार्यालय समता भवन पर आयोजित हुआ। इस समारोह में सभी कार्यकर्ताओं ने नवमनोनीत प्रदेश सचिव शोभा सिंह यादव का माल्यार्पण कर भव्य स्वागत करते हुए उन्हें बधाई दी। अपने स्वागत से अभिभूत कार्यकर्ताओं को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए नवमनोनीत प्रदेश सचिव शोभा सिंह यादव ने कहा कि मुल्क आज भाजपा सरकार की तानाशाही नीतियों और साम्प्रदायिक सोच के चलते खतरे में है। लगातार बढ़ती मंहगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार के चलते देशवासी परेशान हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार विरोधी दलों के नेताओं के साथ बदले की भावना से काम कर रही है। भाजपा सरकार का यह तानाशाही रवैया लोकतंत्र के लिए ठीक नहीं। उन्होंने कहा कि सत्ता स्थायी नहीं होती लेकिन भाजपा को यह गलतफहमी हो गई है कि वह हमेशा सत्ता में बने रहेंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार जनहित के सवाल हल न कर केवल विरोधी दलों के नेताओं को परेशान करने में व्यस्त हैं। उन्होंने कहा कि पूंजीपतियों को लाभ पहुंचाने में अंधी हो चुकी भाजपा सरकार जनता के मुंह के निवाले और हाथ से काम छिन रही हैं ।भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार और अन्याय चरम सीमा पर है। कानून व्यवस्था ध्वस्त है। सबसे ज्यादा महिला उत्पीड़न उत्तर प्रदेश में हो रहा है। पुलिस हिरासत में मौतें सबसे ज्यादा भाजपा सरकार में हो रही हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार से किसान, नौजवान, व्यापारी, महिला सभी परेशान हैं। मंहगाई, बेरोजगारी बेलगाम है। स्वास्थ्य सेवाएं चौपट हैं। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र को सशक्त करने और स्वतंत्रता आंदोलन के मूल्यों को जीवित रखने की आवश्यकता है। लोकतंत्र और संविधान को बचाने के लिए समाजवादी पार्टी कोई भी कुर्बानी देने के लिए हमेशा तैयार है। जिलाध्यक्ष गोपाल यादव ने उनका स्वागत करते हुए कहा आज संघर्ष का दौर है। गले में पड़ रही माला हमें सम्मानित तो करती ही है लेकिन इसके साथ साथ जनता के प्रति हमारी जिम्मेदारियों का भी एहसास दिलाती है। उन्होंने कहा कि आज संघर्ष का दौर है। इस देश की जनता जब लगातार बढ़ती मंहगाई, बेरोजगारी भ्रष्टाचार, ध्वस्त कानून व्यवस्था के चलते त्राहि-त्राहि कर रही है। ऐसे दौर में हमें जनता के हक और हकूक और उसके सम्मान और स्वाभिमान की रक्षा के लिए संघर्ष के मैदान में कूदना पड़ेगा । उन्होंने भाजपा सरकार की नापाक साजिशों और फितरतों से सावधान रहने की हिदायत देते हुए कहा कि आज रोजगार न मिलने और लगातार मंहगी होती शिक्षा से छात्र और नौजवान अथाह पीड़ा में हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार नौजवानों को नौकरी देना ही नहीं चाहती। छात्र और नौजवान अपनी बढ़ती उम्र और रोजगार न मिलने की दशा में बहुत चिंतित हैं। उन्होंने कहा कि जिस देश का किसान और नौजवान दुखी और निराश होगा वह देश कभी खुशहाल नहीं हो सकता। उन्होंने सभी किसानों और नौजवानो से भाजपा सरकार के खिलाफ लामबंद होने का आह्वान किया और कहा कि देश हित में भाजपा सरकार को सत्ता से बेदखल करना जरूरी है। इस समारोह में मुख्य रूप से रामधारी यादव,अशोक कुमार बिंद, रामवचन यादव, मारकन्डेय यादव, भगवान यादव,सदानंद यादव , जमुना यादव,अवधेश यादव उर्फ राजू यादव, राजेंद्र यादव, रामज्ञान यादव, रामाशीष यादव,हरवंश यादव, चन्द्रिका यादव, ,विजय शंकर यादव, गुड्डू यादव, नन्दलाल आदि उपस्थित थे। इस कार्यक्रम का संचालन जिला सचिव राजेश यादव ने किया।

## ख़ास ख़बर

### साहब के नाम पर घूस मांगने वाला वरिष्ठ सहायक निलम्बित

**ब्यूरो आवेश अंसारी गोंण्डा** । गोंण्डा विकास खण्ड वजीरगंज के वरिष्ठ सहायक को शुक्रवार को निलंबित कर दिया है। भ्रष्टाचार के आरोपों की पुष्टि के बाद यह अनुशासनात्मक कार्यवाही की गई है। निलंबन अवधि में वरिष्ठ सहायक को विकास खण्ड झंझरी से संबद्ध कर दिया गया है। मामला वजीरगंज विकासखण्ड का है। जिला विकास अधिकारी द्वारा यहां कार्यरत वरिष्ठ सहायक विनोद कुमार शुक्ल के खिलाफ यह कार्यवाही की गई है। आरोप है कि आरोपी वरिष्ठ सहायक उच्चाधिकारियों के नाम पर रिश्वत मांग रहा था।ग्राम प्रधान से फोन पर संवाद के दौरान आपरोपी ने उच्चाधिकारियों को कमीशन के रूप देने के लिए पैसे मांगे। आरोप में अपने इस कृत से उच्चाधिकारियों की छवि धूमिल की। जांच में पाया गया कि अनुचित लाभ पाने के लिए आरोपी द्वारा सरकारी पत्रावलियों को दबाया जा रहा था। जिसके चलते न केवल आमजनता को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था बल्कि, सरकारी कार्य में भी बाधा पहुंच रही थी।

### करनैलगंज में अवैध खनन की शिकायत पर छापेमारी, 3553 घन मीटर बालू बरामद

**ब्यूरो आवेश अंसारी गोंण्डा** । गोंण्डा जनपद में अवैध खनन के खिलाफ ताबड़तोड़ कार्यवाही शुरू कर दी गई है। जिलाधिकारी नेहा शर्मा के निर्देश पर की गई छापेमारी में करनैलगंज में साधारण बालू का अवैध खनन पकड़ गया है। जांच में कोई पट्टा परमीशन प्रस्तुत न किए जाने के चलते जमीन के सहखातेदार के खिलाफ कार्यवाही की प्रक्रिया शुरू की गई है। शुक्रवार को आरोपियों को नोटिस जारी कर दिया गया है। जवाब देने के लिए 07 दिन का समय दिया है। इस दौरान स्पष्टीकरण प्राप्त न होने पर करीब 18,85,866 रुपये का जुर्माना भरना होगा। मामला करनैलगंज तहसील के नगवा कला ग्राम का है। उप जिलाधिकारी करनैलगंज एवं खान निरीक्षण गोण्डा की संयुक्त जांच में ग्राम नगवा कला, परगना पहाड़ापुर में साधारण बालू के अवैध खनन की पुष्टि हुई थी। 3553.5 घन मीटर साधारण बालू के अवैध खनन की पुष्टि हुई। जांच में इस खनन के लिए कोई पट्टा परमीशन किसी के भी द्वारा टीम के समक्ष प्रस्तुत नहीं किया गया। जिससे स्पष्ट है कि इनके द्वारा साधारण बालू का खनन अवैध रूप से किया गया। इसके चलते शुक्रवार को ग्राम नगवा कला के निवासी राम उजागर को नोटिस जारी किया गया है। बता दें, जनपद में अवैध खनन जैसी गतिविधियों पर लगाम लगाने के लिए जिला प्रशासन की ओर से ताबड़तोड़ कार्यवाहियां की जा रही हैं। खनन विभाग द्वारा रात-रात भर छापेमारी की जा रही है।

### पेन्सनर्स एसोसिएशन सात अक्टूबर को चलाएगा स्वच्छता अभियान बलबीर



**ब्यूरो आवेश अंसारी गोंण्डा** । पूर्वोत्तर रेलवे पेंशनर्स एसोसिएशन शाखा गोंडा का मासिक अधिवेशन एन.ई.रेलवे मजदूर यूनियन कार्यालय में बुधवार को आयोजित हुआ। बैठक में सितंबर माह में जन्मे सदस्यों का जन्मोत्सव हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया। रेलवे चिकित्सालय गोंडा के डॉक्टर सत्यजीत मौर्य ने बैठक के दौरान पेंशनर्स को जीवन को स्वस्थ रखने के टिप्स बताए कि सबसे पहले खुशहाल रहें ,कम से कम 30 मिनट पैदल चले जो रक्तचाप व मधुमेह के लिए बहुत ही जरूरी है। साथ ही साथ अधिक से अधिक समय छोटे बच्चों के साथ व परिवार में रहेंगे तो आधे से ज्यादा बीमारियां स्वयं ही ठीक हो जाएंगी । कार्यक्रम का संचालन सचिव बलवीर श्रीवास्तव के द्वारा किया गया।

### दुष्कर्म करने वाले अभियुक्त को किया गिरफ्तार



**संवाददाता मो0 अबूबकर,रुदौली अयोध्या** । कोतवाली रुदौली पुलिस ने पौशाला तिराहे से दुष्कर्म करने वाले एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया।अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया गया है।जानकारी के अनुसार कोतवाली रुदौली पुलिस अपराधियों पर नियंत्रण के लिए अभियान चला रही थी तभी प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र सिंह हेड कांस्टेबल अशोक यादव का0 नरेंद्र यादव के साथ उक्त स्थान पर पहुँच स्थानीय थाना पर दर्ज मुकदमा 376/232 दुष्कर्म करने वाले अभियुक्त ध्रुव पुत्र परशराम निवासी फिरोजपुर मखदूमी रुदौली को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया है।

### आगामी कार्यक्रम हेतु साहू समाज ने की बैठक




**नवाबगंज (गोंडा) शुभ भास्कर रिपोर्ट अनमोल मिश्रा** । स्बे के पडाव मोहल्ले में स्थित साहू धर्मशाला पर गुरुवार को साहू समाज सेवा संस्थान की बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में साहू समाज को संगठित करने और कोष को मजबूत करने पर चर्चा हुई। विभिन्न गंभीर मुद्दों पर साहू समाज में जागरूकता अभियान चलाने की रूपरेखा भी तैयार की गई। संगठन के अध्यक्ष जिवराखन साहू ने बताया कि आगामी 25 नवंबर को अयोध्या में तैलिक महारैली का आयोजन किया गया है। जिसमें पूर्व राज्य सभा सांसद रामनारायण साहू, सांसद प्रतापगढ़ संगमलाल साहू, राकेश राठौर राज्य मंत्री उत्तर प्रदेश,सहित तमाम बड़े नेता शिरकत करेंगे। जिसकी तैयारियों को लेकर उनका संगठन सजग है। इस बैठक में किशन साहू, मनोहर साहू, दिनेश, सचिन, रोहित, विष्णु प्रताप सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# डीएम ने जिला, ग्राम और क्षेत्र पंचायत विकास योजना पर बैठक की



**ब्यूरो आवेश अंसारी गोंण्डा** । गोण्डा डीएम नेहा शर्मा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला पंचायत, क्षेत्र पंचायत और ग्राम पंचायत विकास योजना के अंतर्गत जनपद स्तरीय क्रियान्वयन एवं सामान्य समिति की बैठक संपन्न हुई। जिला पंचायत राज अधिकारी लालजी दूबे ने बैठक का संचालन करते हुए अवगत कराया कि ग्राम पंचायत विकास योजना के तहत भारत सरकार के द्वारा गरीबी मुक्त और आजीविका उन्नत गांव, स्वस्थ गांव, बाल हितेषी गांव, पर्याप्त जल युक्त गांव, स्वच्छ एवं हरित गांव, आत्मनिर्भर बुनियादी ढांचे वाला गांव, सामाजिक रूप से न्याय संगत एवं सुरक्षित गांव, सुशासन वाला गांव एवं महिला हितेषी गांव सहित 9 थीम निर्धारित की गई हैं, जिनके अनुरूप ही प्रत्येक ग्राम पंचायत को अपनी थीम निर्धारित करते हुए कार्य योजना तैयार करनी है। बैठक में डीएम ने कहा कि - "गांधी जी का कहना था कि आजादी का अर्थ व्यक्तियों की आजादी होनी चाहिए, हर गांव में अपना प्रजातंत्र हो उनके पास पूरी सत्ता और ताकत हो। यह तभी संभव होगा जब हर गाँव अपने पैरों पर खड़ा हो, अपनी जरूरतों का आंकलन एवं अपनी सत्ता का संचालन स्वयं करे। यह एक ऐसे समाज की संकल्पना है, जो पूर्ण रूप से आत्मनिर्भर हो। तभी देश में सच्चे अर्थों में ग्राम स्वराज शब्द सार्थक होगा। लेकिन इस सबके लिए जरूरी है जमीनी स्तर पर एक बेहतर योजना का निर्माण किया जाए, जिसमें आम लोगों की भी भागीदारी हो।"

**थीम पर होगा काम** : जिलाधिकारी ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए निर्देश दिए कि शासनादेश में दी गई व्यवस्था के अनुसार ग्राम पंचायत में थीम का निर्धारण करते हुए कार्य योजना तैयार कराई जाए। इसके अलावा ग्राम प्रधानों से वार्ता करते हुए थीम का निर्धारण कर थीम से संबंधित विभागीय अधिकारी को नामित कर दिया जाए, ताकि निर्धारित की गई थीम को लेकर जो कार्य योजना तैयार की जा रही है उसको मानकों के अनुरूप तैयार किया जा सके।

**अधिकारियों को दिया समय** : जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि ग्राम सभा से अनुमोदित कार्य योजना को आगामी 31 जनवरी तक, क्षेत्र पंचायत से अनुमोदित कार्य योजना को आगामी 29 फरवरी व जिला पंचायत से अनुमोदित कार्य योजना को आगामी 31 मार्च तक ई ग्राम स्वराज पोर्टल पर अपलोड कर दी जाए।

**बैठक में ये अफसर मौजूद रहे** : इस महत्वपूर्ण बैठक में जनप्रतिनिधियों में ग्राम प्रधान, जिला विकास अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी , समस्त खंड विकास अधिकारी एवं सहायक विकास अधिकारी पंचायत और अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### पूर्व समाज कल्याण मंत्री रमापति शास्त्री ने 26 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चल रहे स्वच्छता पखवाड़ा के तहत शुक्रवार को जनसंपर्क किया



**शुभ भास्कर रिपोर्ट अनमोल मिश्रा नवाबगंज (गोंडा)**। मनकापुर विधानसभा क्षेत्र के कई गांवो में भाजपा विधायक और पूर्व समाज कल्याण मंत्री रमापति शास्त्री ने 26 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चल रहे स्वच्छता पखवाड़ा के तहत शुक्रवार को जनसंपर्क किया। इस दौरान उन्होंने सरकार की उपलब्धियों को विभिन्न गांवों में चौपाल के माध्यम से बताया और लोगों की समस्याओं को भी सुना ।उन्होंने क्षेत्र के बहादुरा गांव के पसियनपुरुवा, इस्माईलपुर के मजरा सराय हर्रा,बैजलपुर,कोल्हन्पुर की अनुसूचित बस्तियों में जाकर लोगों से जनसंपर्क किया। रमापति शास्त्री का चौपाल में पहुचने पर स्थानीय भाजपा कार्यकर्ताओं ने माला पहनाकर स्वागत किया ।इस मौके पर चौपाल को वरिष्ठ भाजपा नेता जनार्दन प्रसाद तिवारी व पूर्व मंत्री/विधायक प्रतिनिधि वेदप्रकाश दुबे ने भी लोगों को डबल इंजन सरकार की उपलब्धियों को बताया।चौपाल में कोल्हमपुर प्रधान अमरनाथ पांड़े टिकरी प्रधान प्रतिनिधि संतोष कुमार सिंह, डा मानिकचंद इंद्रावती, कमला देवी, बीनू सिंह लालदेई, अनुराग श्रीवास्तव, सत्येन्द्र श्रीवास्तव, रतनदेव तिवारी, गिरिजेश त्रिपाठी लल्लू, अनिल सिंह, पिंकू शुक्ला, गिरजाशंकर पांडेय, आनंद पांडेय, सौरभ दुबे,विजय कुमार, सोमयी, संजीत, राजीव, बलभद्र, नीबर, प्रदीप, सुल्लूर, अमेरिका सहित तमाम लोग मौजूद रहे ।

### महिलाओं को विभिन्न उपयोगी हेल्पलाइन नम्बरों, संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के सम्बन्ध में पम्पलेट वितरित कर जागरूक किया गया



**ब्यूरो आवेश अंसारी गोंण्डा** । गोंण्डा पुलिस अधीक्षक अंकित मित्तल के निर्देशन में जनपद के समस्त थाना क्षेत्र के अन्तर्गत बीट पुलिस अधिकारियों द्वारा गांवो में भ्रमण कर प्राथमिकता के आधार पर महिला/बालिकाओं को जागरूक करने के साथ ही महिला सम्बन्धित समस्याओं के निस्तारण कराने के सम्बन्ध में ग्राम चौपाल का आयोजन किया जा रहा है। अब महिलाओं/बालिकाओं को अपनी समस्या व शिकायत लेकर पुलिस चौकी व अन्य पुलिस कार्यालय बार-बार नही आना पड़ेगा, अपितु शक्ति दीदी नियमित अन्तराल पर ग्राम चौपाल के माध्यम से विभिन्न गांवो में उपस्थित होकर महिलाओं/बालिकाओं को जागरूक करने के साथ ही उनसे संवाद कर उनकी शिकायतों का गुण दोष के आधार पर निराकरण कराया जाएगा। आज दिनांक 29.09.2023 को जनपद के समस्त थानों की महिला बीट अधिकारीगणों (शक्ति दीदी) द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रों में जगह- जगह चौपाल लगाकर व गांव/वार्डो/बैंको/स्कूल में भ्रमण कर बच्चों/महिलाओं/बालिकाओं को मिशन शक्ति के बारे में पम्पलेट बांटकर व जनजागरूक करते हुए आत्मरक्षा के बारे में बताया गया तथा हेल्पलाइन नम्बरों 1090,181,112,1076,1098,108,102,1930 आदि के बारे में अवगत कराया गया तथा उनकी शिकायतों को सुनकर निस्तारित किया गया।

## शरद कालीन गन्ने की बुआई का बजाज एजीएम ने किया शुभारंभ



**शुभ भास्कर रिपोर्ट अनमोल मिश्रा नवाबगंज गोंडा** । क्षेत्र के शोभापुर गांव मे शरद कालीन गन्ना बुवाई का शुभारम्भ बजाज चीनी मिल कुंदरखी द्वारा कृषक राम नाथ यादव के प्लाट पर मुख्य अतिथि नवाबगंज गिर्द प्रधान प्रतिनिधि डा संजय दुबे व अवधेश प्रताप सिंह (सचिव ) के द्वारा फीता काटकर व किसान को सम्मानित कर शुक्रवार को किया गया। मिली जानकारी अनुसार क्षेत्र के शोभापुर गांव मे बजाज चीनी मिल के अधिकारियों व नवाबगंज गिर्द प्रधान प्रतिनिधि डा संजय दुबे द्वारा संयुक्त रूप से गन्ना प्रजाति CO 15023 ट्रेच विधि द्वारा लाइन से लाइन दूरी चार फुट गन्ने की आँख से आँख दूरी एक फुट सहफसली के रूप में आलू के साथ किया गया !इस पौके पर के पी सिंह सहायक महाप्रबंधक गन्ना, एन के सिंह वरिष्ठ प्रबंधक गन्ना, अरविन्द सिंह सहायक प्रबंधक गन्ना, उमापति तिवारी सहायक प्रबंधक गन्ना, सुनील कुमार पाठक सहायक प्रबंधक गन्ना, प्रदीप पाण्डेय वरिष्ठ अधिकारी गन्ना हरिहरपुर प्रधान प्रतिनिधि राम शब्द यादव एवं साथ में सुपरवाइजर अजीत सिंह, संतोष सिंह, वसीम अहमद, अंकित सिंह, देवानंद शुक्ला, अमित सिंह, लवकुश दूबे और सैकड़ो कृषक उपस्थित रहें।

### अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में 04 घायल

**नवाबगंज (गोंडा) शुभ भास्कर रिपोर्ट अनमोल मिश्रा** । थाना क्षेत्र में अलग-अलग हुई सड़क दुर्घटनाओं में कुल 04 लोग घायल हुए हैं जिसमें एक युवक की हालत गंभीर बनी हुई है। थाना क्षेत्र के लौव्वाबीरपुर गांव के मंहगुपुर मोड़ पर गुरुवार रात करीब 08:45 पर धर्म सिंह उम्र 22 पुत्र दशरथ सिंह निवासी तिवारी पुरवा लौव्वाबीरपुर नवाबगंज एक छुट्टा मवेशी से टकराकर गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन उसे स्थानीय सीएचसी लेकर आये लेकिन चिकित्सक ने उसकी गंभीर हालत देखते हुए उसे अयोध्या मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। वहीं सिरसा गांव में नवाबगंज - मनकापुर मार्ग पर शाम 5:30 पर एक बाइक पर चार लोग बैठकर नवाबगंज की ओर आ रहे थे कि सिरसा गांव में पीछे की ओर से एक ट्रेलर की चपेट में आ गये। इस दुर्घटना में चंदन, नंदन पुत्रगण हदेव और अमित पुत्र गोलू घायल हो गए। घायलों को एंबुलेंस द्वारा स्थानीय सीएचसी लाया गया। जहां उपचार के बाद उन्हें घर भेज दिया गया है।

### शांति एवं व्यवस्था बनाने में सक्रिय नजर आए





**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या** । प्रयागराज से कमांडेंट श्री मनोज कुमार गौतम के दिशा निर्देश पर आई 101 आर ए एफ की टीम, SSP अयोध्या की देख रेख मे दिनांक 28 सितम्बर को मुसलमानों का त्यौहार जश्ने ईद मिलादुनबी एवं हिंदू त्यौहार गणेश मूर्ति विसर्जन पर सिविल पुलिस के साथ रैपिड एक्शन फोर्स के जवान जनपद में शांति एवं व्यवस्थाबनाने हेतु पेट्रोलिंग की एवं ड्यूटी में सक्रिय नजर आए इस मौके पर श्री संजीत सिंह सहायक कमांडेंट साथ में निरीक्षक विजयकांत पांडे उपस्थित रहे साथ ही साथ अयोध्या के पुलिस महकमें के साथ मुसलमान भाई के त्योहार जश्ने ईद मिलादुन्नबी तथा हिंदू भाई के त्योहार गणेश मूर्ति विसर्जन में सभी RAF के जवान काफी संख्या में उपस्थित रहे तथा हिंदू और मुस्लिम के त्यौहार को बड़ी ही सरलता के साथ इस त्यौहार को मनाया गया ।

### प्रतिदिन करें योग,दूर होगा हृदय रोग



**ब्यूरो आवेश अंसारी गोंण्डा** । गोंण्डा राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय एवं योग वेलनेस सेंटर पंडरी कृपाल गोंडा के तत्वावधान में विश्व हृदय दिवस के अवसर पर क्षेत्रीय आर्थिक आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी गोंडा डॉ अरुण कुमार कुरील के निर्देशन में प्रेरणा पार्क में एक विशेष योग शिविर का आयोजन किया गया I जिसमें योगाचार्य सुधांशु द्विवेदी द्वारा पार्क परिसर में आयोजित शिविर में हृदय, मधुमेह, उच्च रक्तचाप के रोगियों और 40 साल से अधिक उम्र के व्यक्तियों को अपने हृदय को स्वस्थ रखने के लिए योगाभ्यास कराया गया एवं संबंधित योगासनों एवं प्राणायाम के विषय में जानकारी भी दी गयी। शिविर में योगाचार्य सुधांशु द्विवेदी ने कहा कि योग अपनी सांस पर ध्यान देते हुए विभिन्न मुद्राओं में रहने की कला है। प्रत्येक योगासन का हमारे श्वसन तंत्र पर विशेष प्रभाव पड़ता है। इसके चलते हमारा हृदय भी प्रभावित होता है। इसी क्रम में योगाचार्य सुधांशु द्विवेदी ने योग के साथ-साथ उचित दिनचर्या और आहार-विहार के माध्यम से हृदय को स्वस्थ रखने के जरूरी टिप्स भी दिए। शिविर में नेहा, मनीषा,वरखा,शिल्पी श्रीवास्तव, ज्योति गुप्ता,छवि,अंश मौर्य,संध्या,अश्विनी कुमार,शिव पूजन,डॉ शिव प्रताप वर्मा, मनोज शुक्ला ,विकास,नव्य सिंह, आदि सहित अन्य योग साधक मौजूद रहे।

### मण्डलायुक्त की अध्यक्षता में संभागीय परिवहन प्राधिकरण की बैठक संपन्न



**ब्यूरो आवेश अंसारी गोंण्डा**। अध्यक्ष संभागीय परिवहन प्राधिकरण देवीपाटन मंडल योगेश्वर राम मिश्र की अध्यक्षता में शुक्रवार को संभागीय परिवहन प्राधिकरण की बैठक आयुक्त कार्यालय में सम्पन्न हुई। बैठक में मंडलायुक्त ने कहा कि ऑटो और बस आदि अपने निर्धारित रूट पर ही चले साथ ही निर्धारित दूरी से अधिक दूरी तय न करें। उन्होंने कहा कि ऑटो को उनके तय रूट के हिसाब से कलर कर दिया जाए। उन्होंने संभागीय परिवहन अधिकारी को निर्देश दिए कि व ऑटो चालकों के साथ बैठक कर इस पर रणनीति बनाएं और शहर में जाम की समस्या से निजात दिलायें। उन्होंने कहा कि जो लोग परिवहन नियमों का उल्लंघन करें उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। उन्होंने परिवहन विभाग के अधिकारियों को निर्देश करते हुये कहा कि परमिट से संबंधित मामलों को जल्द से जल्द निस्तारित कर दिया जाए। बैठक में लोगों की परमिट संबंधी समस्याओं का निस्तारण कराया गया। बैठक में परिवहन अधिकारियों के साथ ट्रांसपोर्टर भी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम | श्री दुर्गा पूजा समिति विगत 43 वर्षों से निरन्तर पूजा चली आ रही है

## बैदिक मंत्र उच्चारण के साथ श्री हनुमत नवयुवक संघ ने किया बल्ली पूजन



**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या** । आज नाका हनुमानगढ़ी के समीप अनन्त चतुर्दशी तिथि को बैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधिः विधान से बल्ली पूजन किया गया पौराणिक सिद्धपीठ श्री हनुमान गढ़ी मंदिर के खाटू श्याम दरबार के सामने दुर्गा पूजा स्थल पर मंदिर के महांत रामदास ने विधि विधान पूर्वक पूजन अर्चन कर बल्ली पूजन कर दुर्गा पूजा का शुभारंभ किया श्री हनुमत नव युवक संघ के तत्वाधान में आयोजित कार्यक्रम में संरक्षक महांत रामदास महामंत्री अखिलेश पाठक उर्फ शानू पूर्व अध्यक्ष श्री गोकरननाथ द्विवेदी आलोक कुमार शुक्ल शुशील कुमार शुक्ल अमित कुमार शुक्ल रामनेवाज दास अजय कुमार तिवारी पुजारी प्रेम कुमार शुक्ल संजय शर्मा विष्णु शर्मा सहित दुर्गा पूजा समिति के पदाधिकारी व सदस्य कार्यकर्ता गण मौजूद रहे। श्री दुर्गा पूजा समिति विगत 43 वर्षों से निरन्तर पूजा चली आ रही है श्री हनुमत नव युवक संघ के तत्वाधान में आयोजित इस पूजा की शुरुआत पौराणिक सिद्धपीठ श्री हनुमान गढ़ी के तत्कालीन महांत साकेत वासी श्री बजरंग दास जी महाराज ने की थी वे इस संस्था प्रथम संरक्षक बने संस्था के समय समय पर अध्यक्ष महामंत्री व कोषाध्यक्ष मंदिर द्वारा नियुक्त हुए 1986 से महांत भास्कर दास जी महाराज संस्था के संरक्षक हुए महांत भास्कर दास संस्थापक महांत बजरंग दास जी के बड़े गुरूभाई थे तथा मंदिर के पूर्व महांत बलदेव दास जी महाराज के शिष्य थे 1992 से महांत भास्कर दास जी महाराज के एकमात्र शिष्य महांत रामदास दुर्गा पूजा में गोपनीय सहयोगी रहे 2021 से पीठ के महांत रामदास संरक्षक के रूप में दुर्गा पूजा उत्सव मनाते चले आ रहे हैं वर्तमान में मुख्य संरक्षक अधिकारी श्री राजकुमार दास जी महाराज संरक्षक महांत रामदास अध्यक्ष श्री राजेश कुमार सिंह महामंत्री अखिलेश पाठक शानू व्यवस्था कर रहे हैं। शेष पदाधिकारी तन मन धन से सहयोग कर रहे हैं वर्तमान में सभी व्यवस्थाएं परम्परा गत रूप में संचालित हो रही है उत्सव बड़े धूमधाम से साधू शाही रुप से मनाया जाता है।

## जनपद के सरकारी दफ्तरों की स्वच्छता की परीक्षा शुरू, मूल्यांकन करने पहुंचे छात्र




**ब्यूरो आवेश अंसारी गोंण्डा** । गोंण्डा जनपद के सरकारी कार्यालयों की स्वच्छता की परीक्षा शुक्रवार को शुरू हो गई। श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज के छात्र-छात्राओं के साथ शिक्षकों की आठ टीम कई कार्यालयों में मूल्यांकन के लिए पहुंची। यह मूल्यांकन कार्य स्वच्छ कार्यालय प्रतिस्पर्धा के अन्तर्गत किया जा रहा है। मूल्यांकन के पहले दिन 35 सरकारी कार्यालयों में साफ-सफाई की स्थिति को परखा गया। अन्य कार्यालयों का मूल्यांकन शनिवार को किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले कार्यालयों के कार्यालयाध्यक्षों को गांधी जयंती के अवसर पर आगामी दो अक्टूबर को आयोजित होने वाले विशेष कार्यक्रम में पुरस्कृत किया जाएगा। जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने सरकारी कार्यालयों में पहुंचने वाले जनपदवासियों को स्वच्छ माहौल मुहैया कराने मुहैया कराने के उद्देश्य से स्वच्छ कार्यालय प्रतिस्पर्धा की शुरुआत की है। श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज के छात्र-छात्राओं को इसमें जोड़ा गया है। कॉलेज के प्रिंसिपल प्रो. आरके पाण्डेय ने बताया कि मूल्यांकन के लिए सभी कार्यालयों से एक स्व-मूल्यांकन फार्म भरवाया गया है। कॉलेज स्तर पर पांच-पांच सदस्यों की आठ टीम बनाई गई हैं। यह टीम स्व मूल्यांकन फार्म में दी गई जानकारियों के आधार पर कार्यालयों की समीक्षा कर रही है। इतना ही नहीं, टीम द्वारा कार्यालयों में पहुंचने वाले आगंतुकों से भी स्वच्छता की स्थिति के संबंध में प्रतिक्रिया ली जा रही है। प्रिंसिपल ने बताया कि शुक्रवार दोपहर करीब 12 बजे से मूल्यांकन की प्रक्रिया शुरू की गई है। पहले दिन टीम ने सिटी मजिस्टेट, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय, जिला खाद्य विपणन अधिकारी कार्यालय, राजकीय पॉलीटेक्निक गोण्डा, जिला ग्रामोद्योग अधिकारी, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, जिला उद्यान अधिकारी समेत करीब 35 कार्यालयों का मूल्यांकन किया है।

# ख़ास ख़बर

## प्रतिमा पर मालार्पण कर लोगों ने दी श्रद्धांजलि



**दैनिक शुभ भास्कर, संवाददाता, मधुपुर।** शहीद - ए- आजम भगत सिंह की जयंती के अवसर पर स्थानीय भगतसिंह चौक स्थित भगत सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उपस्थित लोगों ने इंकलाब जिंदाबाद , साम्राज्यवाद मुर्दावाद , शहीदों तेरे अरमानों को मंजिल तक पहुंचायेंगे का गगनचुम्बी नारे लगाते हुये , भगतसिंह के संदर्भ में विस्तार पूर्वक विचार व्यक्त किया। मौकै पर धनंजय प्रसाद , सुरेश गुप्ता , मनोज झा , सुरेश हेम्ब्रम , चन्द्र किशोर बसंत सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे । वही राहुल अध्ययन केंद्र मे भगतसिंह की तस्वीर पर माल्यार्पण कर लोगों ने श्रद्धासुमन अर्पित किया। मौके पर जनवादी चिंतक ,साहित्यकार धनंजय प्रसाद ने विस्तार पूर्वक चर्चा करते हुये कहा कि मौजूदा समय अब तक का सबसे ज्यादा क्रूर , चिंतनीय व चुनौतिपूर्ण है । आज विचार शुन्यता दिख रहा है । आज इंसान व इंसानियत पर सबसे ज्यादा खतरा है । वही एक ओर पूंजीवाद आज निर्णायक रुख अख्तियार कर लिया है और सभी को अपने आगोश मे समा लेने के लिए आमदा है ।

## 20 सूत्री कार्यक्रम कार्यानन्वयन समिति की बैठक आयोजित



**दैनिक शुभ भास्कर, संवाददाता, मधुपुर/ देवघर।** मधुपुर प्रखंड सभागार भवन में प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष दिनेश्वर किसको की अध्यक्षता में 20 सूत्री कार्यक्रम समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी राजीव कुमार सिंह ,अंचलाधिकारी परमेश्वर कुशवाहा उपस्थित रहे। मौके पर प्रखंड में चल रहे विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तार से चर्चा की गई और जरूरतमंद लाभुकों की समस्या को अभिलंब हल करने की बात कही गई। खास तौर पर आज की बैठक में गढ़िया पंचायत के मथुरा गांव के आंगनवाड़ी केंद्र जर्जर रहने के कारण गांव के ही प्राथमिक विद्यालय में शिफ्ट करने की बात कही गई। वही इस माह डीलरों को गेहूं नहीं उपलब्ध कराए जाने को लेकर राशन कार्डधारी में काफी रोष देखी गई डीलरों को गेहूं उपलब्ध कराने की बात कही गई। जगदीशपुर प्राथमिक विद्यालय में उर्दू टीचर की बहाली के लिए प्रस्ताव लाया गया।साथ में बड़ा नारायणपुर और राजाबांध होते हुए देवीपुर प्रखंड छोड़ तक पीसीसी सड़क निर्माण करने का प्रस्ताव लाया गया।

## अज्ञात चोरों ने घर से मोबाइल समेत नगदी की चोरी की



**शुभ दैनिक भास्कर, मो०असलम, मधुपुर /देवघर।** शहर के कमर मंजिल रोड स्थित मस्जिद कमेटी हाउस में रहने वाली शमा परवीन के आवास से शुक्रवार को प्रातः 7:30 बजे अज्ञात चोरों के द्वारा दो मोबाइल समेत लगभग 45 हजार नगदी, एटीएम, पासबुक की चोरी की ।इस संबंध में पुलिस को दिए अपने आवेदन में पीड़िता शमा परवीन ने कहा कि सुबह 7:30 बजे जब वह अपने दोनों बच्चों को स्कूल के लिए टेंपो में चढ़ाने घर से दरवाजा के बाहर निकली और दरवाजा सटा दिया एवं पास के किराना दुकान पर बिस्किट लाने चली गई और मेरे घर पर दूसरे कमरे में मेरे पति सोए हुए थे। इसी क्रम में मेरे घर में अज्ञात चोर घुसकर मेरा और मेरे पति का दोनों मोबाइल एवं टेबल पर रखा हुआ मेरा ऑफिस बैग उठा कर ले गया। जिस बैग में पार्टी का लगभग 100 पासबुक एवं लोगों का जमा पैसा 45हजार नगद जो कि आज मुझे जमा करना था। उसके अलावा बैग में जरूरी कागजात एवं इलाहाबाद बैंक का एटीएम कार्ड भी था ।जो चोरी कर ली गई।

## रक्तदान करना व्यक्ति का नैतिक और सामाजिक कर्तव्य



**दैनिक शुभ भास्कर, मनीष बरणवाल, जामताड़ा।** रक्तदान को महादान कहा गया है। इसका एकमात्र कारण है रक्त का कोई विकल्प का न होना है। इसे किसी भी फैक्ट्री में नहीं बनाया जा सकता। जबकि दुर्घटना में घायलों, गंभीर बीमारियों से पीड़ितों का जीवन बचाने के लिए इसकी महती जरूरत होती है। जामताड़ा ही नहीं राष्ट्रीय स्तर पर रक्तदान के क्षेत्र में अपनी पहचान बनाने वाले सुमित कुमार साव ने शहीद भगत सिंह के जयंती के अवसर पर जामताड़ा ब्लड बैंक में अपने जीवन काल का 40वां रक्तदान किया। जबकि इनकी सहयोगी रक्तदाता सुष्मिता चौधरी ने अपने जीवन काल का 7 वां रक्तदान किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि रक्तदान करना व्यक्ति का नैतिक और सामाजिक कर्तव्य है। इसे महादान इसीलिए कहा गया है कि इस का कोई दूसरा विकल्प नहीं है। अगर ऐसा होता तो अब तक रक्त बनाने के लिए तमाम फैक्ट्रियां लगी होती। जब भी किसी को रक्त की जरूरत होती है तब उसकी पूर्ति मानव द्वारा ही की जा सकती है। इस मौके पर उन्होंने यह भी कहा कि रक्तदान की प्रक्रिया पूरी तरह दर्द रहित है। इससे स्वस्थ व्यक्ति को कोई नुकसान नहीं होता बल्कि रक्त शरीर से निकलने के बाद इसके तेजी से बनने की प्रक्रिया शुरू होती है।

# भाजपा का एक पक्ष ने किया धरना प्रदर्शन तो एक पक्ष ने किया रैली



**दैनिक शुभ भास्कर,सुष्मिता कुमारी,नाला/जामताड़ा ।** भारतीय जनता पार्टी जामताड़ा जिला इकाई की ओर से नाला प्रखंड मुख्यालय के समक्ष एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कार्यक्रम किया गया। वहीं नाला पीडब्ल्यूडी से भी मंडल अध्यक्ष जितेन राउत के नेतृत्व में तथा पूर्व कृषि मंत्री सत्यानंद झा की मौजूदगी में रैली भी निकाली गई। धरना प्रदर्शन कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला उपाध्यक्ष अभय कुमार सिंह ने की जबकि मंच का संचालन जिला महामंत्री प्रभाष हेम्ब्रम ने किया। इस अवसर पर स्थानीय समस्याओं सहित विभिन्न समस्याओं को लेकर सभी वक्ताओं ने अपना अपना विचार व्यक्त किया। मालूम हो कि नाला पीडब्ल्यूडी से भाजपाइयों की ओर से रैली भी निकाली गई। इस रैली का नेतृत्व मंडल अध्यक्ष जितेन राउत ने की। मौके पर पूर्व कृषि मंत्री सत्यानंद झा भी मौजूद रहे। जिला इकाई द्वारा आयोजित धरना प्रदर्शन कार्यक्रम चल ही रहा था कि दुसरे गुट द्वारा आयोजित नाला पीडब्ल्यूडी से रैली नाला मुख्यालय में प्रवेश किया।इस दौरान धरना पर बैठे कार्यकर्ताओं तथा रैली में शामिल कुछ कार्यकर्ताओं के बीच आपस में तू- तु मैं-मैं होते भी देखा गया। हालांकि बाद में आपसी परामर्श से मामला शांत हुआ। कुछ समय के लिए हो हल्ला एवं मामला अशांत देखा गया। सूचना पाकर बीच बचाव व मामले को नियंत्रित करने के लिए नाला पुलिस भी पहुंची।ज्ञात हो कि इस प्रकार का पार्टी में मतभेद होना उचित नहीं है। कार्यक्रम स्थल पर आपसी मतभेद नहीं होना चाहिए था परंतु कुछ कार्यकर्ताओं में दूरदर्शिता का अभाव होने के कारण आपस में ही भाजपा कार्यकर्ताओं के द्वारा धक्का-मुक्की भी करते देखा गया। अंत में जिला इकाई द्वारा आयोजित 10 सूत्री मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन के पश्चात प्रतिनिधि मंडल के द्वारा प्रखंड कार्यालय में महामहिम राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें मुख्य रूप से जामताड़ा जिला को अविलंब सुखार घोषित किया जाए। 2021-22 का किसानों का सुखाड़ राहत की राशि अविलंब भुगतान करने की व्यवस्था की जाए, फसल बीमा की राशि अविलंब भुगतान किया जाए ,गरीबों को पेंशन समय पर अविलंब भुगतान किया जाए ,सुखाड़ को देखते हुए गांव में काम में कम से कम 10 योजना स्वीकृत करते हुए मजदूर को रोजगार की व्यवस्था की जाए, अजय बराज योजना के तहत जामताड़ा के नाला ,कुंडहित, फतेहपुर के किसानों की खेती के लिए समय पर पानी छोड़ा जाए, बिजली आपूर्ति 24 घंटा देने की व्यवस्था की जाए,धोतला से पातुलिया रोड तथा अगैया से बाबुपुर रोड निर्माण कार्यों में किए गए भूमि अधिग्रहण की भुगतान किया जाए, जन वितरण प्रणाली के द्वारा अनाज वितरण समय पर देने की व्यवस्था की जाए, जामताड़ा जिला को अकाल घोषित किया जाए। रोड निर्माण कार्य के लिए भूमि अधिग्रहण की भुगतान किया जाए। जामताड़ा जिला को अकाल घोषित किया जाए। आदि मांगों को लेकर महामहिम राज्यपाल के नाम प्रखंड विकास पदाधिकारी कार्यालय के प्रधान सहायक को सुपुर्द किया गया। इस अवसर पर धरना प्रदर्शन में जिला उपाध्यक्ष अभय कुमार सिंह, जिला उपाध्यक्ष तापस भट्टाचार्य, जिला महामंत्री प्रभाष हेंब्रम, पूर्व जिला अध्यक्ष तारा प्रसन्न महतो, तीर्थनाथ मंडल, राम सिंह यादव, विष्णु मंडल, वीरेंद्र नाथ सिंह ,बिनेंद्र सिंह, आदित्य सिंह, खैरा मंडल अध्यक्ष निपेन सिंह, जियाराम सिंह, किसान मोर्चा के सुबल चंद्र सिंह, किशोर कुमार सिंह, आनंद सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष सुकमनी हेंब्रम आदि मुख्य रूप से मौजूद थे।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जामताड़ा में आयुष्मान भव मेला का हुआ आयोजन



**दैनिक शुभ भास्कर,मनीष बरणवाल,जामताड़ा ।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जामताड़ा के प्रांगण में आयुष्मान भव मेला का आयोजन किया गया। मेला का उद्घाटन मौके पर मौजूद डॉक्टर एवं स्वास्थ्य कर्मियों ने सम्मिलित रूप से किया। मेला का मुख्य उद्देश्य लोगों को आयुष्मान के योजनाओं के प्रति जागरूक करना एवं लोगों को आयुष्मान योजना का लाभ प्राप्त करना है। जिसमें कई लोगों का आयुष्मान कार्ड का निबंधन किया गया। साथ ही साथ मेला में कई इंस्टाल लगाए गए थे। जिसमें स्वास्थ्य विभाग के कई नई योजनाओं के विषय में बतलाया गया एवं टीकाकरण हेल्थ जांच कुष्ठ रोग एवं मलेरिया के विषय में प्रचार प्रसार किया गया। मेला कार्यक्रम के दरमियान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जामताड़ा के कई स्वास्थ्य कर्मियों ने ब्लड बैंक जामताड़ा में रक्त दान किया। यह रक्तदान प्रथम चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर निलेश कुमार के देखरेख में किया गया।

## बावन बीघा में जलसा-ए ईद मिलादुन नबी का प्रोग्राम का हुआ आयोजन



**शुभ दैनिक भास्कर, संवाददाता,मधुपुर/ देवघर ।** शहर के 52 बीघा नोजवान कमेटी के तत्वाधान में जश्ने ईद मिलादुन्नबी के मौके पर बृहस्पतिवार की रात को शहर के जलसा-ए -ईद मिलादुन्नबी का आयोजन हुआ। जिसमें मौलानाओं ने तकरीर करते हुए कहा कि हजरत पैगंबर मोहम्मद सल्लल्लाहु की आमदे रसूल व विलादते रसुल के बारे लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि दुनिया में इंसानियत का संदेश दिया। कार्यक्रम का आगाज मौलाना मुबारक हुसैन ने कलामपाक की तिलावत से आरंभ किया।उन्होंने ने कहा अहमद रसूल के बारे में लोगों को संबोधित किया। कहा दुनिया में सबसे बड़ा मजहब इंसानियत का है। उन्होंने हजरत पैगंबर मोहम्मद साहब के जीवन के बारे में बताते हुए कहा कि उनसे प्रेरणा लेने व उनके बताए इंसानियत के मार्ग पर चलकर आवाम, जरूरतमंद की खिदमत करने की बात कही। उन्होंने कहा कि इंसानियत की खिदमत करना ही मोहम्मद साहब व इस्लाम का पैगाम है। वहीं हजरत मौलाना अबुल हसन ने विलादत रसूल के बारे में लोगों को जानकारी दिया।कहा समाज में तालीम की कमी पर चिंता व्यक्त करते हुए बच्चों को दीनी व दुनियाई तालिम दिलाने व मुल्क की तरक्की के लिए कार्य करने का आह्वान किया।

## जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त अध्यक्षता में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधिगण के साथ आयोजित बैठक संपन्न



**दैनिक शुभ भास्कर,मनीष बरणवाल,जामताड़ा ।** शुक्रवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त जामताड़ा शशि भूषण मेहरा की अध्यक्षता में मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के निमित्त प्री एक्टिविटीज के तहत चलाया जा रहे अभियान एवं निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी के द्वारा मतदान केंद्रों के व्यवस्थिकरण संबंधित प्रस्ताव पर चर्चा एवं निर्णय हेतु लेकर राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आहूत किया गया। बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने मतदान केन्द्र की स्थिति के अलावा भवनों की स्थिति, स्थल परिवर्तन व मतदान केन्द्र भवन के नाम परिवर्तन को लेकर राजनीतिक दलों के प्रतिनिधिगण के साथ चर्चा किया गया एवं उनके सुझावों और समस्याओं से अवगत हुए एवं इस संबंध में संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक व उचित दिशा-निर्देश दिया, ताकि निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार आवश्यक प्रक्रिया के तहत इस संबंध में आगे की कार्यवाही सुनिश्चित किया जा सके। इसके अलावा उपायुक्त ने एसएसआर 2024 में सभी योग्य मतदाताओं को सूची में नाम जोड़ने, पुराने वोटरों का नाम पता सहित अन्य त्रुटियों का सुधार व बूथ परिवर्तन तथा मृत वोटरों के नाम हटाने, अस्पष्ट और सादे फोटो को रंगीन फोटो से बदलने सहित अन्य गतिविधियों में आवश्यक सहयोग का अपील किया, ताकि स्वच्छ एवं त्रुटिरहित मतदाता सूची तैयार हो सके साथ ही उन्हें इस कार्य हेतु विभिन्न टाइमलाइन के बारे में भी जानकारी दी एवं बताया कि 17 अक्टूबर को मतदाता सूची के प्रारूप का प्रकाशन होगा। 17 से 30 नवंबर तक दावा आपत्ति दाखिल होगा। वहीं 1 से 26 दिसंबर तक दावा आपत्ति का निष्पादन होगा। इसके बाद मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 05.01.2024 को किया जाएगा। वहीं जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि से कहा कि शत प्रतिशत योग्य मतदाता का नाम सूची में जुड़े, खास कर नए वोटर जो 18 वर्ष पूरी कर चुके हैं या करने वाले हैं उनका नाम नहीं छूटे इसके लिए अपने स्तर से भी आवश्यक पहल करें। बैठक में निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी 09 जामताड़ा सह अनुमंडल पदाधिकारी संजय पांडेय, उप निर्वाचन पदाधिकारी विकास कुमार राय, राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि सहित अन्य संबंधित उपस्थित रहे।

## पशुपालकों के लिए वरदान साबित हो रही योगी सरकार की 1962 एंबुलेंस सेवा

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या।** योगी सरकार पशुपालकों को कई तरह की सुविधा दे रही है, जिससे पशुपालकों की आय में वृद्धि हो और उन्हें घर पर ही चिकित्सा सेवा उपलब्ध हो। आपको बताते चलें की पशुपालकों के पशुओं की उनके घर पर ही चिकित्सा सेवा उपलब्ध कराने के लिए प्रारंभ की गई 1962 एंबुलेंस सेवा जनपद में लाभकारी साबित हो रही है। एंबुलेंस सेवा अप्रैल माह में जब से जिले में प्रारंभ हुई है, तब से अब तक लगभग 8000 पशुओं को मोबाइल टीम ने पशुपालकों के घरों पर जाकर आवश्यक उपचार कर पशुओं प्राणों की रक्षा की है। जिला प्रोग्राम अधिकारी एंबुलेंस सेवा अयोध्या दीपक कुमार ने बताया पशुओं में लंपी बीमारी से बचाव के लिए 1962 एंबुलेंस के माध्यम से अभियान चलाकर टीकाकरण किया जा रहा है वह बीमार पशुओं व आवारा पशुओं का इलाज भी किया जाता है। उन्होंने कहा बीमार पशुओं को चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए चलाई जा रही 1962 एंबुलेंस सेवा पशुपालको के लिए वरदान साबित हो रही है। अयोध्या के ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों की सूचना पर मोबाईल यूनिट मौके पर पहुंच रही है। पशुओं को लंपी बीमारी से बचाने के लिए वेटनरी वैन गांव-गांव पहुंचकर निशुल्क टीकाकरण कर रही है।

## कुशल प्रबंधन से अयोध्या का दीपोत्सव भव्य बनेगा

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या।** डॉ० राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल ने बताया कि अयोध्या में 11 नवम्बर को होने वाले दिव्य दीपोत्सव को लेकर पूरी दुनियां देख रही है। इसे सभी के कुशल प्रबंधन एवं सहयोग से विश्व कीर्तिमान बनाया जायेगा। शुक्रवार को दोपहर में विश्वविद्यालय के कौटिल्य प्रशासनिक भवन के सभागार में कुलपति प्रो0 गोयल ने स्वयंसेवी संस्थाओं के पदाधिकारियों के साथ दीपोत्सव की तैयारियों को लेकर बैठक की। बैठक में कुलपति बताया कि हम सभी सौभाग्यशाली है कि प्रभु श्रीराम नगरी अयोध्या के दीपोत्सव की चर्चा पूरी दुनियां में है। उत्तर प्रदेश शासन एवं जिला प्रशासन के समन्वय से विश्वविद्यालय सातवीं बार दीपोत्सव में 21 लाख से अधिक दीए प्रज्वलित करने जा रहा है। छठवीं बार विश्व कीर्तिमान स्थापित करेगा। उन्होंने स्वयंसेवी संस्थाओं से कहा कि कर्मठ स्वयंसेवकों की सूची शीघ्र ही उपलब्ध करा दे। कुलपति ने कहा कि राम की पैड़ी सहित 47 घाटों पर 24 लाख दीए बिछाये जायेंगे। इसके लिए 25 हजार स्वयंसेवक तैनात किए जायेगे। आप सभी के सहयोग से पुनः गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड में नाम दर्ज कर अयोध्या को विश्व पटल पर स्थापित करेंगे।

## बेटियों की शादी मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह में करायें

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या।** बेटी का विवाह और रहने के लिए छत हर गरीब की पहली चिंता होती है घर में बेटी के जन्म लेते ही पिता उसकी शादी की चिंता में पाई - पाई जोड़ने लगता है, गरीब की इसी मनोदशा को समझकर सूबे के मुखिया योगी महाराज नें बेटियां अभिशाप नहीं वरदान हैं को साकार करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम की स्कीम बनायीं है इस प्रकार के आयोजनों से जहाँ एक ओर लैंगिक भेदभाव समाप्त होगा वहीं दूसरी ओर गरीबों को बेटियों की शादी की चिंता ख़त्म होंगी उक्त बातें विधायक रामचंद्र यादव नें आगामी दिनों में प्रस्तावित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम में ज्यादा से ज्यादा बेटियों की शादी कराने के लिए कार्यकर्ताओ के साथ बैठक में कही विधायक नें कहा कि योजना में किसी धर्म और जाति का कोई भेदभाव नहीं है सभी पात्र व्यक्ति योजना का लाभ लें सकते हैं पूर्व अध्यक्ष प्रधान संघ रुदौली राम प्रेस यादव नें बताया कि बेटियों की शादी के इच्छुक माता पिता अभिभावक अपनी बेटी का आधार कार्ड, पासबुक, आय व जाति प्रमाण पत्र, 2 फोटो और पास बुक तथा लड़का का आधार कार्ड व फोटो शीघ्र तैयार कर लें आगामी नवम्बर माह में शादी प्रस्तावित है तैयारी बैठक में निर्मल शर्मा, राम नरेश रावत, अखिलेश रावत, विकास मिश्रा, जगदीश कुमार, पूर्व DDC राम भवन रावत, धर्मेन्द्र वर्मा और प्रधान राकेश वर्मा सहित तमाम कार्यकर्त्ता उपस्थित थे।

## नवागत उपजिलाधिकारी ने ग्रहण किया पदभार

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या।** उपजिलाधिकारी रुदौली के पद पर अंशुमान सिंह के स्थानांतरण के बाद नवागत उपजिलाधिकारी अंशिका दीक्षित ने पद भार ग्रहण कर लिया है।नवागत उपजिलाधिकारी अंशिका दीक्षित ने कहा कि शासन की योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना, पीड़ित को न्याय दिलाना, बार और बेंच के मध्य सामंजस बनाना उनकी प्राथमिकता होगी।उन्होंने कहा कि पीड़ित को बार बार तहसील के चक्कर न काटने पड़े।समस्याओं का निस्तारण धरातल पर गुडवत्ता से होना चाहिए।उन्होंने बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों से वादों के निस्तारण में सहयोग की अपील की।इस दौरान उन्होंने अपने अधीनस्थों के साथ मीटिंग कर आवश्यक दिशा निर्देश भी दिया।

## जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की नयी योजना एक नया सवेरा आयोजित हुआ शिविर

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या।** प्रोजेक्ट "एक नया सवेरा" जिसमें बालक बालिकाओं के अधिकारों, असुरक्षा की भावना, आत्म रक्षा वह संवैधानिक अधिकारों के विषय में जागरूक किया जाएगा। प्रोजेक्ट श्वेता राज ने किया था प्रस्तावित, न्यायपालिका ने दिया हरी झंडी। शिविर में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा बालिकाओं को विधिक सेवा प्राधिकरण की सेवाओं के विषय में अवगत कराया गया, उनके कानूनी अधिकारों के विषय में जानकारी दी और एडवोकेट श्वेता राज सिंह द्वारा बालिकाओं के संवैधानिक अधिकारों, असुरक्षा की भावना, आत्म रक्षा, अपने पर हो रहे अन्याय के विरुद्ध आवाज उठाना आदि विषयों पर वार्ता करी गई श्वेता द्वारा बालिकाओं को लॉ आफ कम्युनिकेशन और लॉ ऑफ़ रिपोर्टिंग बताया गया और यह भी बताया गया की बालिका अपने पर हों रहे अत्याचार को छुपा कर किसी पुरुष के सम्मान की रक्षा करती है अपने सम्मान के लिए उसे बोलना चाहिए। मौके पर डीआइओएस प्रतिनिधि अयोध्या, प्रिन्सिपल कनौसा कन्वेंट गर्ल्स इंटर कालेज, सभी अध्यापिकाए और छात्राएं उपस्थित रहीं।

जलसा | बच्चियों ने नातिया कलाम और तालीमी इल्म पेश कर लोगों का दिल जीत लिया

# जश्ने ईद मिलादुन नबी के अवसर पर मोहडार गांव में जलसा का आयोजन



**दैनिक शुभ भास्कर, मनीष बरणवाल, जामताड़ा।** जश्ने ईद मिलादुन्नबी के अवसर पर मोहडार गांव में अंजुमन कमेटी की ओर से गुरुवार देर रात्रि को जलसा सह दिनी तालीम पर सवाल जवाब कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान मदरसे में दीनी तालीम हासिल कर रही बच्चियों ने नातिया कलाम और तालीमी इल्म पेश कर लोगों का दिल जीत लिया। एक से बढ़कर एक कुरान की आयत और दुआ पढ़ कर सुनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत बच्चियों ने कुरान की तिलावत से की। गांव के मदरसे में दीनी तालीम हासिल करने वाले बच्चे एवं बच्चियों ने अपनी मीठी आवाज में बेहतरीन अंदाज में नात शरीफ पढ़ी। बच्चे एवं बच्चियों ने इस्लामी जानकारी पर आधारित सवाल जवाब किया। इमाम मौलाना जाकिर हुसैन नोमानी ने गांव के बच्चे एवं बच्चीयों को नात व सवाल जवाब तकरीर सिखाई। जिसको सुनकर गांव के लोगों ने इमाम मौलाना जाकिर हुसैन नोमानी की सराहना की जो बच्चे व बच्चीयों को उम्दा तरीके से तालीम दी जो एक मिशाल है। इस मौके पर इमाम मौलाना जाकिर हुसैन नोमानी ने कहा कि सबसे बड़ा मजहब इंसानियत का है। उन्होंने हजरत पैगंबर मोहम्मद साहब के जीवन पर प्रकाश डालते हुए प्रेरणा लेने व उनके बताए इंसानियत के मार्ग पर चलकर आम आवाम जरूरतमंद की खिदमत करने की बात कही। उन्होंने कहा कि इंसानियत की खिदमत करना ही मोहम्मद साहब व इस्लाम का पैगाम है। उन्होंने अल्पसंख्यक समाज में तालीम की कमी पर चिंता व्यक्त करते हुए बच्चों को दीनी व दुनियावी तालीम दिलाने व मुल्क की तरक्की के लिए कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि अगर किसी बाप ने अपनी बेटी की अच्छी परवरिश कर रुखसत किया तो जन्नत उसके लिए लाजिम है। इस मौके पर कार्यक्रम के अंत में सभी बच्चे एवं बच्चियों को अंजुमन कमेटी की ओर से पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया मौके पर कमेटी के अलाउद्दीन अंसारी मुनताज अंसारी जान मोहम्मद असलम अंसारी अख्तर अंसारी हसरत अंसारी अकरम अंसारी नासिर अंसारी सहित अन्य कमेटी के लोग मौजूद थे।

# जहां खरीफ की खेती नहीं हुई है, वैसे स्थानों को चिन्हित कर रबी फसल लगवाएं - उपायुक्त



**दैनिक शुभ भास्कर,मनीष बरणवाल,जामताड़ा ।** शुक्रवार को उपायुक्त सह अध्यक्ष आत्मा, जामताड़ा की अध्यक्षता में केंद्र प्रायोजित आत्मा अंतर्गत कृषि प्रसार एवं राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन "कृषिणान्नोती योजना" का वित्तीय वर्ष 2023-24 के क्रियान्वयन हेतु आत्मा शासकीय निकाय एवं जिला स्तरीय खाद्य सुरक्षा मिशन क्रियान्वयन समिति की बैठक आहूत की गई। बैठक में विभिन्न प्रस्तावों सहित कृषि विकास, प्रचार प्रसार, खाद्य पोषण आदि बिंदुओं पर समीक्षा किया गया।उपायुक्त ने कृषि प्रसार हेतु वित्तीय वर्ष 2023 - 24 के डिस्ट्रिक्ट एक्सटेंशन वर्क प्लान कार्ययोजना के अंतर्गत अन्तर राजकीय, राजकीय एवं जिला स्तरीय प्रशिक्षण, प्रत्यक्षण, अन्तर राजकीय, राजकीय एवं जिला स्तरीय परिभ्रमण, कृषक क्षमता विकास एवं ज्ञानवर्धन, जिला स्तरीय प्रदर्शनी, किसान मेला, फल एवं सब्जी प्रदर्शनी, किसान वैज्ञानिक अन्तर मिलन कार्यक्रम, फील्ड डे एवं किसान गोष्ठी की विस्तारपूर्वक समीक्षा की। जिसमें उन्होंने कृषि सम्बन्धित योजनाओं का वृहत प्रचार प्रसार कर किसानों को नई उन्नत तकनीकों का प्रशिक्षण देने एवं उन्हें आर्थिक रूप से स्वावलंबी बनाने के लिए निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि पॉली हाउस में किसानों को खेती हेतु पहल करें, ऑफ सीजन वाले सब्जी के उत्पादन को बढ़ावा देने हेतु आवश्यक पहल करें, किसानों से इसकी खेती करवाएं। किसानों को विभाग द्वारा संचालित योजनाओं, नई तकनीकों आदि के बारे में अवगत कराएं, उन्हें बताएं कि कैसे वो इसका लाभ प्राप्त कर सकते हैं, उन्हें उन्नत तरीके से खेती हेतु प्रोत्साहित करें। वहीं उन्होंने योजनाओं के क्रियान्वयन पर चर्चा के क्रम में उपायुक्त ने जिले में कृषि क्षेत्र के विकास के लिए विभिन्न क्षेत्रों में कार्य कर रहे नए किसानों को चिन्हित कर उन्हें खेती की नई तकनीक, आधुनिक उपकरणों के प्रयोग के प्रति जागरूक करने का निर्देश दिया। उन्होंने जिला स्तरीय एवं प्रखंड स्तरीय किसान मेला का आयोजन कर योग्य किसानों को लाभ प्रदान करने का निर्देश दिया।कृषक पाठशाला के अलावा आत्मा जामताड़ा के ईपीएफ की बकाया अंशदान एवं इंटरेस्ट और फाईन से संबंधित राशि, आत्मा जामताड़ा कर्मियों के हड़ताल अवधि के सामंजन विषय पर समुचित निर्णय की समीक्षा करते हुए बैठक में विमर्श कर आवश्यक एवं उचित दिशा निर्देश दिया। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन के वार्षिक कार्य योजना के तहत दलहन, तिलहन, न्यूट्री सीरियल, मोट अनाज (कोर्स सीरियल), राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन दलहन एवं तिलहन योजनान्तर्गत खरीफ 2023 में खरीफ फसल/रकबा का अनाच्छादित प्रत्यक्षण का लेफ्ट ओवर एरिया के तहत रबी फसल रकबा में आच्छादित करने हेतु विमर्श कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने कहा जहां खरीफ फसल नहीं लगा है, वैसे स्थानों को चिन्हित कर रबी फसल लगवाने हेतु आवश्यक पहल करें। उपायुक्त ने जिले मे रबी फसल को बढ़ावा देने के लिए किसानों के बीच उच्च कोटि के बीज वितरण करने करने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्रों में कार्य कर रहे किसानों को योजनाबद्ध तरीके से स्थानीय बजार में उपलब्धता हेतु वाहन की व्यवस्था, ऑर्गेनिक फार्मिंग, खेती की नई तकनीकों, आधुनिक उपकरणों के प्रयोग एवं उनके माध्यम से आए में होने वाले मुनाफे के प्रति जागरूक करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

## ख़ास ख़बर

### एक अदद चोरी की मोटरसाइकिल के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार



**बलरामपुर बलरामपुर** । पुलिस अधीक्षक केशव कुमार द्वारा अपराध व अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी योगेश कुमार व क्षेत्राधिकारी तुलसीपुर राघवेन्द्र सिंह के पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरी0 थाना पचपेड़वा के कुशल नेतृत्व शुक्रवार को पुलिस टीम द्वारा थाना इकौना जनपद श्रावस्ती में पंजीकृत मु0अ0सं0 239/2023 धारा 379 भादवि से सम्बन्धित अभियुक्त महेन्द्र कुमार कोरी पुत्र श्री ननके कोरी निवासी ग्राम अमरहवा थाना को0 देहात जनपद बलरामपुर को विशुनपुर टनटनवा पुल से गिरफ्तार किया गया।

### क्षेत्र में दुष्कर्म/बलात्कार कारित करने वाले अभियुक्त को धारा- 55 crpc के अन्तर्गत किया गया गिरफ्तार



**सौरभ पांडे ब्यूरो चीफ बलरामपुर** । पुलिस अधीक्षक बलरामपुर श्री केशव कुमार के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी श्री योगेश कुमार व क्षेत्राधिकारी ललिया श्री राधारमण सिंह के पर्यवेक्षण में वांछित/वारंटिओं की गिरफ्तारी व अपराध व अपराधियों के रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में-दिनांक 29.09.2023 को प्रभारी निरीक्षक श्री अजय कुमार पाण्डेय मय हमराह हे0का0 महीप कुमार शुक्ला , का0नीरज कुमार व का0 कुलदीप यादव ,क्षेत्राधिकारी ललिया महोदय द्वारा धारा-55 सी.आर.पी सी के क्रम में जारी हुकुम तहरीरी से संबंधित मु0अ0सं0-235/23 धारा-376,506 भा0द0वि0 3(2)5 एस.सी./एस.टी. एक्ट थाना ललिया जनपद बलरामपुर से सम्बंधित नफ़र अभियुक्त रमेश पुत्र नानमून पाठक निवासी रतनपुर थाना ललिया जनपद बलरामपुर को उसके घर से गिरफ्तार किया गया । रमेश पुत्र नानमून पाठक निवासी रतनपुर थाना ललिया जनपद बलरामपुर गिरफ्तार करने वाली टीम-1.प्रभारी निरीक्षक श्री अजय कुमार पाण्डेय, 2.हे0का0 महीप कुमार शुक्ला, 3. का0नीरज कुमार, 4. का0 कुलदीप यादव ।

### जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में जिला उद्योग बंधु की बैठक संपन्न



**सौरभ पांडे ब्यूरो चीफ बलराम पुरबलरामपुर** । बैंक रोजगार योजनाओं में ऋण प्रदान करने में ना बरते ढिलाई - जिलाधिकारी महोदय जिलाधिकारी श्री अरविंद सिंह की अध्यक्षता में जिला उद्योग की बैठक कलेक्ट्रेट में संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी महोदय द्वारा शासन की महत्वाकांक्षी रोजगार स्कीम प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, प्रधानमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, एक जनपद एक उत्पाद वित्त पोषण सहायता योजना की समीक्षा के दौरान उद्योग विभाग द्वारा लाभार्थियों को योजनाओं में ऋण के लिए बैंको को प्रेषित आवेदन पत्र का लंबित रहने पर नाराजगी व्यक्त की गई। उन्होंने कहा कि बैंक रोजगार स्कीम में ऋण करने में ढिलाई ना बरतें। उन्होंने कहा कि यदि लाभार्थी के डॉक्यूमेंट में कोई कमी है तो उसको सही कराते हुए ऋण प्रदान करे। जिलाधिकारी महोदय ने कहा की जनपद में बड़े उद्योग को लगाए जाने के लिए उद्यमियों को प्रोत्साहित किया जाए। इसके लिए सरकार द्वारा दिए जा रहे सब्सिडी एवं रियासतों के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी जाए। उन्होंने शिक्षुता प्रशिक्षण योजना के तहत विभिन्न ट्रेड में युवाओं को बेहतर ढंग से इन्नोवेटिव प्रशिक्षण प्रदान किए जाने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी महोदय ने कहा कि ग्लोबल इन्वेस्टर समिति में हुए एमओयू को धरातल पर उतरने के लिए उद्यमियों से वार्ता करते हुए उन्हें निवेश को प्रोत्साहित किया जाए।

### विद्युत विभाग द्वारा अभियान चलाकर आम जनमानस की विद्युत को लेकर समस्याएं की जा रही है दूर

**सौरभ पांडे ब्यूरो चीफ बलरामपुर** । जिलाधिकारी श्री अरविंद सिंह के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में जनपद बलरामपुर में सभी श्रेणी के विद्युत उपभोक्ताओं को बेहतर सुविधा प्रदान करने, उपभोक्ताओं की विद्युत सम्बन्धी समस्याओं के त्वरित निराकरण तथा क्षेत्रों में विद्युत अनियमितताओं को संज्ञान में लेकर नियमानुसार कार्यवायी करने के साथ-साथ बकायेदार विद्युत उपभोक्ताओं से बकाया राशि जमा कराने हेतु जनपद में जिला प्रशासन के सहयोग से विद्युत विभाग द्वारा उपभोक्ता के द्वार कार्यक्रम के तहत को जनपद के सभी शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में महाभियान के रूप में चलाया जा रहा है। सभी 07 विद्युत उपकेन्द्रों पर कार्यरत अभियन्ता एवं कार्मिकों द्वारा अब तक कुल 5166 उपभोक्ताओं के द्वार जाकर व्यक्तिगत सम्पर्क स्थापित किया गया तथा उनके परिसर पर स्थापित केबिल, मीटर विद्युत बिल तथा मीटर रीडिंग की जाँच की गयी। कुल 240 उपभोक्ताओं के परिसरों पर लगे विद्युत संयोजनों के भार जो स्वीकृत भार से अधिक थे, को कुल 700केवा भार वृद्धि की कार्यवाही की गयी एवं 51 अद् उपभोक्ताओं के विधा में परिवर्तन किया गया। सभी उपभोक्ताओं को समय से विद्युत बिल जमा करने हेतु अनुरोध किया गया एवं किसी भी असुविधा की स्थिति में खण्डीय / उपखण्ड कार्यालय से सम्पर्क करने का भी अनुरोध किया गया। विद्युत विभाग द्वारा फोन घुमाओं अभियान के तहत सभी बकायेदार विद्युत उपभोक्ताओं को खण्ड उपखण्ड एवं विद्युत उपकेन्द्र स्तर से फोन लगाकर बकाया राशि के भुगतान अविलम्ब करने का अनुरोध किया जा रहा है।

# मातृ भाषा ही राष्ट्रीय शिक्षा नीति का माध्यम बनेगीः प्रो0 सूर्य प्रसाद दीक्षित



**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या** । डॉ० राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल के दिशा-निर्देशन में हिंदी भाषा एवं प्रयोजनमूलक विभाग तथा क्षेत्रीय भाषा केंद्र और बैंक ऑफ बड़ौदा के संयुक्त संयोजन में हिंदी पखवाड़ा का समापन किया गया। शुक्रवार को प्रचेता भवन में राजभाषा प्रबंधन विषय पर संगोष्ठी एवं विभिन्न प्रतियोगिता के प्रतिभागी विजेताओं को सम्मानित किया गया। जिसमें कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लखनऊ विश्वविद्यालय के हिन्दी भाषा एवं प्रयोजनमूलक विभाग के पूर्व अध्यक्ष प्रो0 सूर्य प्रसाद दीक्षित, विभाग के समन्वयक डॉ0 सुरेन्द्र मिश्र, शिक्षकों एवं पदाधिकारियों द्वारा निबंध प्रतियोगिता में बीए के छात्र अतुल तिवारी को प्रथम, एमए इतिहास संस्कृति एवं पुरातत्व की शिवानी राय को द्वितीय, आदर्श तिवारी एमए हिन्दी विभाग तृतीय एवं सांत्वना पुरस्कार गार्गी बंधुजा, दयानंद मिश्र, नेहा गुप्ता, श्रीकांत यादव एवं कविता को प्रमाण-पत्र एवं धनराशि से पुरस्कृत किया गया।इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रो0 सूर्य प्रसाद दीक्षित ने कहा कि हिन्दी भाषा केवल अभिव्यक्ति का माध्यम नहीं है बल्कि यह संस्कारों व संस्कृति की भाषा है। उन्होंने कहा कि यह मनुष्यों के अंदर संवेदना व्यक्त करने वाली भाषा है। अंग्रेजी बोलने से पहले हमें अनुवाद की सहायता लेनी पड़ती थी। हिंदी हमारे मौलिक चिंतन की भाषा है जिस भाषा में हम सपने देखते हैं वही भाषा हम संप्रेषित करते हैं। कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि अंग्रेजी का प्रयोग साढे तीन प्रतिशत लोग करते हैं। जबकि 85 प्रतिशत जनता की भाषा हिंदी है जो गांव की भाषा है। उन्होंने कहा कि आदर्श लोकतंत्र हम उसी को मानते हैं जब गांव की भाषा सीधे दिल्ली तक पहुंचे। कार्यक्रम में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के विभिन्न पहलुओं पर जोर देते हुए प्रो0 दीक्षित ने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा में मातृ भाषा ही नई शिक्षा नीति का माध्यम बनेगी। उन्होंने कहा कि हमें अपने लोक संस्कृति को बचाने की आवश्यकता है। हमें अपनी संस्कृति की जड़ों की ओर लौटना है जो हमारे चरित्र निर्माण कर सके। उन्होंने राजभाषा के अभिप्राय को बतलाते हुए कहा कि राजभाषा जब समर्थ रूप में हो जाएगी तब वह स्वयं राष्ट्रभाषा बन जाएगी।कार्यक्रम में सेंट्रल बैंक के राजभाषा अधिकारी सुरेंद्र यादव ने कहा कि हिंदी को केवल एक दिवस के रूप में नहीं मनाया जाना चाहिए। हम हिंदी विषय की चर्चा करें, उपदेश के रूप में नहीं बल्कि तर्क के रूप में लोगों के बीच में रखी जाए। उन्होंने अंग्रेजी के वर्तनी दोष को गिनाते हुए हिंदी की सहज, सुगमता इसकी वैज्ञानिकता पर जोर डाला। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए हिंदी भाषा एवं प्रयोजनमूलक विभाग के समन्वयक डॉ0 सुरेंद्र मिश्रा ने कहा कि भारतीय भाषा में केवल हिंदी ऐसी ऐसी भाषा है जो अधिकांश भारतीयों द्वारा बोली जाती है। यह भाषा संपर्क माध्यम के रूप में प्रयोग के लिए सभी को सीखना चाहिए। इस अवसर पर हिंदी भाषा में प्रयोजन मूलक विभाग की डॉ0 सुमन लाल द्वारा स्वागत उद्बोधन किया गया।

### एसएसबी नवीं वाहिनी द्वारा नशा मुक्ति के लिए निकाली गई रैली ग्रामीणों को किया गया जागरूक



**जिला संवादाता के बी गुप्ता, बलरामपुर** । इंडो-नेपाल बार्डर के सीमांत चौकी भगवानपुर के सकडा गांव में एसएसबी नवीं वाहिनी के जवानो वा अधिकारियो ने शुक्रवार दोपहर नशा मुक्ति अभियान के तहत रैली निकाली नशामुक्ति अभियान के तहत नशे की लत के दुष्प्रभाव के बारे में जागरूक किया गया। उप कमांडेंट डॉ भरत कुमार चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि विश्व में रोजाना सैकड़ों लोग नशे की लत के कारण अपनी जान गवां रहे हैं। युवाओं में नशे की लत हमारे समाज को खोखला कर रही है। इसलिए हमारा कर्तव्य है, कि हम अपने समाज के लोगों को जागरूक करें और नशा मुक्त भारत के निर्माण में अपना योगदान दे। इस अवसर पर ग्रामीण तथा समस्त जवान उपस्थित रहे।

### पुलिस अधीक्षक बलरामपुर के निर्देशन में जनपद के समस्त थाना क्षेत्र अन्तर्गत मिशन शक्ति जागरुकता अभियान



**सौरभ पांडे ब्यूरो चीफ बलरामपुर** । पुलिस अधीक्षक बलरामपुर श्री केशव कुमार के निर्देशानुसार एंटी रोमियो स्क्वाड दल, महिला बीट पुलिस अधिकारी, नारी सुरक्षा दल द्वारा समस्त थाना क्षेत्र अन्तर्गत प्रमुख चौराहो/गॉवों/भीड़भाड़ वाले स्थानों पर जाकर चौपाल लगाकर मिशन शक्ति अभियान के बारे में महिलाओं/बालिकाओं आदि को जानकारी देते हुए सुरक्षा एवं आत्मनिर्भरता के लिए बनाए गए कानून एवं नियमों के बारे में बताते हुए जागरूक किया गया। साथ ही साथ सेल्फ डिफेंस व हेल्पलाइन नंबर- वीमेन पावर लाइन-1090, महिला हेल्प लाइन नंबर-181, चिकित्सीय सहायता हेतु-108 पुलिस कंट्रोल नंबर -112, चाइल्ड हेल्पलाइन -1098 व साइबर अपराधों जैसे- OTP शेयरिंग,लकी ड्रा फ्रॉड कॉल, स्मॉर्ट एडिटिंग वीडियो कॉल,बैंकिंग फ्रॉड आदि के बारे में भी जानकारी दी गयी।

# बीडीसी सदस्य अपने हक की लड़ाई के लिए इको गार्डन मैदान लखनऊ में इकट्ठा होंगेः नवनीत शुक्ला



**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ बीकापुर अयोध्या** ।। प्रधान क्षेत्र पंचायत स्वाभिमान संघ की बैठक शुक्रवार को संगठन के ब्लॉक अध्यक्ष पंकज सोनी की अध्यक्षता में विकासखंड सभागार में आयोजित की गई। बैठक के दौरान त्रिस्तरीय पंचायती राज व्यवस्था में ग्राम प्रधानों की तरह जनता द्वारा निर्वाचित क्षेत्र पंचायत सदस्यों की उपेक्षा पर जमकर भड़ास निकाली गई। क्षेत्र पंचायत सदस्यों के अधिकारों उन्हें वित्तीय अधिकार प्रदान करने, मानदेय दिलाए जाने तथा विकास कार्यों में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करवाने के निमित्त चर्चा की गई। आगामी 6 अक्टूबर को लखनऊ में क्षेत्र पंचायत सदस्यों की प्रस्तावित धरना प्रदर्शन एवं आंदोलन की तैयारी को लेकर अभी चर्चा हुई। बैठक के बाद कार्यक्रम में मौजूद मुख्य अतिथि बीडीसी संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष नवनीत शुक्ला एडवोकेट ने शुक्रवार को विकासखंड बीकापुर के सभागार में पत्रकार वार्ता के दौरान अपनी बात रखी। प्रेस वार्ता के दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष नवनीत शुक्ला ने बताया कि सड़क से सदन तक बीडीसी सदस्यों की हक की लड़ाई के लिए वह प्रतिबद्धता से आवाज बुलंद कर रहे हैं। उत्तर प्रदेश के 826 विकासखंड में करीब 80, 000 क्षेत्र पंचायत सदस्य निर्वाचित हैं। जो उपेक्षा का शिकार है। और उनकी राजनीतिक हत्या हो रही है। इन्हें भी अपने क्षेत्र पंचायत क्षेत्र में विकास कार्य करने के लिए वित्तीय अधिकार मिलना चाहिए। उन्होंने दावा किया कि शासन स्तर पर क्षेत्र पंचायत सदस्यों को बीमा लाभ दिलाने, मनरेगा के कार्यों भागीदारी सहित तीन मांग पूरी होने के बावजूद अभी तक जमीन पर इसके क्रियान्वयन के लिए इंतजार करना पड़ रहा है। उन्होंने यह भी जानकारी दी की आने वाले 6 अक्टूबर को प्रदेश भर के बड़ी तादाद में बीडीसी सदस्य अपने हक की लड़ाई के लिए इको गार्डन मैदान लखनऊ में इकट्ठा होंगे। जिसकी तैयारी के लिए हर जनपद में प्रेस वार्ता की जा रही है। प्रेस वार्ता में मुख्य रूप से राष्ट्रीय अध्यक्ष नवनीत शुक्ला के अलावा बीडीसी संघ के प्रदेश अध्यक्ष देवी प्रसाद पांडेय, प्रदेश सचिव अनूप अग्रवाल, विजय दादा, प्रदेश मंत्री मनोज अग्रवाल, प्रदेश उपाध्यक्ष अनूप पांडेय, जिला उपाध्यक्ष राहुल दुबे, पंकज सोनी, उर्मिला, अशोक निषाद आदि मौजूद रहे।

### महिला थाना द्वारा दो पारिवारिक विवादों का किया सफल निस्तारण



**जिला संवादाता, बलरामपुर** । शुक्रवार को आवेदिका मंशा देवी पत्नी गोलू सैनी नि0 ग्रा0 मिश्रोलिया थाना पचपेड़वा द्वारा महिला थाना में एक शिकायती प्रार्थना पत्र दिया गया था,जिसमें पति गोलू सैनी पुत्र गंगा राम नि0 ग्राम पारा सराय थाना इटियाथोक जनपद-गोण्डा द्वारा आवेदिका को प्रताड़ित किया जाता है। आवेदिका के साथ गाली - गलौज व मारपीट करना आदि की शिकायत थी जिसके सम्बन्ध में महिला हेल्पडेस्क पर नियुक्त महिला कॉन्स्टेबल सविता सिंह व रोशनी देवी द्वारा दोनों पक्षों को निस्तारण हेतु महिला थाना बुलाया गया। उक्त प्रकरण को संज्ञान में लेकर थाना प्रभारी अजय कुमार मौर्य द्वारा दोनों पक्षों को थाने पर बुलाकर समझाया बताया गया। जिसके उपरांत दोनों पक्ष पुरानी बातों को भुलाकर राजी खुशी से एक साथ रहने को तैयार हुए 2- आवेदिका समसुननिशा पत्नी निजाम नि0 ग्रा0 गुरचिहवा थाना पचपेड़वा जनपद- बलरामपुर , द्वारा महिला थाना ,जनपद बलरामपुर में एक शिकायती प्रार्थना पत्र दिया गया था,जिसमें पति निजाम पुत्र बरसाती नि0 ग्राम - गुरचिहवा थाना पचपेड़वा बलरामपुर द्वारा आवेदिका के साथ गाली गलौज व मारपीट करना जिसके सम्बन्ध में महिला हेल्पडेस्क पर नियुक्त महिला कॉन्स्टेबल सविता सिंह व रोशनी देवी द्वारा दोनों पक्षों को निस्तारण हेतु महिला थाना, बलरामपुर बुलाया गया । उक्त प्रकरण को संज्ञान में लेकर थाना प्रभारी अजय कुमार मौर्य द्वारा दोनों पक्षों को थाने पर बुलाकर समझाया बताया गया। जिसके उपरांत दोनों पक्ष पुरानी बातों को भुलाकर राजी खुशी से एक साथ रहने को तैयार हुए और थाना प्रभारी को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए महिला थाना से रवाना हुए।

### आयोजित हुई सांसद सांस्कृतिक मेधा प्रतियोगिता



**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या** । प्रतियोगिता हमें सफलता दिलाने में मदद करती है क्योंकि वर्तमान परिवेश प्रतिस्पर्धात्मक है। प्रतियोगिता में भाग लेने से बच्चों के मन में आत्मविश्वास भाव जाग्रत होता है। किसी छोटे से ऑडिशन में जीतने के बाद बच्चे का आत्मविश्वास बढ़ता है और आगे वह और भी बड़े मंच का आसानी से सामना कर सकता है। उक्त बातें सासंद लल्लू सिंह ने हैरिंग्टनगंज कम्पोजिट विद्यालय पाराताजपुर में आयोजित सांसद सांस्कृतिक मेधा प्रतियोगिता के दौरान कही। उन्होनें आगे कहा कि सांसद सांस्कृतिक मेधा प्रतियोगिता बच्चों में आत्मविश्वास बढ़े, उन्हे बेहतर मंच मिले इसी उद्देश्य के साथ आयोजित की जा रही है। इस दौरान आयोजित छः प्रतियोगिताओं में 72 विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को सम्मानित किया गया। पेंटिग प्रतियोगिता में अंशू प्रथम, अनन्या विश्वकर्मा द्वितीय, प्रिंस तृतीय स्थान पर रहें। निबंध प्रतियोगिता में मुस्कान गौड़ प्रथम, काजल द्वितीय, आकृति मौर्या तृतीय स्थान पर, भाषण प्रतियोगिता में दामिनी जायसवाल प्रथम, नैन्सी द्वितीय, पुष्पा तृतीय स्थान पर रहीं। काव्य पाठ में अंश प्रथम, अरूसिया वर्मा द्वितीय, कोयल तृतीय स्थान पर रहीं। बाल संसद गठन प्रतियोगिता में कम्पोजिट विद्यालय पाराताजपुर प्रथम, पूर्व माध्यमिक विद्यालय रूरूखास द्वितीय स्थान पर रहा। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में प्राथमिक विद्यालय सहजनवां प्रथम स्थान पर, पू.मा.वि. रूरूखास दूसरे तथा पू.म.वि. देवकली माफी तीसरे स्थान पर रहा। इस दौरान ब्लाक पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता, शिक्षा विभाग के कर्मचारी व अधिकारी सहित संचालन समिति के सदस्य, सहित सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित रहे।

### जुआ खेलते चार जुआरी गिरफ्तार




**संवाददाता मो0 अबूबकर,रुदौली अयोध्या** । थाना पटरंगा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर जुआ खेल रहे चार जुअवारी को गिरफ्तार कर लिया जिनके पास से 52 ताश के पत्ते व 970 रुपये नगद बरामद किया। थाना पटरंगा पुलिस एसएसपी अयोध्या के निर्देश पर अपराधियों पर नकेल कसने हेतु अभियान चला रही थी तभी मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि चार जुआरी जुआ खेल रहे हैं।सूचना मिलते ही उपनिरीक्षक धर्मेंद्र सिंह का0 राहुल सेंगर, अमरेश यादव के साथ उक्त स्थान पर पहुँच जुआ खेलते हुए चार अभियुक्त मो0 अतीक पुत्र मो0 वसीम,बब्लू पुत्र रामनेवाज,नन्हू पुत्र रामसजीवन,फूलचंद पुत्र दिलैराम निवासीगण बलैया मजरे दिलवल को गिरफ्तार कर लिया।जिनके पास से 52 ताश के पत्ते व 970 रु0 बरामद किया। चारो के विरुद्ध धारा 13 जुआ अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

**अभियान** — ग्राम के सभी नागरिकों के साथ स्वच्छता शपथ लिये जाने के निर्देश दिये है

# स्वच्छता ही सेवा अभियान के अन्तर्गत की जाने वाली गतिविधियों को सफल बनायें:जिलाधिकारी



**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या** । जिलाधिकारी नितीश कुमार ने बताया कि प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी स्वच्छता ही सेवा अभियान के अन्तर्गत कचरा मुक्त भारत पखवाड़ा का आयोजन किया जायेगा। इस वर्ष स्वच्छता ही सेवा की थीम कचरा मुक्त भारत है। इसका उद्देश्य दृश्यमान साफ सफाई और सफाई मित्रों के कल्याण व समृद्व से सम्बंधित है। उक्त अभियान के अन्तर्गत जिलाधिकारी ने तैयारियों की समीक्षा बैठक आवासीय सभागार में की। जिसमें उन्होंने सम्बंधित विभाग के अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होंने पंचायत विभाग के अधिकारियों को ग्राम पंचायत भवन, विद्यालय, आंगनबाड़ी व स्वास्थ्य केन्द्र के आसपास पुराना एकत्रित कचरा जिसकी कई दिनों से साफ सफाई न हुई हो, को चिन्हित कर सफाई करने, ग्राम पंचायत के पास स्थित नदी के तट के किनारों से प्लास्टिक कूड़े को हटाने हेतु सफाई अभियान चलाये जाने, ग्राम पंचायत स्थित विद्यालय में स्वच्छता विषय पर वाद-विवाद प्रतियोगिता, पेंटिंग प्रतियोगिता कराये जाने व पुरस्कार वितरण किये जाने, ग्राम पंचायत में ठोस कचरा व कूड़ा एकत्रीकरण व उसके छटाई विषय पर लाउड स्पीकर पर प्रचार प्रसार करायें तथा जनपद की सभी ग्राम पंचायतों से सिंगल यूज्ड प्लास्टिक कचरे का सग्रहण अभियान चलाकर विकास खण्ड पर एकत्रीकरण करायें, ग्राम पंचायत के प्रधान द्वारा पेयजल स्वच्छता समिति निगरानी समिति के सदस्यों के साथ घरों का भ्रमण कर शौचालय प्रयोग, सामान्य साफ सफाई व कूड़े का घर पर ही न सड़ने वाले व सड़ने वाले कूड़े की छटाई के विषय में बताये जाने तथा 01 अक्टूबर को स्वच्छता दौड़ का आयोजन किये जाने व ग्राम पंचायत में बैठक कर सिंगल यूज्ड प्लास्टिक पर प्रतिबंध लगाये जाने हेतु संकल्प किये जाने और 02 अक्टूबर को ग्रामसभा का आयोजन कर ग्राम के सभी नागरिकों के साथ स्वच्छता शपथ लिये जाने के निर्देश दिये है। बैठक में सम्बंधित विभाग के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### महिला पुलिस चौकी उतरौला द्वारा परिवारिक विवाद का सफल निस्तारण



**सौरभ पांडे ब्यूरो चीफ बलरामपुर** । आवेदक मो0 सईद पुत्र नसरुल्लाह निवासी मोहल्ला रफी नगर थाना कोतवाली उतरौला जनपद बलरामपुर द्वारा एक प्रार्थना पत्र लेकर महिला रिपोर्टिंग चौकी उतरौला जनपद बलरामपुर आए। जिसमे अपनी बेटी जैनब सईद उर्फ रोजिया पत्नी आविद रजा उर्फ बबलू और दामाद आविद रजा उर्फ बबलू के बीच पारिवारिक विवाद था। विवाद चौकी प्रभारी महोदया के संज्ञान में लाया गया। चौकी प्रभारी महोदया द्वारा दोनों पक्ष को बुलाकर समझाने बुझाने के पश्चात दोनों पक्ष आपस में अपनी मर्जी से सुलह समझौता एक साथ राजी खुशी से रहने को तैयार हो गए हैं। दोनो पक्ष चौकी प्रभारी महोदया को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए चौकी से रवाना हुए।

# जलापूर्ति हेतु पाइप डालने के लिए हुयी खुदाई से पूरा गांव अस्त-व्यस्त

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ रूदौली अयोध्या**। रूदौली तहसील के ग्राम सिपाहभट्ट में ठेकेदार द्वारा जलापूर्ति हेतु पाइप डालने के लिए की गई खुदाई से पूरा गांव अस्त-व्यस्त हो गया है। सड़क के बगल पर्याप्त कच्ची जगह होनें के बावजूद ठेकेदार द्वारा पक्की सड़क को बीचोबीच से खोद डालने से ग्राम स्थित सुशीला आश्रम का आवागमन बाधित हो गया है। ठेकेदार द्वारा खोदे गए सड़क से आक्रोशित ग्रामवासियों ने ठेकेदार पर मानक अनुरूप कार्य न करने का आरोप लगाते हुए मामले की शिकायत जिलाधिकारी से करने की बात कही है।रूदौली तहसील के ग्राम सिपाहभट्ट में जलापूर्ति के लिए पाइप लाइन डालने हेतु की गई खुदाई से ग्रामवासियों में खासा आक्रोश व्याप्त है। ग्रामवासियों का आरोप है कि ठेकेदार जय प्रकाश यादव द्वारा गाँव के बीचोबीच लगभग साढ़े तीन सौ मीटर के आसपास इंटरलॉकिंग मार्ग महीनों पहले खोद कर छोड़ दी गई है आज तक उसमें पाइप नहीं पड़ सका है जिससे ग्रामवासियों को आवागमन में खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है यही नहीं इसके अतिरिक्त 450 मीटर खड़ंजा मार्ग पाइप डालने के बाद सिर्फ मिट्टी से पाट दिया गया है जिससे बरसात में कीचड़ हो जाने से आये दिन ग्रामवासी गिरकर चोटहिल हो रहे हैं। वहीं ग्रामवासी श्रीचंद शर्मा का आरोप है कि ठेकेदार द्वारा उनके आवास सुशीला आश्रम के ठीक सामने स्थित डामर रोड को बीचोबीच से जेसीबी द्वारा मानक से कहीं ज्यादा खोदकर पूरी सड़क बर्बाद कर दी गई है जबकि सड़क के बगल पाइपलाइन डालने के लिए पर्याप्त कच्ची जमीन उपलब्ध है फिर भी डामर रोड को खोदकर उसे बर्बाद कर दिया गया है। उनका आरोप है कि लाख कहने के बावजूद भी आश्रम को आने जाने के लिए मार्ग नहीं छोड़ा गया है जिससे आश्रम में रह रहे व्यक्तियों व मवेशियों को बाहर निकलने का मार्ग अवरुद्ध हो गया है। यही नहीं श्रीचंद शर्मा के मुताबिक ठेकेदार द्वारा शमशान की भूमि भी नहीं छोड़ी गई उस पर भी जेसीबी चला दी गई है। उनका कहना है कि ठेकेदार द्वारा खुदाई करते समय पर्यावरण संरक्षण हेतु लगाए गए वृक्षों का भी ध्यान नहीं दिया गया और उनसे सटकर उस तरह खुदाई की गई है कि पेड़ कभी भी गिर सकते हैं जिससे पर्यावरण को तो नुकसान पहुँचेगा ही साथ-साथ पेड़ की चपेट में आने से कोई बड़ी घटना भी हो सकती है।



## ख़ास ख़बर

### चुनाव को लेकर परिवहन और सेल टैक्स विभाग अलर्ट

**रवि कुमार सैनी शाहपुरा (जयपुर)।** शाहपुरा विधानसभा चुनाव के मद्देनजर चुनाव आयोग के निर्देश के बाद परिवहन विभाग व सेल टैक्स विभाग ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए अभियान चलाकर अवैध सामग्री की रोकथाम को लेकर मनोहरपुर टोल प्लाजा पर वाहनों की जांच की गई। जिला परिवहन अधिकारी रमेशचंद्र मीणा ने बताया कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी जयुपर के निर्देश पर बसों की पिछे की डिग्गी व अन्य वाहनों के माध्यम से पार्सल व कोरियर द्वारा एक स्थान से दूसरे स्थान पर पहुंचाई जाने वाली अवैध व संदिग्ध सामग्री की रोकथाम के लिए परिवहन अधिकारी सुनील अग्रवाल व सेल टैक्स विभाग टीम द्वारा संयुक्त रूप से 100 से ज्यादा वाहनों की जांच की गई।

### 85 वर्षिय किसान ने छात्रावास को किया आर्थिक सहयोग, घीसाराम गौड़ ने 31 हजार रूपए किए भेंट

**लक्ष्मणगढ़।** जाने माने किसान व समाजसेवी घीसाराम गौड़ ने छात्रावास निर्माण में आर्थिक सहयोग कर सेवा का नायाब उदाहरण प्रस्तुत किया है। जी हां हम बात कर रहे 7 दशक से सेवा व खेत खलिहान से जुड़े जाने माने किसान व समाजसेवी घीसाराम गौड़ की । जिन्होंने बच्चों के भविष्य निर्माण के लिए निर्माणाधीन महात्मा ज्योतिबा फुले छात्रावास के लिए 31हजार रूपए का आर्थिक प्रदान किया हैं। यह जानकारी देते हुए महात्मा ज्योतिबा फुले छात्रावास निर्माण समिति के अध्यक्ष रामावतार सिंगोदिया ने बताया कि वयोवृद्ध किसान समाजसेवी घीसाराम गौड़ ने छात्रावास की योजना व कार्य से प्रभावित होकर स्वप्रेरणा से छात्रावास को 31हजार रूपए प्रदान कर सेवा का नायाब उदाहरण समाज में प्रस्तुत किया है ।जो काबिले तारीफ है। समिति के संयोजक सज्जन कुमार बबेरवाल ने बताया कि छात्रावास निर्माण में किए गए आर्थिक सहयोग के लिए निर्माण समिति के पदाधिकारी सदस्यों ने प्रसन्नता जाहिर करते हुए समाजसेवी किसान घीसाराम गौड़ का आभार जताया है।

### रालोद इंडिया गठबंधन के प्रत्याशियों को जीताने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ेगा

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या।** राष्ट्रीय लोकदल मध्य प्रदेश और पूर्वांचल में भी आने वाले तीन माह में ब्लॉक स्तर पर संगठन खड़ा करेगा। उक्त बातें आज रालोद के नवनियुक्त प्रदेश महासचिव विश्वेष नाथ मिश्रा सुडडू मिश्रा ने अपने आवास पर आयोजित स्वागत समारोह में व्यक्त किया कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ नेता अखिलेश मिश्रा ने और संचालन जिला उपाध्यक्ष राजेश तिवारी ने किया कार्यक्रम को संबोधित करते हुए स्वागत से अभिभूत सुडडू मिश्रा ने राष्ट्रीय लोकदल के साथियों की तरफ से राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी का आभार व्यक्त किया और उन्हें विश्वास दिलाया की राष्ट्रीय लोकदल का हर कार्यकर्ता प्रदेश में रालोद को मजबूत करने का काम करेगा प्रदेश कमेटी में पुनः महासचिव बनाए जाने पर कार्यकर्ताओं ने फूलमालाओं से और अपने वक्तव्य से सुड्डू मिश्रा का स्वागत किया श्री मिश्रा ने बताया की आने वाले लोकसभा के चुनाव में रालोद इंडिया गठबंधन के प्रत्याशियों को जीताने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ेगा स्वागत समारोह में वरिष्ठ नेता अनिल पांडेय बृजेश मिश्रा राकेश मिश्रा जगदंबा पांडे रामसूरत यादव ढोढे यादव माधव दुबे रंजन मिश्रा गौतम तिवारी दीनानाथ तिवारी प्रकाश पांडेय बद्रीनारायण पांडेय जय नारायण तिवारी भूपेंद्र पांडेय पंडितपुर रामसनेही करी शिव कुमार मिश्रा तारकनाथ मिश्रा सीता राम रमेश नाथ धर्मेंद्र मिश्रा प्रताप शुक्ला कुलभूषण मिश्रा संजय मिश्रा कन्हैया साहू जितेन्द्र तिवारी गोड़वा मोनू शुक्ला अजय उपाध्याय आदि दर्जनों पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### अनंत चतुर्दशी पर निकला गणपति जी का भव्य जुलूस





**दैनिक शुभ भास्कर / मोहन सिंह / राजस्थान / चित्तौड़गढ़।** रावतभाटा तहसील का दूरस्थ क्षेत्र जावदा निमड़ी में श्री कालिया नाथ भगवान मंदिर पर गणेश चतुर्थी पर गणपति जी की स्थापन कर डांडिया खेले। प्रहलाद कुमावत ने बताया की प्रत्येक दिन गणपति जी की अतिथियों द्वारा आरती की गई तथा कुमावत युवा संगठन जावदा द्वारा अतिथियों को तिलक लगाकर स्वागत किया। डांडिया महोत्सव के अंतिम दिन मुख्य अतिथि रावतभाटा डीएसपी प्रभुलाल कुमावत रहे। मुख्य अतिथि सहित पधारे अतिथियों का कुमावत युवा संगठन द्वारा तिलक लगाकर एवं साफा बंधवाकर स्वागत किया। नागेश कुमावत ने बताया की अनंत चतुर्दशी पर देर रात्रि तक भव्य जुलूस निकला, जिसमे कुमावत युवा संगठन के पदाधिकारी, सदस्य एवं जावदा सरपंच कुलदीप सिंह राठौड़, सहित जावदा ग्रामवासी उपस्थित रहे। जुलूस पूरे गांव में निकला, जहां ग्रामवासियों द्वारा जगह जगह पर पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत किया। तत्पश्चात देर रात्रि गुंजाली नदी में गणपतिजी का विसर्जन किया।

# समाहरणालय सभागार में शिक्षा विभाग की मासिक समीक्षात्मक बैठक संपन्न



**दैनिक शुभ भास्कर, मनीष बरणवाल, जामताड़ा।** शुक्रवार को समाहरणालय जामताड़ा के सभागार में उपायुक्त शशि भूषण मेहरा की अध्यक्षता में शिक्षा विभाग की मासिक समीक्षात्मक बैठक आयोजित किया गया।बैठक में छात्र छात्राओं के नामांकन एवं ई विद्यावाहिनी पोर्टल पर प्रविष्टि, कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय एवं झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय में छात्राओं के नामांकन, निःशुल्क पाठ्य पुस्तक वितरण, पोशाक वितरण, खोले गए बैंक खाता की समीक्षा, राइट टू एजुकेशन के तहत निजी विद्यालयों में नामांकन की स्थिति, ई विद्या वाहिनी में शिक्षकों की उपस्थिति, स्कूल ऑफ एक्सीलेंस में नामांकन, सहित अन्य बिंदुओं पर बारी बारी से समीक्षा किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए उपायुक्त ने कहा कि हम सबों का दायित्व है कि बेहतर शिक्षा से ही अच्छे समाज का निर्माण कर सकते हैं। शिक्षक एवं संबंधित पदाधिकारी को उन्होंने विद्यालयों में नियमित रूप से अच्छी शिक्षा देने के लिए आवश्यक एवं उचित दिशा निर्देश दिया। बैठक में सर्वप्रथम उपायुक्त ने जिले के सभी विद्यालयों में नामांकन की स्थिति की समीक्षा की। जिला शिक्षा अधीक्षक ने उपायुक्त को बताया कि गुरु गोष्ठी में सभी शिक्षकों को शत प्रतिशत नामांकन हेतु निर्देशित किया है। इसके अलावा विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक में अनामांकित एवं छिजित बच्चों को पुनः विद्यालय में नामांकन कराया गया है, जिससे कक्षा 1 में नामांकन में सुधार हुआ है। उपायुक्त ने नामांकन को लेकर स्पष्ट दिशा निर्देश देते हुए कहा कि बच्चे किसी भी परिस्थिति में ड्रॉप आउट नहीं होने चाहिए। उन्होंने पहली कक्षा में शत प्रतिशत नामांकन के साथ प्रतिदिन विद्यालय में छात्र छात्राओं की उपस्थिति सुनिश्चति करने का निर्देश दिया। इसके अलावा शैक्षणिक सत्र 2023-24 में कक्षावार नामांकन की स्थिति की समीक्षा की, जिसमें बताया गया कि कक्षा 1 से 5 तक में में कुल 76283 छात्र छात्राएं, कक्षा 6 से 8 में 43587, कक्षा 9 से 10 में 17152 एवं कक्षा 11 से 12 में 7148 छात्र छात्राओं का नामांकन किया गया है। उपायुक्त ने ग्राम स्तर पर गठित विद्यालय शिक्षा समिति, स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं अन्य गणमान्य, बुद्धिजीवी व्यक्तियो के माध्यम से बच्चों के अभिभावकों को मोटिवेट करवाते हुए उसे पढ़ाई से जोड़ने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि विद्यालय में सभी बच्चे निर्धारित स्कूल ड्रेस कोड में आएं, साथ ही शिक्षक भी ससमय प्रोफेशनल ड्रेस पहन कर विद्यालय पहुंच कर अपनी जिम्मेवारियों को समझते हुए बच्चों को अच्छी शिक्षा दें। शिक्षक अथवा गुरु का स्थान सबसे ऊपर होता है, इस मर्यादा को बनाए रखें। वहीं इस दौरान उन्होंने कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय एवं झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय में चालू शैक्षणिक सत्र में नामांकन को लेकर समीक्षा करते हुए शत प्रतिशत सीटों पर नियमानुसार नामांकन सुनिश्चित करने के अलावा अच्छी पढ़ाई एवं शिक्षकों की भी उपस्थिति को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिया। इसके अलावा उन्होंने राइट टू एजुकेशन के तहत निजी विद्यालयों में नामांकन की समीक्षा करते हुए आवश्यक जानकारी ली एवं उचित दिशा निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि जिले के सभी। विद्यालयों में शिक्षक समय से विद्यालय आएं एवं ई विद्यावहिनी एप के माध्यम से अटेंडेंस बनाने का निर्देश दिया। इसके अलावा बैठक में नामांकित बच्चों में से छूटे हुए बच्चों के बैंक खाता खुलवाने की समीक्षा की। जिसमें जिले के विभिन्न बैंकों सहित पोस्ट ऑफिस में बैंक खाता खोलने हेतु भेजे गए आवेदनों की समीक्षा की गई। उपायुक्त को बताया गया कि कुल एनरोल्ड 1 लाख 42 हजार 218 छात्र छात्राओं में से जिन छात्रों के बैंक खाते नहीं खुले हैं, संबंधित पदाधिकारी एवं एलडीएम को इस पर विशेष प्राथमिकता देते हुए चिन्हित करते हुए शत प्रतिशत बच्चों के बैंक अकाउंट खोलने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिया। वहीं बैठक के क्रम में इसके अलावा कक्षा 1 से 8 तक डीबीटी के माध्यम से पोशाक राशि के वितरण की समीक्षा में बताया गया कि डीबीटी के प्रथम फेज में के माध्यम से राशि का भुगतान किया गया है, साथ ही अन्य छूटे हुए बच्चों के राशि भुगतान हेतु आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। वहीं बैठक में इसके अलावा विद्यालयों में मूलभूत सुविधाएं बिजली, पानी, बेंच डेस्क, शौचालय, चहारदीवारी, रंगरोगन सहित अन्य बिंदुओं पर समीक्षा करते हुए आवश्यक एवं उचित दिशा निर्देश दिया।मौके पर उपरोक्त के अलावा जिला शिक्षा पदाधकिारी डॉ गोपाल कृष्ण झा, जिला शिक्षा अधीक्षक दीपक राम, बीईईओ सहित अन्य संबंधित उपस्थित थे।

## परिषदीय स्कूल परिसर पर आयोजित हुआ ग्राम जन चौपाल

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या।** विकासखंड क्षेत्र के 2 ग्राम पंचायतो देवापुर और रतनपुर तेंदुआ ग्राम पंचायत में शुक्रवार को ग्राम जन चौपाल का आयोजन किया गया। देवापुर ग्राम पंचायत के कंपोजिट परिषदीय विद्यालय परिसर में ग्राम प्रधान बब्बन यादव की अध्यक्षता में आयोजित ग्राम जन चौपाल में मौजूद पंचायत सचिव धनंजय मौर्य द्वारा चौपाल में मौजूद लोगों से संवाद करके उनकी समस्या का निस्तारण किया गया। इस दौरान जन चौपाल में ग्रामीणों द्वारा राशन कार्ड, आवास, पेंशन, जल निकासी की नाली सहित अन्य समस्याओं से संबंधित 9 शिकायतें आई। अधिकारियों द्वारा निस्तारण करने का आश्वासन दिया गया। ग्राम चौपाल में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत ग्रामीणों ने अपना आवेदन भी दिया। ग्राम चौपाल में ग्राम पंचायत में कराए गए विकास कार्यों का सत्यापन किया गया। जरूरतमंदों को मिल रहे जन कल्याणकारी योजनाओं की भी समीक्षा की गई। ग्राम चौपाल में राज्य आजीविका मिशन के तहत स्वयं सहायता समूह के माध्यम से महिलाओं को स्वरोजगार उपलब्ध कराने, निशुल्क बोरिंग, वृद्धा, विकलांग, विधवा पेंशन, प्रधानमंत्री मुख्यमंत्री आवास, किसान सम्मान निधि, शौचालय निर्माण, पेयजल के लिए हैंडपंप सहित गांव में चल रही अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा की गई। इस मौके पर ग्राम पंचायत सचिव धनंजय मौर्य, तकनीकी सहायक प्रदीप श्रीवास्तव, राम महेश वर्मा, पंचायत सहायक विवेक यादव, रोजगार सेवक सीमा यादव, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ऊषा पाठक, सावित्री सहित काफी संख्या में ग्रामीण महिलाएं मौजूद रही।

## भाजपा ने चित्तौड़गढ़ जिला कार्यकारणी सहित 34 मंडल अध्यक्ष का किया मनोनयन



**दैनिक शुभ भास्कर / मोहन सिंह / राजस्थान / चित्तौड़गढ़।** भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी के निर्देशानुसार भाजपा जिला अध्यक्ष मिठू लाल जाट ने चित्तौड़गढ़ जिला कार्यकारणी सहित जिले के 34 मंडल अध्यक्ष की घोषणा की। जिला कार्यकारणी में 9 उपाध्यक्ष,3 महामंत्री, 9 मंत्री सहित 1 कोषाध्यक्ष का मनोनयन किया।भाजपा मंडल जावदा में सागर पुरोहित को मंडल अध्यक्ष घोषित करने पर मंडल के कार्यकर्ता सहित भाजपा कार्यकर्ताओं ने सागर पुरोहित को साफा बंधवाकर एवं मुंह मीठा करवाकर स्वागत किया। स्वागत कार्यक्रम में वरिष्ठ नेता नारायण लाल धाकड़, युवा मोर्चा जावदा मंडल अध्यक्ष कुलदीप सिंह राठौड़, सुरेश धाकड़,शक्ति केंद्र प्रभारी विकास टेलर,मिठू सिंह राठौड़,पुरुषोत्तमविजयवर्गीय,शांति लाल शर्मा,चांदमल धाकड़,अंतिम सोनी,दीपक शर्मा,बबलू धाकड़,देशराज सिंह राठौड़,शंकर लाल धाकड़,जगदीश वैष्णव,सुभाष सेन,भागचंद गुर्जर सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।सागर पुरोहित ने मंडल अध्यक्ष का दायित्व सौंपने पर भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी एवं चित्तौड़गढ़ जिलाध्यक्ष मिठूलाल जाट सहित शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया।

# नवानगर अंतर्गत गांव चिलौली में विकास विभाग की तरफ से जन चौपाल का आयोजन किया गया




**बलिया।** सिकंदरपुर विकासखंड नवानगर अंतर्गत गांव तिलौली में विकास विभाग की तरफ से एक जन चौपाल का आयोजन किया गया चौपाल में शासन द्वारा सरकार द्वारा चलाई जा रही विकास एवं कार्यकारी योजनाओं के बारे में अधिकारियों द्वारा विस्तृत रूप से जानकारी दी गई बताया गया कि इस सरकार द्वारा महत्वाकांक्षी आयुष्मान कार्ड योजना चलाई जा रही है सरकार का जोर है कि अधिक से अधिक लोगों का आयुष्मान कार्ड बन जाए अधिकारियों ने अपील किया है कि अधिक से अधिक लोग अपना कार्ड बनवा ले पीएम किसान निधि यह भी अपील किया है कि जिस किसान के पास योजना का कार्ड नहीं है उसका बनाया जा रहा है वह बनवा सकता है इस दौरान दिव्यांगजन विधवा वह विधवा पेंशन संबंधी समस्या अधिकारियों द्वारा सुनाई गई कहा गया कि जिस व्यक्ति को विद्या पेंशन नहीं मिलता है वह जन चौपाल के माध्यम से फॉर्म भर दे सचिव भूपेश कुमार सहायक सचिव गुप्ता अमृता सिंह रोजगार सेवक संतोष और ब्लॉक के अन्य कर्मचारी मौजूद रहे अध्यक्षता ग्राम प्रधान पूनम सिंह ने किया।

### विशाल भण्डारे का हुआ आयोजन



**कोटपूतली राजस्थान से राजकुमार शर्मा।** कोटपूतली बावड़ी उपर नागाजी गौर मैं धुमधाम व हर्षोल्लास से सम्पन्न हुआ श्री भोमियां जी महाराज का 17 वां वार्षिकोत्सव गुरूवार को विशाल भण्डारे का हुआ आयोजन, 20 हजार से अधिक श्रद्धालूओं ने पाई पंगत प्रसादी ,30 क्विण्टल आटे का चुरमा, 15 क्विण्टल आटे की बाटी व 05 क्विण्टल दाल का बना भण्डारा ,20 हलवाईयों की टीम व 100 से अधिक ने की परोसगारी, व्यवस्था में पुलिस जाप्ता भी रहा तैनात , वार्षिक उत्सव में बहुत से भामाशाह व गण माननीय लोग मौजूद रहे

### क्षेत्राधिकारी नगर द्वारा आपरेशन त्रिनेत्र के तहत अभियान चलाकर अधिकाधिक सीसीटीवी कैमरे लगवाने हेतु थाना परिसर गौरा चौराहा में की गई गोष्ठी



**सौरभ पांडे ब्यूरो चीफ बलरामपुर।** श्रीमान् पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश के निर्देशन में जनपद में अपराध की रोकथाम हेतु चलाए जा रहे आपरेशन त्रिनेत्र को और अधिक प्रभावशाली बनाये जाने हेतु आज दिनांक 29.09.2023 को क्षेत्राधिकारी नगर श्री बृजनंदन राय द्वारा थाना गौरा चौराहा परिसर में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, सम्भ्रान्त नागरिकों ,ग्रामप्रधानों, के साथ गोष्ठी की गई । इस दौरान महोदय द्वारा प्रमुख चौराहों, भीड़भाड़ वाले स्थानों पर अपराधों की रोकथाम हेतु व जनपद में प्रभावी सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत पेट्रोल पंप के मालिक, स्कूल, कालेज, धार्मिक स्थलों, जनप्रतिनिधियों, सम्भ्रान्त नागरिकों ,ग्रामप्रधानों, ग्राम प्रहरीगण आदि को सीसीटीवी कैमरे लगवाने के लिए प्रेरित किया गया तथा आपरेशन त्रिनेत्र के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई तथा उस से होने वाले लाभ हो के बारे में बताया गया।

### पुलिस अधीक्षक एस आनंद ने अनीता सिंह को खेजूरी थाने का थाना प्रभारी बनाया



**सिकंदरपुर।** बलिया पुलिस अधीक्षक एसके आनंद ने सीओ क्षेत्र सिकंदरपुर अंतर्गत खेजूरी थाने पर अनीता सिंह को थाना प्रभारी बनाकर महिला शक्तिकरण को बढ़ावा दिया महिला थाने से स्थानांतरित होकर आई अनीता सिंह इस थाने की दूसरी महिला थाना प्रभारी बनाई गई महिला थाना अध्यक्ष अनीता 15 दिसंबर 2022 को महिला थाना की कमान संभाली थी इसके पूर्व वह 2011 से 2016 गाजीपुर जनपद में तैनात रही 2016 से 2021 तक मऊ जनपद में तैनात रही इसके बाद 2021 से दिसंबर तक अवकाश पर रही 15 दिसंबर 2022 को बलिया महिला थाने का कमान संभाली और अब उन्हें जनपद के खेजूरी थाने की कमान सौंप गई है

### बानोड़ा बालाजी की पैदल यात्रा कर मांगी पाती



**दैनिक शुभ भास्कर / मोहन सिंह / राजस्थान।** चितौड़गढ़ जिले की बेगूं विधानसभा से भाजपा कार्यकर्ताओं ने बानोडा बालाजी की पैदल यात्रा की। युवा नेता अंकित धाकड़ ने बताया की भाजपा कार्यकर्ताओं ने पैदल बानोड़ा बालाजी पहुंचकर दर्शन किए,तत्पश्चात बेगूं विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी के रूप में चित्तौड़गढ़ जिला प्रमुख एवं बेगूं पूर्व विधायक डॉ.सुरेश धाकड़ को टिकट मिलने की पाती मांगी। तथा बानोड़ा बालाजी से आगामी चुनाव में जीत का आशीर्वाद लिया। भाजपा कार्यकर्ता युवा नेता अंकित धाकड़,राजेश धाकड़, सुरेश कुमावत(भानु), कालू धाकड़,अनिल सोनी, दीपक शर्मा, सोनू भंडारी, पंकज राठोर, राहुल धाकड़,संदीप राठोर,अंकित धाकड़, विष्णु सोनी, विनोद धाकड़, राम सिंह, सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### समरसता भोज कार्यक्रम के माध्यम से अनुसूचित समाज को एकजुट करना है लक्ष्य :वेद गुप्ता

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या।** नगर विधायक अयोध्या वेद प्रकाश गुप्ता की अध्यक्षता में ग्राम सभा दतौली अयोध्या में अनुसूचित जाति भाइयों बहनों के साथ भोज का आयोजन किया गया। दतौली के निवासी गणेश के यहां आयोजित कार्यक्रम की शुरुआत संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। मौके पर विधायक अयोध्या वेद गुप्ता ने कहा की भाजपा कार्यकर्ता सामाजिक समरसता के साथ काम करते हैं, भाजपा एक मात्र पार्टी है जो सर्व समाज को लेकर चलती है। समरसता भोज कार्यक्रम के माध्यम से सभी समाज को एकजुट करना है। इसलिए इस तरह के कार्यक्रम का आयोजन दलित बस्ती में किया जा रहा है। जिससे समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति के साथ पार्टी के कार्यकर्ताओं का जुड़ाव हो सके। उन्होंने कहा की भाजपा ही एकमात्र ऐसी पार्टी है। जो दलित को सम्मान देती है। जबकि दूसरे दलों में दलित को सम्मान नहीं मिल पाता है। भाजपा कार्यकर्ता में हमेशा समरसता का भाव होता है। भाजपा के द्वारा दलित बस्ती में भोज कार्यक्रम का आयोजन करने से लोगों में काफी जागरुकता आई है। उन्होंने अनुसूचित भाइयों बहनों से मिलकर उनके साथ भोजन कर उनसे संबंधित विभिन्न विषयों पर चर्चा की वह सुझाव तथा विचारों को सुना तथा समझा साथ ही साथ प्रधानमंत्री जी व मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जनहित की योजनाओं के लाभार्थियों से संवाद भी किया।

**कलश यात्रा** — शोभा यात्रा में ज्यादा से ज्यादा महिलाएं शामिल हो इसके लिए प्रयास किए जा रहे हैं

# वार्डों में कलश यात्रा के निमंत्रण व टोकन वितरण का कार्य दूसरे दिन भी रहा जारी



**लक्ष्मणगढ़।** रामलीला मैदान में 16 से 22 अक्टूबर तक आयोजित होने वाली श्रीमद् भागवत कथा के लिए श्री रघुनाथ जी के मंदिर से नगर के प्रमुख मार्गों से निकलने वाली महिला कलश यात्रा में शामिल होने वाली महिलाओं को निमंत्रण देने व टोकन देने का कार्य गुरुवार को दूसरे दिन भी जारी रहा। महिला समिति की मंत्री डॉ अर्चना पुरोहित ने बताया कि ऐतिहासिक भागवत कथा के लिए कलश यात्रा व शोभा यात्रा में ज्यादा से ज्यादा महिलाएं शामिल हो इसके लिए प्रयास किए जा रहे हैं तथा नगर पालिका क्षेत्र के सभी वार्डों में वार्ड प्रभारी नियुक्त कर कलश यात्रा में शामिल होने वाली महिलाओं की सूची तैयार कर टोकन की व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि कलश यात्रा के लिए ड्रेस कोड भी निर्धारित किया गया है । तथा प्रत्येक वार्ड में महिला कलश यात्रा की सूची तैयार करने के बाद टोकन वितरण की व्यवस्था की गई है । डॉ पुरोहित ने बताया टोकन वितरण का गुरुवार को वार्ड 12 की प्रभारी डॉ सुधा जाजोदिया व श्रीमती मीना जोशी के नेतृत्व में आयोजन समिति के अध्यक्ष गिरधारी लाल सैनी के साथ पदाधिकारियों के साथ टोकन वितरण शुरू किया गया है । इसी तरह वार्ड 27 में श्रीमती लीला देवी सैनी के नेतृत्व में आयोजन समिति के पदाधिकारियो के साथ टोकन वितरण किया गया। डॉ पुरोहित ने बताया कि प्रत्येक वार्ड में वार्ड प्रभारी के द्वारा तैयार की गई सूची के अनुसार टोकन दिए गए तथा कलश यात्रा के दिन 16 अक्टूबर को प्रातः 8 बजे कलश यात्रा में शामिल होने वाली महिलाओं को निर्धारित ड्रेस कोड के साथ टोकन को लेकर कलश यात्रा स्थल श्री रघुनाथ जी के मंदिर बड़ा मंदिर पहुंचेगी जहां से कलश यात्रा रवाना होकर चौपड़ बाजार, मुरली मनोहर मंदिर, पक्की प्याऊ, कबूतरिया कुआं होते हुए रामलीला मैदान पहुंचेगी ।

# हिन्दु महा सेना का कवि सम्मेलन अल सुबह तक चला




**दैनिक शुभ भास्कर/ राकेश जैन/ राजस्थान।** उदयपुर मे सुरजपोल क्षेत्र मे विराजमान गणेशोत्सव मे हिन्दु महा सेना का अखिल भारतीय कवि सम्मेलन आयोजित हुआ ।जिसमे आयोजन समिति हिन्दु महा सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्याम बाबा ने सभी पधारे कवि गणों की मोजुदगी मे प्रभु गणेश जी की आरती कर कर कवि सम्मेलन की शुरुआत की । कवि सम्मेलन के सूत्रधार अन्तर्राष्ट्रीय कवि गिरीश विद्रोही नाथद्वारा ने सभी कवियों का परिचय क्रिया ओर श्याम बाबा से सभी का सम्मान कराया ओर संचालन की जिम्मेदारी नीमच के कवि हरीश हंगामा को सोपी । सर्वप्रथम नाथद्वारा के कानू पंडित ने घर मे आए चोरो पर कविता सुनाकर वाहवाही लुटी राष्ट्रीय कवि गिरीश विद्रोही ने अपने कालजयी गीत भक्तमयी मीरा की कृष्ण आशक्ति ओर राणा के प्रति द्वन्द्व की मार्मिक रचना सुनाई उदयपुर के कवि गीतकार देवेन्द्र सिंह राव ने श्रृंगार के मुक्तक ओर गीत नेह निमंत्रण से जब भी पुकारे तुम्हे सुनाया।इस अवसर पर उदयपुर के हास्य कवि मनोहर श्रीमाली शेखर आजाद धरियावद शिव शैलेन्द्र धार गिर्राज गम्भीर सिगोली ने अपनी रचनाओं से श्रोताओं को बांधे रखा अंत मे ओज के राष्ट्रीय कवि पुर्व सांसद ओमपाल सिंह निडर ने अपनी बहुचर्चित रचना सोगंध राम की खाते हे मंदिर वही बनाएंगे सुना कर कवि सम्मेलन को ऊचाईयां दी कवि सम्मेलन के अध्यक्ष डा योगेश सिंघल ने भी अपने गीत गजल से वाहवाही को लुटा ।सवेरे 4 बजे जाकर कवि सम्मेलन का समापन हूआ।

## ख़ास ख़बर

### स्थापना दिवस पर रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन




**दैनिक शुभ भास्कर, जिला ब्यूरों चीफ, रूपेश मिश्रा** । लायंस क्लब ऑफ कटिहार सेंटेनियल के द्वारा आरपीएफ, एनएफ रेलवे कटिहार के सहयोग से आरपीएफ के स्थापना दिवस के अवसर पर महारक्तदान शिविर का आयोजन रेलवे अस्पताल मे किया गया। इस रक्तदान शिविर का उद्घाटन मंडल रेल प्रबंधक सुरेंद्र कुमार, आरपीएफ कमांडेंट कमल सिंह तथा लायंस क्लब के लायन अमित वर्मा ने संयुक्त रूप से फिता काट कर किया। रक्तदान शिविर में आरपीएफ कटिहार के जवानों ने बड़ी संख्या में हिस्सा लिया और अपना रक्तदान किया। इस अवसर पर आरपीएफ के महिला जवानों ने भी वेंचर करें अपनी भागीदारी निभाई और उन्होंने भी इस रक्तदान शिविर में अपना रक्तदान किया।

### माधोपुर मलाही टोला में भाजपा की बैठक संपन्न, मोदी सरकार की उपलब्धियां पर डाला गया प्रकाश

**ब्यूरो प्रमुख अशोक वर्मा, बेतिया पश्चिम चंपारण** । भाजपा पूर्वी मंडल की एक बैठक संपन्न हुई। जिसमें बिहार विधान परिषद में प्रतिपक्ष के नेता हरी सहनी का सांसद डॉक्टर संजय जयसवाल और विधायक उमाकांत सिंह की अगुवाई में भाजपा कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया। अपने संबोधन में बिहार विधान परिषद में प्रतिपक्ष के नेता हरी सहनी ने कहा कि जन-जन की यही पुकार 2024 में मोदी सरकार फिर से एक बार। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत का देश विदेश में मान सम्मान बढा है। देश समृद्ध हुआ है। गरीब और पिछड़ों के मान-सम्मान में वृद्धि हुई है ।आजादी के बाद से बिहार में पहली बार भाजपा के नेतृत्व में पिछड़ा वर्ग का कोई नेता प्रतिपक्ष बना है ।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद डॉक्टर संजय जयसवाल ने कहा कि मोदी सरकार में किसानों गरीबों और पिछड़ों का मान सम्मान बढ़ा है। मोदी सरकार द्वारा मुफ्त में राशन दिया जा रहा है।

### एनटीपीसी केरेडारी कोयला खनन परियोजना के अंर्तगत विस्थापित परिवारों को उपायुक्त के हाथों मिला



**दैनिक शुभ भास्कर सोहैल किरमानी हज़ारीबाग** । एनटीपीसी केरेडारी कोयला खनन परियोजना के अंर्तगत विस्थापित परिवारों को उपायुक्त नैंसी सहाय द्वारा विस्थापन प्रमाण पत्र के वितरण की शुरूआत की गई। उपायुक्त ने कहा कि विस्थापितों को विस्थापन प्रमाण पत्र मिलना एक अच्छी पहल है। इस दौरान केरेडारी प्रखंड के पांडू पंचायत के सांकेतिक रूप से छह विस्थापितों को प्रमाण पत्र सौंपा गया। इस अवसर पर परियोजना प्रमुख शिव प्रसाद, अपर महाप्रबंधक( आर एंड आर) एसपी गुप्ता, मानव संसाधन प्रमुख कालिया एस मूर्ति मौजुद थे।

### सचिव ने किशनगंज मारवाड़ी कॉलेज का दौरा कर प्राक परीक्षा प्रशिक्षण केन्द्र का निरीक्षण किया



**किशनगंज (अली रेजा सिद्दिकी)** । पटना से आए राज्य सरकार के कल्याण विभाग अंतर्गत पिछड़ा वर्ग व अत्यंत पिछड़ा वर्ग प्रभाग के सचिव पंकज कुमार ने शुक्रवार को मारवाड़ी कॉलेज, किशनगंज का दौरा किया और यहां चल रहे प्राक परीक्षा प्रशिक्षण केन्द्र का निरीक्षण किया। उनके साथ एएसडीएम-सह-जिला कल्याण पदाधिकारी (ओबीसी व ईबीसी) साकेत कुमार सौरभ भी थे। सचिव पंकज कुमार का काफिला करीब प्रातः 9.30 बजे कॉलेज पहुंचा। आते साथ ही सचिव प्राक परीक्षा प्रशिक्षण केन्द्र की क्लास में घुसे और उपस्थित छात्र-छात्राओं से फीड बैक लेना शुरू किया। पढ़ाई हो रही है या नहीं, शिक्षक ठीक से पढ़ा रहे हैं या नहीं, केन्द्र से हैंड बुक मिला या नहीं आदि।

### 15 वीं राज्यस्तरीय तीरंदाजी प्रतियोगिता के मेज़बानी के लिए तैयार है हजारीबाग






**दैनिक शुभ भास्कर सोहैल किरमानी हज़ारीबाग** । 3 दिवसीय राज्यस्तरीय तीरंदाजी प्रतियोगिता का शुभारंभ 30 सितंबर से कर्जन होगा, राज्यभर के 400 खिलाड़ी और 100 तकनीकी पदाधिकारियों का होगा महाजुटान आयोजन समिति के निदेशक करण जायसवाल और हजारीबाग तीरंदाजी संघ के अध्यक्ष आलोक कुमार ने लिया तैयारी का जायज़ा, कहा मेजबानी में नहीं होगी कोई कमी उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल मुख्यालय जिला हजारीबाग की धरती पर पहली बार खेल की विधा तीरंदाजी में राज्यस्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन होने जा रहा है। आगामी 30 सितंबर 2023 से लेकर 02 अक्तूबर 2023 तक आयोजित होने वाले तीन दिवसीय 15 वीं राज्यस्तरीय तीरंदाजी प्रतियोगिता-2023 का मेज़बानी हजारीबाग करने को तैयार हैं। झारखंड तीरंदाजी संघ के सहयोग से इस प्रतियोगिता का आयोजन हजारीबाग स्टेडियम ( कर्जन ग्राउंड) में होगा। प्रतियोगिता के अयोजन हजारीबाग तीरंदाजी संघ और जिला प्रशासन, हजारीबाग है। प्रतियोगिता के लिए तैयारी पूरी कर ली गई है और मेजबानी के लिए हजारीबाग पूरी तरह तैयार है।

# पूरी दुनिया के लिए रहमत बनकर कर आए थे हजरत मोहम्मद





**ब्यूरो प्रमुख अशोक वर्मा,चंपारण मोतिहारी** । अल्लाह जानता है मोहम्मद का मर्तबा...की गूंज से रविवार को पूरा शहर गूंजता रहा। पैग़ंबर -ए- इस्लाम हजरत मोहम्मद के यौम -ए- पैदाइश को ईद -ए- मिलादुन्नबी के रूप में मनाया और अकीदतमंदो ने। जगह-जगह जुलूस ए मोहम्मदी निकाला। जुलूस मदरसा गौसिया नूरिया रघुनाथपुर, बलुआ, बरियारपुर, राजा बाजार, अगरवा चौक, मीना बाजार चौक, ज्ञान बाबू चौक, जान पुल चौक, चांदमारी चौक होते हुए बलुआ चौक पर पहुंचा। जलूस में रसूल के दीवानों ने काफी बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और रस्में पूरी की। इस दौरान बलुआ मस्जिद के पूर्व इमाम मौलाना मोहम्मद जैनुद्दीन खान से बातचीत के दौरान बताया कि आज ही के दिन आखरी पैगंबर इस दुनिया में तशरीफ लाए थे कहा कि नबी ने पूरी दुनिया को प्रेम सद्भाव और भाईचारे की तालीम दी। पूरी दुनिया के लिए वे रहमत बनकर आए और उनका जीवन सबों के लिए अनुकरणीय है। वही मस्जिद ए गौसिया नूरिया के मौलाना इमरान आलम ने नबी की जिंदगी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि नबी ने सामाजिक कुर्तियां और आपसी नफरत से इंसानी समाज को मुक्ति दिलाई। बलुआ मस्जिद के इमाम मोहम्मद रजाउल्लाह नक्शबंदी ने कहा कि तमाम जहानों के लिए रहमत बनकर आए इंसानों को जीने का सलीका प्रदान किया। वही जुलूस ए मोहम्मदी के दौरान नारे तकबीर नारे रिसालत का नारा बुलंद होता रहा। बलुआ चौक पर जलूस का समापन हुआ और वतन के अमन चैन व सलामती की दुआ मांगी गई...गौरतलब हो कि हजरत मोहम्मद सल्लल्लाहो ताला अलैहे वसल्लम ने ही इस्लाम धर्म की स्थापना की। इस्लामिक मान्यता के अनुसार हजरत मोहम्मद सल्लल्लाहो ताला अलैह वसल्लम ही इस्लाम के आखिरी नबी है उनके बाद अब कयामत कोई नबी नहीं आने वाले हैं। मुहम्मद साहब का जन्म 12 रबीउल अव्वल 571 ई.वी. को मक्का शहर में हुआ था... जुलूस -ए- मोहम्मदी के दौरान प्रशासनिक विधि व्यवस्था अलर्ट मोड में दिखी तथा जगह-जगह पर पुलिस के जवान तैनात किए गए थे। उक्त मौके पर अमजद रजा अमजदी, मासूम रज़ा मिस्बाही, मौलाना कौशर नूरी, हफ़ीज़ आफताब साहब, एनाम खान, सईदुल होदा, सद्दाम हुसैन, मुजाहिद हुसैन, जाहिद हुसैन, जफर आलम, दाऊद इकबाल, ताहिर हुसैन मोहम्मद साहब, शौकत आलम, जहिर आलम, शाहमोहम्मद साहब, आसिफ रज़ा सहित सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद थे।

## कटिहार सदर अस्पताल में हृदय दिवस के अवसर पर जागरूकता शिविर का आयोजन



**दैनिक शुभ भास्कर जिला ब्यूरो चीफ़, रूपेश मिश्रा** । सदर अस्पताल के परिसर में विश्व हृदय दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य विभाग की ओर से जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया था। इस जागरूकता शिविर का उद्घाटन सिविल सर्जन डॉक्टर जितेंद्र नाथ सिंह ने फीता काटकर किया। यह जागरूकता शिविर 29 सितंबर से लेकर 12 अक्टूबर तक चलेगा। जहां शिविर के माध्यम से लोगों को हृदय रोग के बीमारियों के बारे में जानकारी दी जाएगी साथ ही हृदय रोग से बचने के तरीके भी लोगों को बताए जाएंगे शिविर में सदर अस्पताल के कई चिकित्सक नर्स सहित स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।

## एन ओ पी एस झारोटेप हजारीबाग की टीम दिल्ली रवाना




**दैनिक शुभ भास्कर सोहैल किरमानी** । 2004 के बाद सरकारी सेवा में बहाल सरकारी कर्मचारियों को तत्कालीन केंद्र सरकार के द्वारा पुरानी पेंशन को हटाकर नई पेंशन योजना लागू की गई। नई पेंशन योजना किसी भी परिस्थिति में सरकारी कर्मचारियों के हित में उचित नहीं है। इसके लिए लगातार nmops के बैनर तले आंदोलन चल रहा है। इस आंदोलन से प्रभावित होकर पांच राज्यों में पुरानी पेंशन योजना लागू कर दी गई। परंतु शेष राज्यों में अभी भी नई पेंशन से लागू है।nmops राष्ट्रीय टीम के द्वारा 1अक्टूबर को पेंशन शंखनाद रैली का आयोजन दिल्ली के रामलीला मैदान में किया गया है। इस रैली के द्वारा केंद्र सरकार से मांग की जायेगी कि शेष बचे राज्यों में से पुरानी पेंशन योजना लागू की जाए। जिन राज्यों में पुरानी पेंशन योजना लागू हो गई है, वाहन कर्मचारियों का जो पैसा वेतन से काटकर एनएसडीएल में जमा है, उसे यथाशीघ्र वापस किया जाए।

# हज़ारीबाग में जिला महिला प्रकोष्ठ के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की गई





**दैनिक शुभ भास्कर सोहैल किरमानी हजारीबाग** । अखिल भारतीय कायस्थ महासभा, जिला इकाई हजारीबाग के द्वारा आज दिनांक 28 सितंबर 2023 दिन गुरुवार को शाम 4:00 बजे जिला कार्यालय गुरु गोविंद सिंह रोड हज़ारीबाग में जिला महिला प्रकोष्ठ के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की गई, जिसमें मुख्य रूप से 3 दिसंबर 2023 को प्रस्तावित आमसभा के ऊपर चर्चा की गई एवं कार्यक्रम में अत्यंत महत्वपूर्ण कार्यों की जिम्मेदारी महिला प्रकोष्ठ को प्रदान की गई,जिला की ओर से जिला अध्यक्ष श्री अरुण प्रभात सिन्हा, कार्यकारी अध्यक्ष श्री बृजमोहन प्रसाद, हजारीबाग दक्षिण पूर्वी अनुमंडल के संयोजक श्री अनूप कुमार सिन्हा, समाज कल्याण प्रकोष्ठ एवं वैकल्पिक रोजगार प्रकोष्ठ के अध्यक्ष श्री रुपेश बिहारी लाला, समाज कल्याण प्रकोष्ठ के उपाध्यक्ष श्री संजय कुमार सिन्हा, कर्मचारी सह अधिकारी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष श्री प्रबल प्रताप नारायण युवा अध्यक्ष राजीव रंजन उपस्थित थे. और महिलाओं में सभी उप समिति की अध्यक्ष नीलू रंजन सिन्हा कुमकुम सिन्हा प्रभावती देवी प्रीति वाला सिन्हा ममता सिन्हा पुष्पा सिन्हा सुलेखा सिन्हा नीलिमा सिन्हा रिचा नारायण सरिता सिन्हा उमा सिन्हा मोहित सिन्हा नीलम सिन्हा वर्षा सिन्हा आरती सिन्हा निधि सिन्हा एकता सिन्हा बैठक की शुरुआत में श्री बृजमोहन प्रसाद कार्यकारी अध्यक्ष ने 3 दिसंबर को प्रस्तावित आमसभा के संदर्भ में सारी मुख्य बिंदुओं की चर्चा बैठक में की एवं सभी लोगों से उनके सुझाव भी मांगे. आज की बैठक में 2 अक्टूबर को लेकर भी एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया जिसके अंतर्गत स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री जी जयंती के उपलक्ष में उनके प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करने हेतु 2 अक्टूबर को सुबह 9:00 बजे हम सभी कायस्तों को इंद्रपुरी सिनेमा हॉल के पास शास्त्री चौक पर एकत्रित होना है. आज की बैठक में जिला महिला प्रकोष्ठ की ओर से जिला अध्यक्षा श्रीमती अर्चना सिंहा, जिला महिला महामंत्री श्रीमती रश्मि लाला एवं सांस्कृतिक प्रकोष्ठ की अध्यक्ष श्रीमती संध्या रश्मि. उपस्थित हुए बैठक के अंत में अल्पाहार के साथ दक्षिणी शिवपुरी उप समिति अध्यक्ष श्रीमती नीलू सिंहा के द्वारा एक मंत्र मुग्ध करने वाले भजन गायन के साथ बैठक संपन्न हुई. पूर्व में 24 सितंबर 2023 को दारू उप समिति में आम सभा के संदर्भ में एक महत्वपूर्ण बैठक की गई थी ।

### कांग्रेस हेल्थ प्रमंडलीय अध्यक्ष डॉ आरसी मेहता जयनगर एवं बरकट्ठा प्रखंड भ्रमण में कहा देश में इंडिया गठबंधन का लहर





**दैनिक शुभ भास्कर सोहेल किरमानी हजारीबाग** । हजारीबाग-कांग्रेस प्रमंडलीय स्वास्थ्य अध्यक्ष डॉ आरसी प्रसाद मेहता ने जय नगर के पिपचो बनपुरा तिलोकरी बरकट्ठा प्रखंड के कोसमा डाकडिह पचपेड़ी गैड़ा चुगलामो इत्यादि पंचायत का दौरा कर राज्य और केंद्र सरकार के किए गए विकास कार्यों का अवलोकन करते हुए पिपचो के कांग्रेस के सभा में डॉ आरसी मेहता ने कहा कि देश में इंडिया गठबंधन का लहर है कांग्रेस के सर्वमान्य नेता श्री राहुल गांधी भारत के प्रधानमंत्री होंगे। श्री राहुल गांधी देश और दुनिया के निर्भीक निश्चल निडर नेता है श्री राहुल गांधी जी देश के सर्वांगीण विकास करेंगे प्रोफेशनल कांग्रेस के विधानसभा प्रवक्ता प्रो बृजकिशोर मेहता ने कहा कि देश में निजी संस्थान जैसे सीसीएल बीसीसीएल रेल 19 बैंक हवाई जहाज इत्यादि अनेकों संस्थाओं को कांग्रेस में सरकारी कारण किया वहीं मोदी सरकार निजीकरण करते हुए देश के गरीब नौजवान छात्रों को बेरोजगार बनाने का काम कर रहे हैं कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष फहीम खान ने कहा कि कि इस बार बरकट्ठा विधानसभा में विकल्प और बदलाव चाह रहा है जो निश्चित डॉ आरसी प्रसाद के द्वारा किया जाएगा बरकट्ठा 20 शुतरी अध्यक्ष श्री प्रदीप मंडल ने कहा की कांग्रेस का बरकट्ठा विधानसभा में जित हेतू बुथ स्तर तक संगठन का विस्तार किया जा रहा है ।

### सांसद जयंत सिन्हा करवा रहे हैं निशुल्क स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन





**दैनिक शुभ भास्कर सोहेल किरमानी हजारीबाग** । सांसद हज़ारीबाग सह अध्यक्ष वित्त संबंधी संसदीय स्थायी समिति जयंत सिन्हा हज़ारीबाग लोकसभा में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए हमेशा प्रयासरत रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत वे हज़ारीबाग लोकसभा की पांचों विधानसभाओं में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित करवा रहे हैं। अभी तक बरही, सदर व मांडू विधानसभा में इन शिविरों का आयोजन किया जा चुका है। इसी क्रम में 28 सितम्बर को बड़कागांव विधानसभा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान सैकड़ों लोगों ने शिविर का लाभ लिया। इस शिविर में आंख, शुगर, ब्लड प्रेशर, डेंगू, मलेरिया व टाइफाइड समेत अन्य महत्वपूर्ण जांचें निशुल्क की गयीं। यहाँ जनरल फिजिशियन भी उपस्थित थे। जनता ने इस शिविर की काफी सराहना की और इसके लिए जयंत सिन्हा को धन्यवाद दिया।

### ओबीसी के हक और अधिकार के लिए हिस्सेदारी




**दैनिक शुभ भास्कर सोहेल किरमानी हजारीबाग** । राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा हजारीबाग के द्वारा ओबीसी के हक और अधिकार के लिए हिस्सेदारी सम्मेलन का आयोजन वृंदावन होटल पैलेस सिंदूर हजारीबाग में किया है इस सम्मेलन के माध्यम से सरकार से मांग की जाएगी की देश में जातीय जनगणना और ओबीसी को 52% के हिस्सेदारी दो। इसके अलावे महिला आरक्षण बिल में लोकसभा विधानसभा में जनसंख्या के अनुपात में आरक्षण सुनिश्चित करें। मंडल कमीशन के सभी अनुसंसाशाओ को लागू करो ।ओबीसी आरक्षण में असवैधानिक क्रिमिलेयर के प्रावधानों को खत्म करो। राज पिछड़ा आयोग के अनुशंसा ओबीसी को 52 परसेंट आरक्षण लागू करो।इस सम्मेलन में मुख्य अतिथि राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता होंगे। यह जानकारी जिला अध्यक्ष राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा हजारीबाग के जितेश्वर प्रसाद मेहता ने दी।

### ठाकुरों पर राजद के मनोज झा द्वारा किए गए अभद्र टिप्पणी का लाल बाबू सिंह ने कडा विरोध किया



**अशोक वर्मा, मोतिहारी**। राजद सांसद मनोज झा द्वारा ठाकुरों पर किया गये गये अभद्र टिप्पणी को क्षत्रीय समाज ने गंभीरता से लिया है और उनसे अपना वक्तव्य वापस लेने की मांगी की है। अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लालबाबू सिंह ने एक वक्तव्य जारी कर बताया कि झत्रीय समाज ने देश और समाज के लिए जितनी कुर्बानी दी है उतनी कुर्बानी किसी ने नहीं दी है। यह समाज हमेशा हीं सभी को लेकर के आगे बढ़ा है। उपेक्षितो दलितो, पीड़ितों का संरक्षक बन हमेशा उनकी भलाई के लिए काम किया है।चाहे देश की आजादी की बात हो या आतंकवाद की बात हो हर क्षेत्र में इस जाति के लोगों ने सीने पर गोली खाई है और देश के अस्मिता तथा प्रतिष्ठा को आगे बढ़ाया है।मनोज झा ने जिस छोटी और अपमानजनक भाषा का प्रयोग किया है क्षत्रिय समाज उसे बर्दाश्त नहीं करेगा। पुरा क्षत्रिय समाज इसका विरोध करता है। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ने कहा कि क्षत्रिय समाज ने देश के लिये जितना कुछ किया है।

**बैठक** कंपनी के आसपास के लगभग 84 गांव के अध्यक्ष सचिव और ग्रामीणों की सहमति से यह निर्णय लिया गया है

# जामा मस्जिद घाटो के मामले को लेकर इंदिरा में आयोजित बैठक में जमा हुए 84 गांव के अंजुमन





**दैनिक शुभ भास्कर सोहेल किरमानी हजारीबाग,चरही**। चुरचू प्रखंड अंतर्गत इंदिरा पंचायत में अल - जमीअतुल हाफिजिया परिसर में जामा मस्जिद घाटो की जो मस्जिद कंपनी प्रबंधन के द्वारा स्थानांतरित की जा रही है इसको लेकर एक समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई जिसमें बतौर मुख्य अतिथि झारखंड प्रदेश कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष शहजादा अनवर शरीक हुए। 84 गांव की मरकजी कमेटी के अध्यक्ष सिराज अहमद ने बताया कि जामा मस्जिद घाटो को वेस्ट बोकारो घाटो कंपनी प्रबंधन के द्वारा स्थानांतरित करने का निर्णय लिया जा चुका है और कंपनी प्रबंधन द्वारा इसी मस्जिद को किसी अन्य जगह जो स्थानीय गांव और गांव के लोगों की सहमति के द्वारा निर्माण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि घाटों की जिस मस्जिद को स्थानांतरित किया जा रहा है उसमें एक मस्जिद मदरसा और मुसाफिरखाना जिसमें लगभग 40 कमरे बने हुए हैं को स्थानांतरित किया जाएगा इसी सिलसिले में इस अहम बैठक का आयोजन किया गया उन्होंने बताया कि घाटों कंपनी के आसपास के लगभग 84 गांव के अध्यक्ष सचिव और ग्रामीणों की सहमति से यह निर्णय लिया गया है कि स्थानांतरित किए जाने वाली मस्जिद का नवनिर्माण इंदिरा पंचायत में कराया जाएगा जहां पर लगभग चार एकड़ की जमीन मौजूद भी है। जिसमें सभी की सहमति है मस्जिद निर्माण को लेकर इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित शहजादा अनवर ने कहा कि घाटों प्रबंधन को लोगों की भावनाओं को समझना होगा कहा कि यह एक अच्छी पहल कंपनी प्रबंधन के द्वारा है कि जब भी किसी चीज को हटाया जाता है तो उसके स्थान पर नई जगह उसका निर्माण कराया जाता है ।

## बी0एस0एफ0 मेरू कैंप, हजारीबाग में धूमधाम से बावा दिवस मनाया गया





**दैनिक शुभ भास्कर सोहैल किरमानी हज़ारीबाग** । सीमा सुरक्षा बल मेरू कैंप हजारीबाग में बावा दिवस बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर श्रीमति नीतू बन्याल, बावा अध्यक्षा के तत्वावधान में परिसर स्थित मल्टी यूटिलिटी हॉल में मेरू परिवार के लिए विशेष कार्यक्रम का अयोजन किया गया। जिसमें वरिष्ठ बावा सदस्याएँ, प्रहरी संगिनियां व बच्चे उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरूआत श्रीमती शशि सिंह, बावा उपाध्यक्षा व श्रीमती मौसमी प्रमाणीक, वरिष्ठ बावा सदस्या नें अन्य बावा सदस्याओं के साथ दीप प्रज्वलित कर की। विदित हो कि बावा यानी बी0एस0एफ0 वाईव्स वैलफेयर एसोसिएशन का गठन दिनांक 18 सितंबर 1992 को किया गया था जिसका उद्देश्य प्रहरी परिवार के लिए कल्याणकारी कार्य करना रहा है। बावा मेरू द्वारा समय-समय पर मेरू परिवार के लिए तनाव प्रबंधन, चिक्तिसीय शिविर व समय प्रबंधन तथा कार्मिकों के बच्चों के लिए करियर काउंसलिंग का अयोजन किया जाता रहा है ताकि बच्चों को भविष्य निर्माण की राह चुनने में आसानी हो सके साथ ही प्रहरी संगिनियों के लिए सिलाई, बुटिक, ब्यूटि पार्लर आदि विविध प्रोफेशनल कोर्स भी चलाए जाते रहे है ताकि उनके कौशल विकास तथा आत्म निर्भरता में वृद्धि की जा सके। इस दौरान प्रहरी संगिनियों के लिए विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम जैसे लोकगीत, लोकनृत्य, फैशन शॉ आदि कार्यक्रम आयोजित किए गए जिसमें प्रहरी संगिनियों व बच्चों ने बढ़चढ़कर भाग लिया व अपनी कला का प्रदर्शन किया। इस दौरान उपस्थित प्रहरी संगिनियों व बच्चों में काफी उत्सुकता देखी गई। प्रहरी संगिनियों व बच्चों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम कर सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम के अतं मे श्रीमति नीतू बन्याल, बावा अध्यक्षा ने अपने प्रेषित संदेश में कहा कि आज का दिन हम प्रहरी परिवार के लिए एक उत्सव का दिन है। आज ही के दिन प्रहरी परिवार के कल्याण के लिए बावा की नीव रखी गई थी। उन्होने कहा कि मुझे बहुत प्रसन्नता है कि प्रशिक्षण केन्द्र एवं विद्यालय की सभी प्रहरी संगिनियां बहुत ही लगन एवं उत्साह के साथ अपने कार्यों को अंजाम देती रही है एवं प्रशिक्षण केन्द्र एवं विद्यालय द्वारा किए जाने वाले सांस्कृतिक, कल्याणकारी गतिविधियों एवं सभी कार्यक्रमों में बढ़चढ़कर भाग लेती है। उन्होने समस्त प्रहरी संगिनियों की सराहना करते हुए उनके व उनके परिजनों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

## ख़ास ख़बर

### बिजली की अंधाधुंध कटौती से लोग त्रस्त

**चहनियां चंदौली।** क्षेत्र में बिजली की अंधाधुंध कटौती से लोगो का जीना दुश्वार हो गया है । हर एक घण्टे पर कटौती नासूर बन गयी है । बिजली विभाग द्वारा पूरी आपूर्ति न करके केवल चेकिंग के नाम पर धमकाकर वसूली किया जा रहा है । जबकि मामूली सी फाल्ट ठीक कराने के लिए एक वर्ष आदेश का इंतजार किया जा रहा । बिजली को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है । चहनियां क्षेत्र में चहनियां, मारूफपुर व सुरतापुर विद्युत उपकेंद्र से जुड़ी चहनियां कस्बा व गांवो में दिन ही नही रातों में भी सप्लाई न के बराबर मिल रही है । दिन में हर एक घण्टे पर तीन चार घण्टे के लिए सप्लाई काट दी जा रही है । रात में भी बिजली सप्लाई की अंधाधुंध कटौती हो रही है । इस उमस भरी गर्मी में लोगो की नींद हराम हो गयी है । ग्रामीणों का कहना है कि बिजली विभाग द्वारा बिजली की अन्धाधुन्ध कटौती किया जा रहा है । जबकि सरकार द्वारा 18 घण्टे बिजली की सप्लाई के निर्देश है । मामूली सा फाल्ट सुरतापुर में 33 हजार के कनेक्शन को एक ही में ज्वाइंट कर दिया गया है । जिससे ओवरलोड में हर फीडर में दो या तीन फीडर बन्द करके किसी दो या तीन फीडर को चलाया जा रहा है । एक फीडर को तीन घण्टे बन्द करना पड़ रहा है । यदि सुरतापुर से तीनों कनेक्शन अलग अलग हो जाय तो सबको भरपूर बिजली मिलेगी । विभाग के अधिकारी इस समय बिजली आपूर्ति पूरी न करके केवल चेकिंग अभियान में लोगो के तार काटने व मुकदमा के नाम पर वसूली में व्यस्त है । पानी के लिए हाहाकार मचा हुआ है । ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि विद्युत व्यवस्था नही सुधरी तो व्यापारी,छात्र,किसान आंदोलन को बाध्य होंगे ।

### बबुरी की विद्यालयों में डीआईओएस ने किया अचौंक निरीक्षण

**शुभ भास्कर, बबुरी, चंदौली।** बबुरी कस्बा स्थित बोर्ड परीक्षा को देखते हुए एक विद्यालय में शुक्रवार को डीआईओएस ने किया अचौंक निरीक्षण, विद्यालय के सभी कमरों का लिया जायजा वहीं बारहवी की साइंस की छात्रा से किया प्रश्न परमाणु क्या होते हैं, पर छात्रा ने इसका जवाब नहीं दिया,जहां उन्होंने प्रिंसिपल व अन्य शिक्षकों को फटकार लगाई।और हिदायत दी कि बच्चों को अच्छी शिक्षा दी जाय और प्रश्नों को दोहराया जाय।

### खंड शिक्षा अधिकारी चहनियाँ स्वजातीय शिक्षकों पर मेहरबान अन्य शिक्षकों पर कर रहे हैं कार्यवाही

**चहनियाँ (चंदौली)।** विकास खंड चहनियाँ मे नियुक्त खंड शिक्षा अधिकारी राजेश कुमार चतुर्वेदी आज कल अपने कारनामें को लेकर इन दिनो खूब चर्चा मे है । महानिदेशक स्कूल शिक्षा विजय किरण आनंद द्वारा परिषदीय विद्यालय के निरिक्षण के लिए समय समय पर आदेश निर्देश जारी किये जाते है इसी क्रम मे खंड शिक्षा अधिकारी चहनियां राजेश कुमार चतुर्वेदी द्वारा विद्यालय का निरीक्षण किया जाता है । विकास खंड के अन्य शिक्षकों का आरोप है की निरीक्षण के दौरान अगर स्वजातीय शिक्षक अनुपस्थित है तो उसके ऊपर किसी भी प्रकार की कारवाही नहीं की जाती है अन्य जाती के शिक्षक विद्यालय पर किसी कारण वस उपस्थित नहीं है या पांच मिनट देर से पहुँचता है तो उसके ऊपर कार्यवाही कर वेतन काट दिया जाता है । निरीक्षण के दौरान भेद भाव किया जाता है । खंड शिक्षा अधिकारी पर यह भी आरो है की विकास खंड चहनियाँ के अपने स्वजातीय शिक्षकों के साथ प्रत्येक दिन बी आर सी पर बैठक बाजी किया जाता है और अन्य शिक्षकों के खिलाफ कार्यवाही की रणनीति तैयार किया जाता है ।खंड शिक्षा अधिकारी चहनियाँ के मेहरबानी से उनके स्वजातीय शिक्षक मनमाने ढंग से विद्यालय आते जाते है कई ऐसे स्वजातीय शिक्षक है जो महीने मे एक दो दिन ही विद्यालय आते है । अन्य शिक्षक मेडिकल व महिला शिक्षकों से प्रसूति व मेडिकल अवकाश स्वीकृति के लिए मोटी रकम की डिमांड किया जाता है न देने पर कार्यवाही की धमकी जिया जाता है ।खंड शिक्षा अधिकारी चहनियाँ के इस रवैया से अन्य शिक्षक भयभीत है ।

### किशोरी से छिटाकशी को लेकर दो पक्षों में मारपीट

**डीडीयू नगर।** अलीनगर थाना क्षेत्र के धूस खास गांव में गुरुवार की देर किशोरी से छिटाकशी को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गया। मारपीट की सूचना पर पहुंची पुलिस ने एक पक्ष की तहरीर पर 6 लोगों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर अगली कार्वाई में जुट गई। अलीनगर थाना क्षेत्र के धूसखास गांव में एक किशोरी से गांव के ही किशोर अशरफ द्वारा छींटाकसी को लेकर गुरुवार की देर रात दोपक्ष आमने-सामने हो गए। हालांकि दोनों पक्ष में किसी को गंभीर चोटे नहीं आई । दो समुदाय के लोगों के बीच मारपीट की सूचना पर काफी संख्या में पुलिस मौके पर पहुंच गयी।पुलिस ने गणेश मिश्रा की तहरीर पर पुलिस ने 6 लोगों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर मामले की जांच पड़ताल में जुट गई। इस संबंध में पूछे जाने पर प्रभारी एसओ संजय सिंह ने बताया कि बताया कि दोनों पक्षों में मारपीट हुई थी। एक पक्ष की तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत कार्यवायी की जा रही है।

### कुएं में गिरे बछड़े को सकुशल बाहर निकल गया



**बबुरी,चंदौली।** बबुरी थाना क्षेत्र के ग्राम सभा अकोढवा में बृहस्पतिवार को कुएं में गिरे बछड़े को सकुशल बाहर निकाला गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार अकोढ़ा ग्राम सभा में एक बछड़ा (जर्सी) कुएं में गिर गया था, ग्रामीणों द्वारा सूचना पाने पर बबुरी थाने पर तैनात हेड कांस्टेबल धर्मराज सिंह द्वारा मौके पर पहुंचकर वही ग्रामीणों द्वारा रस्सी मंगाकर ग्रामीणों की सहायता से बछड़े को बाहर निकलवाया।

# जिला मुख्यालय निर्माण संघर्ष समिति का आंदोलन 77वें दिन भी जारी



**चंदौली।** जिला न्यायालय एवं जिला मुख्यालय निर्माण संघर्ष समिति का आंदोलन अनवरत 77वें दिन शुक्रवार को भी जारी रहा। इस दौरान सर्वप्रथम अधिवक्ताओं ने राष्ट्रगान के बाद चंदौली कचहरी परिसर का चक्रमण किया और चंदौली के जनप्रतिनिधियों व जिला प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। साथ ही जिले के जनप्रतिनिधियों को आर पार की लड़ाई का अल्टीमेटम भी दे दिया है. कार्यकारी अध्यक्ष धनंजय सिंह ने कहा कि न्यायालय निर्माण संघर्ष समिति का अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन 77वां दिन बीतने के बाद भी शासन-प्रशासन व कोई भी जनप्रतिनिधि धरनास्थल पर आकर अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन नहीं किया. जबकि सत्तापक्ष के जनप्रतिनिधियों का कर्तव्य है कि जिले की समस्या को सदन में उठाएं और विकास कार्यों को गति प्रदान करें. इसलिए जनता उन्हें अपना जनप्रतिनिधि चुनती है. चुने हुए जनप्रतिनिधि अपने को सांसद विधायक न मानते हुए खुद को विधाता समझते हैं. लेकिन उनको यह ज्ञात नहीं है कि विधाता आमजनता है. कहा कि 30 सितंबर 2023 को कचहरी में सत्ता पक्ष के जनप्रतिनिधियों का पुतला फूंका जाएगा. इस दौरान चन्द्रभूषण यादव ने कहा कि अधिवक्ता चंदौली के विकास व उसके अधिकारों के लिए लड़ रहे हैं. अधिवक्ताओं के आंदोलन एवं तमाम प्रयास के बावजूद राजनेता व अधिकारी स्थानीय जनता को गुमराह करने का काम कर रहे हैं. सत्येंद्र कुमार बिंद ने कहा कि अधिवक्ताओं की पदयात्रा लखनऊ होते हुए कन्नौज पहुंच चुकी है.इस दौरान जगह-जगह पर स्थानीय लोगों का पदयात्रा में शामिल अधिवक्ताओं में भरपूर समर्थन मिल रहा है. कन्नौज बार एसोसिएशन के अध्यक्ष विजय कुमार सारस्वत व महासचिव सत्येंद्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में कन्नौज के अधिवक्ताओं ने चंदौली के पदयात्रियों का स्वागत एवं सम्मान किया. साथ ही चंदौली के हक में लड़ाई लड़ने की बात कही. यह भी बताया कि इस बाबत एक पत्रक बार काउंसिल आफ उत्तर प्रदेश एवं प्रधानमंत्री के साथ ही मुख्यमंत्री को प्रेषित किया जाएगा. उन्होंने कहा कि चंदौली के साथ हो रहे अन्याय हो रोकने एवं चंदौली के विकास को सुनिश्चित कराने के लिए कन्नौज के अधिवक्ता कंधे से कंधा मिलाकर आगे लड़ाई में सहयोग प्रदान करेंगे. इस अवसर पर संतोष पाठक, उज्ज्वल सिंह, जितेंद्र श्रीवास्तव, संजीव श्रीवास्तव, महेंद्र चतुर्वेदी, नन्दलाल, पवन दुबे, हरेन्द्र सिंह, प्रतिमा दुबे, पंकज सिंह, विनय सिंह, चन्द्रभूषण यादव आदि उपस्थित रहे. सभा की समाप्ति की घोषणा राजेश दीक्षित व संचालन प्रवीण तिवारी ने किया।

## रिटायर्ड फ़ौजी का चोरी किया था लाइसेंसी रिवाल्वर, पुलिस ने पकड़ा असलहा बरामद



**धानापुर।** पुलिस ने एक शातिर अपराधी व बाल अपचारी को पकड़ा। शातिर अपराधी ने एक रिटायर्ड फ़ौजी का लाइसेंसी रिवाल्वर व जिंदा कारतूस सहित मोबाइल की चोरी की थी। मुकदमा दर्ज होने पर पुलिस ने अपराधी की खोज शुरु कर दी थी। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर अपराधी को रमरजाय चट्टी से पकड़ा। उसके पास से असलहा और मोबाइल बरामद किया । जब की कारतूस वो अपने किसी दूसरे को दिया था। बलुआ थाना के फूलपुर निवासी आर्मी के एक्समैन मनोज कुमार सिंह पुत्र स्वर्गीय सावर सिंह की पांच मई को लाइसेंसी रिवाल्वर जिंदा चार कारतूस और मोबाइल चोरी हो गया था। यह घटना सीतापोखरी थाना धानापुर मे हुआ था। जिसके बाद फ़ौजी ने थाना धानापुर मे मुकदमा दर्ज कराया था।पुलिस अभियोग पंजीकृत कर आरोपित की तलाश कर रही थी। मुखबिर की सूचना मिली की चोरी की रिवाल्वर और मोबाइल बेचने एक व्यक्ति रामरजाय चट्टी पर मौजूद है । तब पुलिस एलर्ट हुई और रामरजाय चट्टी पर पहुंची। पुलिस को देख अपराधी भागने लगा लेकिन पुलिस ने मुस्तैदी दिखाई और उसको धर दबोचा। अपराधी की पहचान गुरेरा गांव निवासी अनुभव सिंह पुत्र गुलाब सिंह के रूप मे हुई। तलाशी लेने पर उसके पास से रिवाल्वर और मोबाइल मिला। उसने पुलिस को बताया की पांच अगस्त को मैने रिवाल्वर और मोबाइल चुराया था जिसका था वो नशे मे धुत था। मैने मोबाइल और रिवाल्वर बेचने का काफी प्रयास किया लेकिन नही बिका। अपराधी ने बताया मैने कारतूस अपने मित्र को रखने के लिए दिया था। जिसको पुलिस ने बरामद कर लिया है। अपराधी के खिलाप बलुआ और धानापुर थाने ने आधे दर्जन से ज़्यादा मुकदमा दर्ज है।

## मंडल नियामताबाद दक्षिणी की बैठक सरस्वती विद्या मंदिर में सम्पन्न हई



**शुभ भास्कर, बबुरी,चंदौली।** बबुरी थाना क्षेत्र के ग्राम सभा बौरी में शुक्रवार की दोपहर भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा बूथ सशक्तिकरण अभियान के तहत मंडल नियामताबाद दक्षिणी की बैठक सरस्वती विद्या मंदिर में संपन्न हुई, जिसमें मुख्य अतिथि भाजपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष व प्रवासी नियामताबाद मण्डल राजेश सिंह रहे। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता अजय पांडे ने किया,बैठक तीन सत्रों में चला प्रथम सत्र में मंडल के पदाधिकारी व द्वितीय सत्र में शक्तिकेन्द्र संयोजक, शक्तिकेन्द्र प्रभारी एवम तृतीत सत्र में बूथ अध्यक्ष। राजेश सिंह ने कहा कि हमें अपने मंडल को मजबूत बनाना है, और ईमानदारी से अपना काम करना है। बैठक में उपस्थित रहे मंडल महामंत्री शरद चंद्र तिवारी, मण्डल उपाध्यक्ष संतोष सिंह,सोनू सिंह,अनुराग सिंह,महेश जायसवाल,धर्मेंद्र जी, रमेश सोनकर, ग्राम प्रधान घुरो, मण्डल कोषाध्यक्ष. सतीश सिंह, ग्राम प्रधान बौरी व अन्य मण्डल के पदाधिकारी शक्तिकेंद्र संयोजक, शक्तिकेंद्र प्रभारी एवम् बुथ अध्यक्ष उपस्थित थे।

## कांग्रेस के नवनियुक्त पदाधिकारीओ का किया गया स्वागत व अभिनंदन



**मुगलसराय।** कॉंग्रेस के वरिष्ठ नेता डॉक्टर जी, के, पांडेय को उत्तर प्रदेश कॉंग्रेस कमेटी चिकित्सा प्रकोष्ठ का प्रदेश महासचिव व डॉक्टर अनिल यादव को ओबीसी कांग्रेस का प्रदेश महासचिव मनोनीत होने के उपरांत मुगलसराय पहुंचने पर शास्त्री पार्क पर कांग्रेस जनों ने जोरदार नारों के साथ माल्यार्पण कर भव्य स्वागत किया इस दौरान नवनियुक्त पदाधिकारी गण ने पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजली अर्पित की कार्यक्रम में ओबीसी कांग्रेस के प्रदेश सचिव उषा यादव,सभासद मोहम्मद आफताब दानिश परवेज व अनवर सादात ने अंग वस्त्रम पहनाकर के सम्मानित किया, तत्पश्चात स्वागत कार्यक्रम में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी ने कहा कि डाक्टर जी, के, पांडेय और अनिल यादव कांग्रेस के निष्ठावान समर्पित सिपाही हैं, उनके निष्ठा व लंबे समय से कांग्रेस से जुड़ाव को देखते हुए उनको प्रदेश कमेटी में नई जिम्मेदारी दी गई है, नव नियुक्त पदाधिकारियों के मनोनयन से पार्टी संगठन को जबरदस्त मजबूती मिलेगी, वही शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रामजी गुप्ता ने कहा कि पार्टी ने जमीनी कार्यकर्ताओं का सम्मान किया है हमें उम्मीद है,अपने दायित्वों, जिम्मेदारियों का निर्वहन व कांग्रेस की मजबूती के लिए नवनियुक्त पदाधिकारियों द्वारा पार्टी को नये आयाम मिलेगा जो 2024 के लोकसभा चुनाव में मजबूती प्रदान करेगा, कार्यक्रम में धर्मेंद्र तिवारी, रामजी गुप्ता, आनंद शुक्ला, मधु राय, नारायण मूर्ति ओझा,शमीम मिल्की, शाहिद तौसीफ, राहुल सिंह भवानी, डॉ लक्ष्मी शंकर यादव आद्यानंद तिवारी सुन सुन, अरुण द्विवेदी, नवीन पांडेय, दशरथ चौहान, मुजाहिद अख्तर,नेहाल अख्तर, मोहम्मद आफताब, उषा यादव, तारीक अब्बास, मोहम्मद आसिफ, प्रदीप पांडेय साजु, श्रीकांत पाठक,बृजेश गुप्ता, सुभाष पाल, उदय चौहान, विजय गुप्ता अनवर सादात, दानिश परवेज, मोहम्मद नईम प्रमोद मौर्य अमरदेव राम,ट्रीजा एलिएट, मृत्युंजय शर्मा मोहम्मद शाहिद, डॉक्टर गुलाब यादव, अजीत गिरी, बाबूलाल,रमेश पांडेय, रविन्द्र बिंद,अरशान अजीज आदि प्रमुख लोग उपस्थित रहे,कार्यक्रम का संचालन अल्पसंख्यक कॉंग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष शाहिद तौसीफ ने किया।

### प्रेम जाल में फंसाकर किया यौन शोषण, फिर कर दिया वीडियो वायरल, पुलिस ने भेजा जेल



**चंदौली।** अपराध व अपराधियों पर प्रभावी कार्रवाई के क्रम चन्दौली कोतवाली पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार किया है. आरोप है अभियुक्त ने कृत्य का अश्लिल वीडियो बनाकर वायरल कर दिया है. आरोपी पुलिस से बचने की फिराक में था. तभी ऑटो स्टैंड के समीप से पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया. दरअसल क्षेत्राधिकार सदर के नेतृत्व में चलाए जा रहे वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के अभियान के क्रम में मुकदमा अपराध संख्या 262/23 आईपीसी की धारा 376/506 व 67 आईटी एक्ट से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त राजेंद्र विश्वकर्मा पुत्र संतु विश्वकर्मा निवासी पचदेवरा थाना सैयदराजा जनपद चंदौली को सुबह 9 बजे ऑटो स्टैंड चंदौली से निरीक्षक अरविंद कुमार यादव द्वारा गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई की जा रही है. अभियुक्त राजेन्द्र द्वारा पीड़िता का यौन शौषण किया गया था. साथ ही ही उसका वीडियो बनाकर वायरल कर दिया गया था।

### सेवढ़ी गांव में मिला लोगो को आयुष्मान योजना का लाभ



**चहनियां चंदौली।** क्षेत्र के हुदहुदीपुर गांव में सरकार की महत्वपूर्ण योजना आयुष्मान कार्ड धारकों के अलावा 40 अन्य पात्रों को कार्ड बनवाया । जिसे लेकर ग्रामीणों में हर्ष ब्याप्त हैं । केन्द्र व प्रदेश सरकार की महत्वपूर्ण योजना आयुष्मान कार्ड गरीबो के लिए लाभकारी साबित हो रहा है । सेवड़ी हुदहुदीपुर गांव में सप्लाई इंस्पेक्टर अमित द्विदेदी के देखरेख में पात्रों को आयुष्मान कार्ड बनाने के बाद ग्राम प्रधान ने 40 अन्य परिवारों का आयुष्मान कार्ड बनवाया । उन्होंने बताया कि न्यायिक मजिस्ट्रेट खण्ड विकास अधिकारी दिब्या ओझा के निर्देशन में आयुष्मान कार्ड बनवाया जा रहा है । गांव में ऐसे परिवार है जिनका लाल कार्ड है उनका अभी तक नही बना है जो निहायत गरीब परिवार के है । ऐसे 40 परिवारों का कार्ड बनाया गया है । इस दौरान सर्वेश पाण्डेय,सुदामा पाण्डेय,रामकृत राय,बिसर रॉय, चिरकुट राय, गोबिंद मिश्रा, अंजनी पाण्डेय,गुप्तेश्वर पाण्डेय,लल्लू श्रीवास्तव आदि लोग उपस्थित थे ।

### काला चावल फार्मर्स प्रोड्यूसर कम्पनी का वार्षिक आम सभा का हुआ आयोजन





**धीना।** काला चावल फार्मर्स प्रोड्यूसर कम्पनी अमड़ा का वार्षिक आम सभा का आयोजन किया गया।इसमें कम्पनी के आय व्यय का ब्यौरा, कार्य विवरण, बैंक लेखा जोखा, स्टॉक , कैश इन हैंड व आगामी वर्ष की कार्ययोजना पर चर्चा किया गया।कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि खण्ड विकास अधिकारी राजेश नायक ने दीप प्रज्वलित कर किया। बीडीओ बरहनी राजेश नायक ने कहा कि काला चावल की खुशबू देश ही नहीं विदेशों में महक रहा है।आने वाले समय में जनपद काला चावल के नाम दे अपना पहचान बनाएगी।हम सभी के प्रयास से काला चावल की खेती को बढ़ावा देकर उत्पादन को सही दिशा देने की जरूरत है।काला चावल की बिक्री को प्लेटफार्म देकर किसानों के आय को दुगना किया जा सकता है।इस दौरान कम्पनी के सभी निदेशक, सदस्य व शेयरधारक मौजूद रहे।इस मौके पर एडीओ कोऑपरेटिव राजेश कुमार सिंह, प्रदीप मिश्रा, श्रमिक भारती, रविन्द्र द्विवेदी, श्रीकेश त्रिपाठी ,डा0 समर बहादुर सिंह आदि रहे। अध्यक्षता शशिकांत राय व संचालन रतन कुमार सिंह ने किया।

### कार्यशाला का आयोजन किया गया



डीडीयू। भारतीय जनता पार्टी द्वारा बूथ सशक्तिकरण अभियान को सफल बनाने के लिए मंडल कार्यशाला का आयोजन नियामताबाद दक्षिणी मण्डल की बैठक सरस्वती विद्या मंदिर नियामताबाद में सम्पन्न हई। बैठक के मुख्य अतिथि भाजपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष व प्रवासी नियामताबाद मण्डल राजेश सिंह रहे। राजेश सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि हमारा प्रत्येक कार्यकर्ता हमारे लिए सबसे अहम और महत्वपूर्ण स्थान रखता है हमारा हर कार्यकर्ता देव तुल्य है और प्रत्येक देव तुल्य कार्यकर्ता ही बूथ को सशक्त करता है हमारा हर एक,एक कार्यकर्ता हमारी रीड़ की हड्डी है। प्रथम सत्र में मंडल के पदाधिकारी व द्वितीय सत्र में शक्ति केंद्र संयोजक, शक्ति केंद्र प्रभारी और तृतीय सत्र में बूथ अध्यक्षों ने कार्यशाला में भाग लिया। इस अवसर पर मंडल के प्रभारी अजय पांडेय, मंडल कोषाध्यक्ष सतीश सिंह ग्राम प्रधान बौरी,मण्डल उपाध्यक्ष संतोष सिंह, उपाध्यक्ष अनुराग सिंह, मटरू यादव, धर्मेंद्र,रमेश सोनकर, ग्राम प्रधान घुरो रमेश सोनकर, राजेश सोनकर, शक्तिकेंद्र प्रभारी एवम् बुथ अध्यक्ष उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता रामचंद्र बिंद व संचालन मंडल महामंत्री शरद चंद्र तिवारी ने किया।

पूजन | वैदिक मंत्रों उच्चारण के साथ विधि-विधान पूर्वक मुकुट पूजन किया गया

# रामगढ़ में श्रीराम चंद्र जी का मुकुट पूजा सम्पन्न



**चहनियां। चंदौली।** क्षेत्र के रामगढ़ गांव की दस दिवसीय मंचित होने वाली श्रीराम लीला का बृहस्पतिवार की देर शाम को श्री रामलीला कमेटी की ओर से आयोजित मुकुट पूजन के साथ श्रीगणेश हो गया। क्षेत्रीय सांस्कृतिक कलाकार महानंद तिवारी ,मुन्ना पाण्डेय, मुन्ना पाण्डेय लोलपुर द्वारा रामायण पाठ, भजन कीर्तन तथा वैदिक मंत्रों उच्चारण के साथ विधि-विधान पूर्वक मुकुट पूजन किया गया। लोकनाथ महाविद्यालय के प्रबंधक व रामलीला समिति के संरक्षक धनञ्जय सिंह ने रामलीला व दशहरा पर लगने वाले विशाल मेले के सफल होने के लिए संकल्पित हुए लोकनाथ महाविद्यालय के प्रबंधक धनञ्जय सिंह ने बताया कि रामगढ़ की सुप्रसिद्ध रामलीला लगभग 151 वर्ष से मनाई जा रही है । प्रत्येक वर्ष अनंत चतुर्दशी के दिन मुकुट पूजा होता है । इस वर्ष नवरात्रि के शुरुआत से रामलीला मंचन व दशहरा पर बाबा कीनाराम मठ के सामने राम रावण युद्ध, रावण पुतला दहन तथा अगले दिन भरत मिलाप का मंचन कार्यक्रम होगा । शारदीय नवरात्र के के शुभ अवसर पर श्रीराम की लीला राम जन्म से लेकर श्री राम के राजगद्दी तक चलता है। विजय दशमी पर लंका दहन दुसरे दिन भरत मिलाप तथा अंतिम दिन राजगद्दी के साथ रामलीला का समापन होगा। श्री रामलीला कमेटी के ब्यास शोभनाथ पांडेय ने बताया कि राम-लक्ष्मण और सीता आदि प्रमुख पात्र स्थानीय ब्राम्हण हैं। गांव व क्षेत्र के लोग रामलीला कराने में उत्साह पूर्वक अपनी सहभागिता सुनिश्चित करते हैं। इस अवसर पर धनञ्जय सिंह, प्रभुनारायण सिंह, रोहिणी पाण्डेय, प्रधान रमाकांत यादव, राय, ओमप्रकाश यादव, डॉ संजय त्रिपाठी, रणधीर सिंह, संतोष पाण्डेय,अजित सिंह, व्यास शोभनाथ पाण्डेय, राधेश्याम पांडेय, सुदामा पांडेय, अवधेश सिंह, त्रिभुवन सिंह, राजेश कुशवाहा, राकेश यादव, संदीप पाटिल, जय सिंह, अकरम अली, मुकेश आदि लोग उपस्थित रहे।

# महिला थाना प्रभारी के स्थानांतरण पर दी गई विदाई





**चंदौली।** जिले के महिला थाने पर शुक्रवार को श्यामा तिवारी को नम आंखों से स्टाफ के लोगों द्वारा विदाई दी गई। इसमें महिला थाना प्रभारी श्यामा तिवारी का कदंवा थाना पर स्थानांतरण होने पर भावभीनी विदाई दी गई। वहीं पुलिसकर्मियों ने महिला थाना प्रभारी का माल्यार्पण चिन्ह देकर विदाई की। इस मौके पर उपस्थित पुलिसकर्मियों के आंखों में आंसू छलक गए। महिला थाना परिसर में शुक्रवार की दोपहर में महिला थाना प्रभारी श्यामा तिवारी को नम आंखों से स्टाफ के लोगों द्वारा विदाई दी गई । जिसमें पुलिस स्टाफ सहित क्षेत्रीय लोग फूलमाला पहनाकर भावभीनी विदाई दी। वही स्टाफ का प्यार देखकर महिला थाना प्रभारी श्याम तिवारी की आंखें नम हो गई। आपको बता दे की 2021मे श्याम तिवारी ने महिला थाना प्रभारी का पदभार संभाला था। उन्होंने दो सालों में अधिक से अधिक परिवारों के बीच सुला कराई उनकी वजह से कई परिवार खुशी-खुशी जीवन यापन कर रहे हैं। इसके अलावा उन्होंने कई परिवारों को टूटने से बचाया था। इतना ही नहीं आपसी मनमुटाव और वैचारिक मतभेद से अलग रह रहे पति-पत्नी जोड़ों को फिर से उन्हें एक दूसरे के साथ रहने के लिए राजी कराया था। दोनों परिवारों को बैठक उनकी आपस में बातचीत कराई बातचीत का सिलसिला चला तो उनके बीच के गिले शिकवे दूर हो गए और वह एक साथ रहने को फिर से राजी हो गए। वही पुलिस अधीक्षक ने श्यामा तिवारी पर भरोसा जताते हुए उन्हें गाजीपुर जनपद से सटे कंदवा थाने की जिम्मेदारी सौंपी। इस दौरान श्यामा तिवारी ने कहा कि स्टाफ द्वारा मुझे जो प्रेम-स्नेह, सहयोग और सम्मान मिला है मैं उसे कभी भूल नहीं पाऊंगी। हमेशा यह महसूस करती रहुगा कि मैं अपने परिवार के सदस्यों के साथ हूँ। यहां मिले अपार स्नेह और सहयोग के लिए मैं सदैव आपका आभारी रहूँगी। मेरी सेवा में कहीं कोई कमी रह गई हो, भूलवश मैंने कोई गलती कर दी हो या फिर दायित्व के निर्वाहन के दौरान मेरे कारण आपको परेशानी हुई हो तो उसके लिए कृपया मुझे क्षमा कर दें। उन्होंने अपने अनुभव साझा करते हुए स्टॉफ को पूरी कर्मठता के साथ बेहतर कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

मुद्रक स्वामी प्रकाशक सुनील कुमार मिश्रा द्वारा शुभ लाभ प्रिंटर्स मावली उदयपुर स्थानीय संपादक मो0 शरफे आलम बिहार, झारखण्ड मो0- 7764978689 - 8804707324

सह संपादक : उमेश कुमार, 96259 58256 दैनिक शुभ भास्कर, RNI UP HIN/ 2015/64737, पी आरबी एक्ट के तहत समाचार चयन हेतु जिम्मेदार सभी न्याय क्षेत्र उदयपुर राजस्थान होगा।